आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 5 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 138, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





ओलंपिक में एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज 13

अनुष्का ने ननद के पोस्ट पर दिया प्यार भरा रिएक्शन 14


## ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे की टनल में फंसे 8 मजदूर, बमुश्किल किया रेस्क्यू

ब्यूरो, देहरादून

- प्रदर्शनकारी ग्रामीणों द्वारा काम रुकवा देने से टनल में फंस गए थे मजदूर

**अमृत विचार :** प्रदर्शनकारी ग्रामीणों के ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का काम रुकवा देने से उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब निर्माणाधीन टनल में आठ श्रमिक अंदर फंस गए। इससे निर्माण एजेंसी एलएनटी के इंजीनियरों की सांस अटक गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद अंदर फंसे श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया।

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन के कार्य को लेकर आए दिन विवाद होता रहता है। रेलवे की कार्यप्रणाली को लेकर पास में ही स्थित रामपुर-कांडा ग्राम पंचायत के लोगों में खासी नाराजगी है। ग्रामीण लंबे समय से आंदोलन भी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है रेलवे द्वारा यहां ब्लॉटिंग की जा रही है। जिस वजह से उनके भवनों में दरार पड़ रही है। कई लोगों के घर जर्जर हो गए हैं। वहीं गांव के आसपास के स्रोत्र भी सूख गए हैं, जिससे क्षेत्र में पानी का संकट हो गया है। गुस्साए ग्रामीणों ने कांडा- रामपुर में रेलवे टनल का काम रुकवा दिया। एकाएक काम रुकने से उस वक्त टनल में अंदर काम कर रहे आठ मजदूर फंस गए। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मजदूरों को रेस्क्यू किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे विकास निगम, प्रशासन को कई बार समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन, आज तक उनकी मांगों को हल नहीं किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मांगों का समाधान नहीं होगा वे काम नहीं होने देंगे। इधर, रेलवे विकास निगम के प्रशासनिक अधिकारी श्याम दत्त जोशी का कहना है कि ग्रामीणों की मांगों के संबंध में प्रशासन को अवगत करा दिया गया है। सूचना पर नायब तहसीलदार कमल सिंह भी मौके पर पहुंच गए और घटना के बारे में जानकारी ली।

## खरीदना था 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं और खरीदा मात्र 554

ललित पांडे, हल्द्वानी

- सरकारी गेहूं खरीद में कुमाऊं पिछड़ा, कई एजेंसियां गेहूं का एक दाना तक नहीं खरीद सकीं



**अमृत विचार:** कुमाऊं में छह विभागों को 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला था लेकिन वह महज 554 मीट्रिक टन गेहूं ही खरीद पाए। यानि सरकारी खरीद में लक्ष्य की तुलना में महज 1.36 प्रतिशत ही गेहूं खरीदा जा सका। कई एजेंसियां गेहूं का एक दाना तक नहीं खरीद पाईं।

किसानों से गेहूं खरीदने में विभाग फिसड्डी साबित हो रहे हैं। कुमाऊं मंडल में खाद्य व सहकारिता विभाग के अलावा 4 अन्य एजेंसियों को 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदने के लक्ष्य दिया गया था। लेकिन लक्ष्य के विपरीत मात्र 554 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो पाई है। भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) और उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ को एक-एक हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य दिया गया था लेकिन ये गेहूं का एक दाना तक नहीं खरीद पाए। इसी तरह नेफेड व पीसीयू संस्था को 6-6 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला था पर ये भी एक दाना गेहूं नहीं खरीद पाए। हैरानी की बात है कि सिर्फ एनसीसीएफ ने गेहूं खरीदने के लिए तीन सेंटर बनाए, जबकि तीन अन्य एजेंसियों ने गेहूं खरीद के लिए एक सेंटर तक नहीं खोला था।

कुमाऊं मंडल में संभागीय खाद्य नियंत्रक (आरएफसी) ने गेहूं खरीदने के लिए कुल 12 व सहकारिता विभाग ने 46 सेंटर बनाए थे। खाद्य विभाग को छह हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य मिला था लेकिन वह केवल 101 मीट्रिक टन गेहूं खरीद पाया। विभाग ने लक्ष्य की तुलना में महज 1.70 प्रतिशत गेहूं खरीदा। इसी तरह, सहकारिता विभाग को 20 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य मिला था लेकिन वह 442 मीट्रिक टन यानि 2.21 प्रतिशत गेहूं खरीद पाया।

इधर, हल्द्वानी तहसील में भी आरएफसी ने पांच हजार कुंटल गेहूं खरीदने का लक्ष्य रखा था लेकिन यहां भी उसकी खरीद शून्य रही है। इस साल 1 अप्रैल से 30 जून के बीच गेहूं खरीदा गया। इस वर्ष सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2275 रुपये प्रति कुंटल तय किया था।

### बेचने की प्रक्रिया जटिल, कम एमएसपी से किसानों का मोहभंग

विभागों को गेहूं बेचने की प्रक्रिया जटिल होने व कम एमएसपी मिलने से किसान का मोहभंग हो रहा है। गौलापार के किसान दीवान सिंह ने बताया कि संभागीय खाद्य नियंत्रक (आरएफसी) को गेहूं बेचने के लिए तमाम तरह की प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। साथ ही, सरकारी खरीद में गेहूं की एमएसपी काफी कम है। सरकारी खरीद के लिए पहले राजस्व विभाग से खेतों का सत्यापन और खरीद केंद्र पर किसान को पंजीकरण कराना होता है। इसके बाद भुगतान में भी कुछ समय लग जाता है। इसके विपरीत निजी कंपनियां किसान के खेत से ही गेहूं खरीद लेती हैं और दाम भी बढ़ाकर देती हैं, इसलिए ज्यादातर किसान सरकारी खरीद सेंटरों की बजाय कंपनियों को अपना गेहूं बेचते हैं।






## हाथरस हादसे में 6 सेवादार गिरफ्तार

### गिरफ्तार सेवादारों में 2 महिलाएं शामिल, मुख्य आयोजक पर 1 लाख का इनाम

- सेवादारों का कबूलनामा, भोले बाबा की चरणरज लेने के लिए भीड़ को छोड़ा, जिसके बाद मची भगदड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मोर्चा संभालने के बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरुवार को 6 सेवादारों की गिरफ्तारी की।

इनमें सत्संग आयोजन समिति से जुड़े चार पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। वहीं, पुलिस ने मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में राम लडैते यादव (मैनपुरी), मंजू यादव (हाथरस), उपेंद्र सिंह यादव (फिरोजाबाद), मंजू देवी यादव (हाथरस), मेघ सिंह (हाथरस) और मुकेश कुमार (हाथरस) शामिल हैं। ये सभी सेवादार हैं। अभियुक्तों ने पूछताछ में कई बड़े खुलासे किए हैं।

उन्होंने श्रद्धालुओं को भोले बाबा के चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिसके बाद भगदड़ मच गई। हालात खराब देखकर ये सेवादार भाग निकले। मालूम हो कि सोमवार को घटी इस घटना में उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के कुल 121 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई थी, जिसमें अधिकांश महिलाएं शामिल हैं।

### आगरा में 17 शवों का किया गया अंतिम संस्कार, कई गांवों में नहीं जले चूल्हे



रहनकलां गांव पहुंचे केंद्रीय मंत्री बघेल ने परिजनों को बंधाया ढांढस।

**आगरा।** हाथरस में हुए मौत के सत्संग ने हर किसी को दहला दिया है। आगरा के ही 17 लोगों की हादसे में मौत हो गई और कई लोगों जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। अधिकांश शवों के अंतिम संस्कार कर दिए गए। कई गांवों में हादसे के बाद चूल्हे नहीं जले हैं। बुधवार को एत्मादपुर के रहनकलां में परिवारीजनों को ढांढस बंधाने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल और सपा नेता वीरेंद्र सिंह चौहान भी पहुंचे। आगरा में सर्वाधिक मौत एत्मादपुर क्षेत्र में हुई है। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि इस मामले में सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

### महिला-पुरुष सेवादारों को मिलती है कमांडो ड्रेस

कार्यक्रम के आयोजन के लिए इन लोगों को विभिन्न प्रकार की वर्दी दी गई है। भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा के लिए महिलाओं एवं पुरुषों को काले रंग की कमांडो ड्रेस व एकरूपता के लिए पिंक ड्रेस भी दी जाती है, जिससे वो भीड़ को अपने हिसाब से नियंत्रित कर सकें।

### भीड़ और चंदा इकट्ठा करना था सेवादारों का काम

अलीगढ़ मंडल के आईजी शलभ माथुर ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि वे आयोजन समिति के सदस्य हैं एवं सेवादार के रूप में कार्य करते हैं। इनका मुख्य कार्य सत्संग कमेटी में भीड़ इकट्ठा करना और चंदा इकट्ठा करना है। साथ ही ये बैरिकेटिंग द्वारा भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं को धूप व गर्मी से बचाने के लिए पंडाल की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर खड़ंजा, बिजली की आपूर्ति हेतु जेनरेटर की व्यवस्था, सफाई इत्यादि की व्यवस्था भी करते हैं।

### अनियंत्रित भीड़ को छोड़कर भाग निकले सेवादार

पूछताछ में यह जानकारी भी सामने आई कि बाबा के अनुयायियों में बाबा के बारे में काफी मान्यताएं हैं। बाबा के चरणरज से बहुत सारे संकट दूर हो जाते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया है कि हम लोग बाबा के काफिले को भीड़ के बीच से निकालने के लिए आगे व पीछे दौड़ते हैं। उस दिन भी बाबा की चरणरज के लिए भीड़ गाड़ी के पास आई तो सेवादारों ने भीड़ को रोका और जैसे ही काफिला आगे निकल गया तो सेवादारों ने भीड़ को चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिससे वहां पर महिलाएं व बच्चे एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे और अफरा-तफरी मच गई। यह देखकर सेवादार वहां से जल्दी निकल गए। विवेचना में यह भी प्रकाश में आया है कि यह लोग पुलिस प्रशासन को आयोजन की फोटो, वीडियो बनाने से रोकते थे एवं उनके साथ अभद्रता करते थे। पुलिस द्वारा ये भी विवेचना की जा रही है कि इन सेवादारों में से किसी के द्वारा कोई आपराधिक साजिश तो नहीं की गई है।

## शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार के साथ व्यवस्था विद्यार्थी केंद्रित हो : मुख्यमंत्री

ब्यूरो, देहरादून



- विद्यालयी शिक्षा की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार के साथ शिक्षा व्यवस्था को विद्यार्थी केंद्रित बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने और स्कूलों से बालिकाओं के ड्रॉप आउट को कम करने के लिए आवासीय छात्रावासों को और अधिक बढ़ावा दिया जाना चाहिए।


मुख्यमंत्री ने यह निर्देश सचिवालय में विद्यालयी शिक्षा की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा में व्यावसायिक आधारित शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा ट्रांसफर के सरलीकरण के लिए जो नीति बनाई जा रही है, कार्मिक विभाग के स्तर पर पूरा परीक्षण कर लिया जाए। राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के पूर्ण क्रियान्वयन किए जाएं। मुख्यमंत्री गौरवशाली भारत भ्रमण योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों और उत्कृष्ट शिक्षकों को प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और तकनीकी संस्थानों में भ्रमण कराने की व्यवस्था का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जाए। छात्र शैक्षिक भ्रमण योजना के तहत प्रत्येक ब्लॉक से 50 मेधावी भारत भ्रमण पर भेजे जाएंगे। जिसमें 50 प्रतिशत छात्राएं शामिल होंगी।

### दोनों मंडलों में बनाएं एक्सीलेंस सेंटर

तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में एक- एक एक्सीलेंस सेंटर बनाए जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकारी तकनीकी संस्थानों से पासआउट होने वाले छात्रों को अधिक से अधिक कैंपस प्लेसमेंट मिले। औद्योगिक संस्थानों की आवश्यकता के अनुरूप तकनीकी संस्थानों में आधुनिक कोर्स और आधुनिक उपकरणों की समुचित व्यवस्था की जाए।

### एक नजर

### आडवाणी को अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिली



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को गुरुवार शाम यहां अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गई। आडवाणी (96) को बुधवार को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### राजस्थान के कृषि मंत्री मीणा ने दिया इस्तीफा

**जयपुर।** राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। मीणा ने गुरुवार को कहा कि वह पहले सांसद भी रहे हैं और दौसा, सवाईमाधोपुर एवं करौली क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ थी लेकिन पार्टी को जीत नहीं दिला पाए। मैंने घोषणा की थी कि इन क्षेत्रों में मैं पार्टी को नहीं जिता पाया तो मंत्री पद छोड़ दूंगा।

## नीट-यूजी रद नहीं करने की सुप्रीम कोर्ट में अपील

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी में सफल हुए गुजरात के 50 से अधिक परीक्षार्थियों ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर केंद्र व एनटीए को पांच मई को हुई परीक्षा रद नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया।

उन्होंने शीर्ष अदालत से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को नीट-यूजी परीक्षा में पेपर लीक और नकल जैसी अनुचित गतिविधियों में शामिल छात्रों तथा अन्य लोगों की जांच व पहचान करने और कार्रवाई की भी मांग की है। गुजरात के 56 छात्रों ने यह याचिका ऐसे समय में दायर की है, जब कुछ ही दिन पहले मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है। याचिकाओं में दोबारा परीक्षा कराने और पहले हुई परीक्षा की जांच की मांग की है।

## रास्ते पर जलभराव में डूबने से दो वर्षीय बच्चे की मौत

संवाददाता, खटीमा



- खटीमा में पीड़ित परिवार के घर पहुंचे एसडीएम, ढांढस बंधाया

**अमृत विचार :** नानी के निधन पर मायके आई महिला के दो वर्षीय पुत्र की जलभराव वाले रास्ते में डूब कर मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बच्चे की मौत की सूचना पर एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट भी मौके पर पहुंचे। एसडीएम से रास्ते को बनवाने की मांग भी की।

पीलीभीत निवासी नीतू पत्नी गणेश विश्वास अपने तीन बच्चों के साथ अपनी नानी के निधन पर बंगाली कॉलोनी आई थी। घर जाने वाले रास्ते में बारिश के कारण काफी पानी भरा हुआ है। रास्ते से जाते हुए उसका दो वर्षीय पुत्र कपिल पानी में गिरकर डूब गया। उसे आनन-फानन में नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इधर. सूचना पर एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट, तहसीलदार हिमांशु जोशी, थानाध्यक्ष झनकईया ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली और परिवार को ढांढस बंधाया। ग्रामीणों का कहना है कि बंगाली कालोनी के पिछले हिस्से में रहने वाले परिवारों को जलभराव से गुजरना पड़ता है।

## बिहार के सारण में एक और पुल ढहा

**पटना।** बिहार के सारण जिले में गुरुवार को एक और पुल गिर गया जो राज्य में पिछले एक पखवाड़े में पुल ढहने की 10वीं घटना है।

जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि यह पिछले 24 घंटे के भीतर सारण में पुल ढहने की तीसरी घटना है। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष पूर्व स्थानीय प्रशासन द्वारा बनाया गया पुल गुरुवार सुबह गिर गया जिसमें किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। गंडकी नदी पर बनयपुर प्रखंड में बना यह छोटा पुल सारण के कई गांवों को पड़ोसी सिवान जिले से जोड़ता था। बुधवार को सारण जिले में जनता बाजार क्षेत्र और लहलादपुर क्षेत्र में दो छोटे पुल ढह गए थे।

## प्रधानमंत्री से मिली टीम इंडिया, मोदी बोले-शाबाश मेरे शेरों...




**नई दिल्ली।** टी-20 विश्वकप जीतने के बाद गुरुवार को सुबह स्वदेश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने प्रधानमंत्री को नमो वन की जर्सी भेंट की। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम के सदस्य टी-20 ट्रॉफी के साथ मोदी से जोश और उत्साह से मिले। प्रधानमंत्री ने टीम को भारत की झोली में एक और ट्रॉफी डालने के लिए शाबासी दी। खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट के अपने अनुभव साझा किए और हंसी मजाक करते दिखे।

## जनपदों में निजी पैथोलॉजी लैब्स की जांच करेंगे सीएमओ : रावत

ब्यूरो, देहरादून



स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत

- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अधिकारियों को दिए निर्देश
- कहा, जांच के नाम पर मरीजों के साथ नहीं होने देंगे खिलवाड़

**अमृत विचार :** राज्य में अवैध ढंग से चल रहे पैथोलॉजी सेंटरों पर शिकंजा कसा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे मानकों के विपरीत संचालित पैथोलॉजी सेंटरों के विरूद्ध कार्रवाई करें।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि पैथोलॉजी लैब में जांच के नाम पर मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए प्रदेश में निजी पैथोलॉजी लैब्स का सत्यापन कराया जाएगा। उन्हें विभिन्न माध्यमों से अवैध पैथोलॉजी लैब संचालन की शिकायतें मिली हैं। शिकायतकर्ताओं ने जिन तथ्यों को सामने रखा है वह मरीजों के स्वास्थ्य को लेकर बेहद चिंताजनक हैं। डॉ रावत ने बताया कि विशेषकर देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल व ऊधमसिंह नगर जनपद में बड़ी संख्या में अवैध रूप से पैथोलॉजी लैब व सेंटरों के संचालन की शिकायतें मिली हैं। जिनमें मानकों के अनुरूप टेक्नीकल स्टॉफ व डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं। यही नहीं ये निजी पैथोलॉजी लैब क्लीनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत भी पंजीकृत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अवैध पैथोलॉजी केंद्रों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ताकि मरीजों के रक्त जांच की प्रमाणिकता और गुणवत्ता को बनाए रखा जा सके।

## चिंता का सबब : मानसून शुरू होते ही दरकने लगे हैं पहाड़

नैनीताल कार्यालय

### ग्रीष्म सीजन में वाहनों के अत्यधिक दबाव व कंपन के भूगर्भीय अध्ययन की जरूरत



- तीन राजमार्गों पर दर्जनों स्थानों पर गिरे बोल्डर व मलबा

**अमृत विचार :** जर्जर होते पर्वत मानसून की शुरुआत में ही दरकने लगे हैं। गत वर्ष की तुलना में इस बार पहाड़ों से मलबा शुरुआती दौर में ही अधिक संख्या में आया है। नैनीताल को जोड़ने वाले वाले तीनों राज मार्गों पर दर्जनों जगहों पर बोल्डर व मलबा आने का क्रम कुछ दिनों से जारी है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

राज्य में 28 जून को मानसून ने दस्तक दे दी थी। तब से रोजाना बारिश का क्रम जारी है। हल्द्वानी, कालाढुंगी व भवाली मार्ग में तमाम जगहों पर निरंतर मलबा सड़कों पर आ रहा है। गंभीर बात है कि गत वर्षों की तुलना में इस बार मलबा काफी अधिक आ रहा है। मलबा आना स्वभाविक हो सकता है, लेकिन बोल्डरों का गिरना गंभीर है। बोल्डरों के ऊपर पहाड़ टिके होते हैं। इनके लगातार गिरने से पहाड़ों के मजबूती से टिके रह पाना मुश्किल हो जाता है और यह आपदा चिंता का बड़ा कारण है। जिसे लेकर चर्चा आम हो चली है। बोल्डरों के खिसकने का वैज्ञानिक कारणों का आज भी पुख्ता जानकारी का अभाव बना हुआ है। हालांकि माना जाता है कि जंगलों की आग पहाड़ों को कमजोर बना देती है। जिस कारण बरसात होते ही भूस्खलन होने लगता है। वहीं, ग्रीष्म सीजन में पहाड़ों में वाहनों का अत्यधिक दबाव भी अब बढ़ने लगा है, जिससे पहाड़ों से बोल्डरों व मलबा के गिरने का क्रम निरंतर बढ़ रहा है।

### अत्यधिक वाहनों का कंपन हो सकता है बड़ा कारण

पहाड़ों में आने वाले बड़ी संख्या में वाहनों के कारण पहाड़ों में कंपन होना स्वाभाविक है। नैनीताल में इस बार ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन के दौरान पिछले तीन माह के दौरान एक लाख से अधिक वाहन पहुंचे। इतनी बड़ी संख्या में आए वाहनों से अत्यधिक कंपन पहाड़ों को झेलना पड़ा है और जिस कारण इस बार बरसात शुरू होते ही मलबा के अलावा बोल्डर गिरने में वृद्धि होना संभव है।

### शोध के बाद ही पता चल सकेगा पहाड़ों के दरकने का कारण

डीएसबी परिसर के भूगर्भ विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो सीसी पंत कहते हैं कि पहाड़ों में आने वाले वाहनों से होने वाले कंपन का अभी तक भूगर्भीय दृष्टि से अध्यन नहीं हुआ है। जिस कारण वाहनों द्वारा कंपन से पहाड़ों को होने वाले नुकसान के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इस दिशा में शोध के बाद ही सही पता चल पाएगा। उन्होंने इस संदर्भ में शोध किए जाने की आवश्यकता जताई।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## सार-संक्षेप

### बैंक खाता सीडेड और डीबीटी नहीं होने से रुकी छात्रवृत्ति



**भीमताल :** वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति व अन्य पात्र छात्र-छात्राएं जिनका ऑनलाइन आवेदन पत्र जिला स्तर पर सत्यापित और स्वीकृत कर दिया गया है, किन्तु उनका बैंक खाता आधार सीडेड और डीबीटी नहीं है, उनकी छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिपांकर घिल्डियाल ने बताया कि ऐसे छात्रों की सूची ईटी सेल, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड देहरादून से ईमेल से प्रेषित की है। वहीं बताया कि ऐसे छात्र-छात्राएं जिनका एनएसपी पोर्टल पर स्टेटस वैरिफाई वाई डिस्ट्रिक्ट नोडल आफिसर दर्शा रहा है, वे छात्र और छात्रा अपना बैंक खाता एक सप्ताह के भीतर आधार से लिंक, सीडिंग डीबीटी करा लें।



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते ओखलकांडा के ग्रामीण। ● अमृत विचार

### समस्याओं के समाधान को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**भीमताल :** विकासखंड ओखलकांडा के ग्रामीण क्षेत्रों की महत्वपूर्ण मांगों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश चंद्र बौद्ध के नेतृत्व में ग्रामीणों का शिष्टमंडल उप जिलाधिकारी पारितोष वर्मा से मिला और मुख्यमंत्री को प्रेक्षित 13 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। ओखलकांडा ब्लॉक के अंतर्गत सभी प्राथमिक विद्यालयों एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने, प्राथमिक विद्यालय भूमका में विद्यार्थियों के सापेक्ष मानकों के तहत शिक्षकों की तैनाती करने, ओखलकांडा ब्लॉक के दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षकों के अभाव के कारण गांव से दूर जा रहे बच्चों को एस्कॉर्ट भत्ता दिए जाने समेत कई अन्य मांगों पर चिंतन करने और मांगों को पूर्ण किए जाने की मांग की।



अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते सामाजिक कार्यकर्ता पूरन वृजवासी व अन्य।

### मानसून में सुरक्षा और सुविधा दिलाने की मांग

**भीमताल :** मानसून में नुकसान से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय करने की मांग को लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भीमताल उदयवीर सिंह से सामाजिक कार्यकर्ता पूरन वृजवासी के नेतृत्व में शिष्टमंडल मिला और जलभराव, गधेरों का उफान, पहाड़ी से भूस्खलन, पत्थरों का गिरना आदि की घटनाओं पर रोकथाम व सुरक्षा की मांग की। नगर पालिका भीमताल के अंतर्गत 9 वार्डों की सुरक्षा, जंगलिया गांव पहाड़ी से लेकर वार्ड 3 नौल-बिजरौली क्षेत्र आईटीआई मार्ग नौकुचियाताल पर्यटन सड़क तक निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। अधिशासी अधिकारी ने सकारात्मक आश्वासन दिया।



भवाली में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ की मंडल स्तरीय बैठक में मौजूद कार्यकर्ता।

### आपराधिक न्याय प्रणाली में बदलाव से मिलेगा लाभ

**भवाली :** भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ नैनीताल की मंडल स्तरीय बैठक में जिला सह संयोजक हितेश साह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में जो बदलाव किया है, उससे ताकतवर अपराधियों की बजाए अब गरीब, कमजोर, महिलाओं और बच्चों को समुचित न्याय मिलेगा। तकनीक के इस दौर में टेक्निकल एविडेंस को मान्यता मिलने से पुलिस को भी अपराधियों को सजा दिलाने में मदद मिलेगी। बैठक में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ की ओर से मंडल के विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से गोष्ठियां आयोजित कर जनजागरूकता अभियान चलाकर आमजन को नए कानूनों के बारे में अवगत कराने की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में सुनील कुमार भट्ट, हर्षित जोशी, रीतेश भट्ट, गणेश आर्य, रोहित कुमार, जितेन्द्र सिंह, मनमोहन रावत आदि मौजूद रहे।



विकासखंड में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ब्लाक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट।

### वर्षा काल में सतर्क रहें पंचायत प्रतिनिधि व अधिकारी

**भीमताल :** जनसंवाद दिवस मे ब्लॉक प्रमुख भीमताल डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने समस्याओं को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। मानसून में पंचायत प्रतिनिधियों को सतर्क रहने, ग्रामीण निर्माण विभाग को निर्माणाधीन ब्लॉक भवन का अवशेष कार्य 10 दिन मे पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनसंवाद दिवस में राशन कार्ड, जल जीवन मिशन, विद्युत, कृषि सहित अनेकों समस्याएं रहीं। प्रधान बानना ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत प्राथमिक विद्यालयों को वंचित रखा है। प्रमुख ने विभागीय अधिकारियों को सभी विद्यालयों में पेयजल व विद्युत का निस्तारण करने के निर्देश दिए। किसी भी तरह की समस्या आने पर ब्लॉक कार्यालय व आपदा कंट्रोल रूम को सूचना देने की अपील की। इस दौरान कमलेश आर्य, ईश्वरी दत्त, प्रेम कुल्याल, पूर्व प्रधान नवीन बेलवाल, दिनेश सुयाल, नवीन क्वीरा, हरीश पडियार बीडीओ जगदीश चंद्र पंत, एडीओ पंचायत कैलाश गोस्वामी, एलडी आर्य, उत्तम नाथ गोस्वामी सहित ग्रामीण विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पर्यटकों को नए आपराधिक कानून की जानकारी दी

**नैनीताल :** देश में एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो चुके हैं, जिसको लेकर तल्लीताल पुलिस लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार को नैनीताल में तल्लीताल पुलिस की ओर से तल्लीताल डांठ में पर्यटकों के साथ गोष्ठी की गई। इस दौरान पुलिस की ओर से पर्यटकों को नए कानून की जानकारी दी गई। बता दें कि देश में एक जुलाई सोमवार से नया कानून लागू हो चुका है, जिसको लेकर पुलिस की ओर से लगातार लोगों को इनकी जानकारी दी जा रही है। साथ ही लागों से नए कानून को पढ़ने व समझने की अपील की है। इसी क्रम में गुरुवार को भी तल्लीताल पुलिस की एसआई भावना बिष्ट की ओर से तल्लीताल व डाठ में पर्यटकों को नए आपराधिक कानून की जानकारी दी गई। पुलिस की ओर से भी अब नए कानून के तहत ही कार्रवाई की जा रही है। कहा कि लोगों को नऐ कानून की जानकारी रखनी चाहिए। इस दौरान पर्यटकों ने भी पुलिस से कई सवाल भी पूछे।

---

विधायक राम सिंह कैड़ा ने दिया मार्ग में टाइल लगाने और नाली के चौड़ीकरण का आश्वासन, पूर्व मंडल अध्यक्ष ने उठाया था मामला

# भीमताल की ब्लॉक रोड को जल भराव की समस्या से मिलेगी निजात

**खबर का असर**

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** नगर में एक बार फिर अमृत विचार में प्रकाशित समस्या प्रधान खबर का असर देखने को मिला है। भीमताल की ब्लॉक रोड को जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी।

कुछ दिन पूर्व अमृत विचार अखबार ने ब्लॉक रोड में जल भराव की समस्या की खबर को पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, व्यापारी भाष्कर भगवाल, पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी और भाजपा नेत्री



नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशों के बावजूद अब तक नहीं खोले गए कलमठ और नालियां, शुरू हो चुका है मानसून

नगर पालिका और लोनिवि को बरसात में तबाही का इंतजार

शिप्रा जोशी के हवाले से प्रकाशित किया था।

क्षेत्र के विधायक राम सिंह कैड़ा ने जनहित से जुड़ी समस्या का संज्ञान लेते हुए क्षेत्र की जनता को समस्या के निदान का आश्वासन दिया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट ने बताया कि खबर छपने के बाद विधायक की अध्यक्षता में विकास भवन में समस्याओं के निदान के लिए आयोजित बैठक में उन्होंने स्थानीय जनता की समस्या से विधायक को अवगत कराया था, जिस पर विधायक राम सिंह केड़ा ने अवगत कराया कि समस्या के निदान के लिए बरसात के बाद



ब्लॉक रोड में जल भराव के दौरान निकलते वाहन।

भीमताल चौराहे से रामलीला मंच के पास तक टाइल्स निर्माण एवं नाली चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

हल्की बरसात में ब्लॉक रोड में जल भराव हो जाता है जिस कारण व्यापारियों, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं व राहगीरों का ब्लॉक रोड पर चलना दुस्वार हो जाता है। दूसरी तरफ कीचड़ के चलते कई दिनों तक गंभीर समस्या बनी रहती है।



ब्लाक रोड़ में जल भराव की समस्या इतनी गंभीर है कि थोड़ी सी बरसात होने पर क्षेत्रवासियों की चिंता बढ़ जाती है। व्यापारी, आम आदमी, पढ़ने वाले बच्चे सभी का इस मार्ग से गुजरना मुश्किल हो जाता है। विधायक का आभार कि समस्या का समाधान कर दिया।
**-मनोज भट्ट**, पूर्व मंडल अध्यक्ष, भाजपा

---

# वैज्ञानिक तरीके से निकाली जाएगी भीमताल और नैनीझील की सिल्ट

## राज्यपाल ने सिंचाई विभाग को दिए डीपीआर बनाने के निर्देश, 15 से होगा सर्वेक्षण का कार्य

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीझील एवं भीमताल झील में वर्षों से जमा सिल्ट को प्रोफेशनल एवं वैज्ञानिक विधि से निकाले जाने के लिए राज्यपाल जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह की ओर से सिंचाई विभाग को डीपीआर तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

झीलों में सिल्ट की मात्रा के सही आकलन किए जाने के लिए बैथी मैट्रिक सर्वे की आवश्यकता होती है, इसलिए राष्ट्रीय जल सर्वेक्षण टीम नैनीझील में बैथी मेट्रिक सर्वे करेगी। पूर्व में भारतीय जल सर्वेक्षण टीम की ओर नैनीझील का स्थलीय निरीक्षण कर लिया गया है। प्रारम्भिक डाटा सिंचाई विभाग एवं नगर पालिका को दे दिया गया है।

अब लगभग 15 जुलाई से नैनीझील में बैथी मैट्रिक सर्वेक्षण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ही प्रोफेशनल एवं वैज्ञानिक विधि से झील में जमा सिल्ट को निकाले जाने के लिए डीपीआर गठित की जाएगी। साथ ही भीमताल झील में भी बैथी मैट्रिक सर्वेक्षण का काम भारतीय जल सर्वेक्षण की ओर से करवाने का प्रयास किया जाएगा।



**आठ साल पहले हुई थी नैनी झील की सफाई**

वर्ष 2016 में झील का जलस्तर निम्न स्तर पर पहुंच गया था। उस समय लोनिवि ने झील के नक्शे के आधार पर झील की सफाई करवाई थी। जिसमें हजारों घन मीटर मलबा जेसीबी मशीनों के माध्यम से निकाला गया था।

राज्यपाल की ओर से नैनी झील की सफाई के आदेश मिले हैं, जिसमें भारतीय जल सर्वेक्षण की ओर से 15 जुलाई से बैथी मैट्रिक सर्वेक्षण का काम किया जाएगा, जिसके आधार पर विभाग प्रस्ताव गठित करेगा।
**-अनिल कुमार वर्मा**, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग

**2017 से पहले नैनी झील की देखरेख का जिम्मा लेनिवि का था**

वर्ष 2017 से पहले नैनी झील के रखरखाव की जिम्मेदारी लोनिवि की हुआ करती थी लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के आदेश के बाद नैनी झील और नालों के रखरखाव का काम सिंचाई विभाग को सौंप दिया गया, जिसके बाद सिंचाई विभाग की ओर से नैनी झील का रखरखाव किया जाता है।

---

# घरों से कूड़ा नहीं उठने पर कई जगह लगा ढेर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन लगभग अंतिम चरण में है, जिसके चलते हर रोज हजारों की संख्या में देश के अलग-अलग कोनों से सैलानी नैनीताल घूमने आ रहे हैं ऐसे में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कूड़े का अंबार लगा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों सहित सैलानियों को भी नाक में रुमाल रख निकलना पड़ रहा है।

हालांकि पालिका की ओर से जगह जगह कूड़ेदान रखे गए हैं, लेकिन उनके भर जाने के बाद अब कूड़ा बाहर फेंका जा रहा है और आवारा जानवर उसको पूरे क्षेत्र में फैला रहे हैं जिससे दुर्गंध के साथ साथ दोपहिया वाहनों को दुर्घटना का भय बना हुआ है।

वहीं पालिका का कहना है कि कूड़ा गाड़ियों के खराब होने के चलते कूड़ा नहीं उठ पा रहा है, हालांकि सफाई कर्मचारी अपने कार्य का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन नहीं होने से स्थिति विकराल हो चुकी है।



नैनीताल में सात नम्बर क्षेत्र में कूड़ेदान के बाहर फैले कूड़े को खाते पशु। ● अमृत विचार

**परेशानी**

- स्थानीय लोग व सैलानी नाक पर रुमाल रखकर निकल रहे
- खुले में फेंके गए कूड़े को आवारा जानवर पूरे क्षेत्र में फैला रहे

**डोर टू डोर कलेक्शन भी नहीं हो रहा**

डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए पालिका ने टेंडर दिया है लेकिन उसके बावजूद दो माह से घरों से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है, जिसके चलते जगह-जगह कूड़े का ढेर लग रहा है। वहीं घरों से कूड़ा नहीं उठाए जाने के बाद अब लोगों ने मजबूरी में कूड़ा जंगलों में फेंकना शुरू कर दिया है जो कि अब बरसात के दौरान नालों के जरिये झील में समाने लगा है। वहीं व्यापारियों का कहना है कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए उनके द्वारा पालिका को शुल्क दिया जा रहा है उसके बावजूद उनके प्रतिष्ठानों से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है।

---

# शिप्रा नदी में एकत्र मलबा निकाला जाए : एसडीएम

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर स्थित गरमपानी-खैरना बाजार क्षेत्र के ठीक पीछे बहने वाली शिप्रा नदी पर कई स्थानों पर इकठ्ठा मलबे के निस्तारण को उपजिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने नदी का रुख आबादी की ओर न हो इसके लिए मलबे के निस्तारण को जरूरी बताया।

बीते चार वर्ष पूर्व नदी के उफान में आने पर लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। तीन आवासीय भवन जमींदोज हो गए जबकि कई मकानों को नदी के वेग ने भारी नुकसान पहुंचाया। अब बरसात शुरू होने के साथ ही खतरा एक बार फिर बढ़ गया है हालांकि नदी क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा कार्य भी किए जा चुके हैं बावजूद नदी क्षेत्र के बीचोंबीच कई स्थानों पर मलबा इकठ्ठा होने से खतरा बना हुआ है। श्री कैंची धाम तहसील मुख्यालय में उपजिलाधिकारी विपिन चंद्र पंत ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों साथ बैठक कर अधिकारियों को समय रहते नदी के बीचोंबीच इकठ्ठा मलबे के निस्तारण को निर्देशित किया। इस दौरान सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता आरके आर्या, अपर सहायक अभियंता राकेश मोहन, नीरज तिवारी आदि मौजूद रहे।

---

# नियमितीकरण के लिए दूसरे दिन भी प्रदर्शन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नियमितीकरण की मांग को लेकर संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम का गुरुवार को दूसरे दिन भी निगम मुख्यालय में धरना जारी रहा।

महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि कर्मचारियों ने आंदोलन शुरू करने से पूर्व पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ ली। पौधरोपण किया। दिनेश गुरुरानी ने आश्चर्य प्रकट किया कि महासंघ की ओर से मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र जिसमें लंबे समय से दोनों निगम में कार्यरत संविदा, दैनिक, समान कार्य का समान वेतन के कर्मचारियों को नियमित करने के लिए निवेदन किया गया



नैनीताल में नियमितीकरण की मांग को लेकर धरना देते कर्मचारी। ● अमृत विचार

था लेकिन सरकार की ओर से वार्ता के माध्यम से कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं का समाधान नहीं किया गया।

कहा कि सरकार की आंदोलन के लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए। मुख्यमंत्री को इसका संज्ञान लेते हुए शीघ्र शासन स्तर पर वार्ता के माध्यम से नियमितीकरण की कार्रवाई की जाए। जिस पर सरकार द्वारा पूर्व में घोषणा की गई है।

वहीं राज्य में रचनात्मक व सकारात्मक कार्य होंगे। आंदोलन नहीं होंगे। इस दौरान कंचन चंदोला, रमेश कपकोटी, पीतांबर दुमका, गौतम कुमार, वेद प्रकाश, बलवंत सिंह, पदम सिंह, नरेंद्र थापा, संतोष बिष्ट, भूपेंद्र सिंह, भगवान सिंह, महेश कुमार, महेंद्र चंद आदि मौजूद रहे।

---

# हॉटमिक्स प्लांट को हटाने के लिए व्यापारी लामबंद

संवाददाता, गरमपानी

**विरोध**

- जिम्मेदार अफसरों पर लगाया मनमानी का आरोप
- सरकार के अतिक्रमण हटाने के अभियान को भी खुली चुनौती

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर छड़ा बाजार के समीप अतिक्रमण कर स्थापित किए गए हाटमिक्स प्लांट से दुर्घटना का खतरा बढ़ता ही जा रहा है बावजूद जिम्मेदार अफसर अनदेखी पर आमादा है। सरकार के अतिक्रमण हटाए जाने के अभियान को भी खुली चुनौती दी जा रही है।

प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े पदाधिकारियों ने हाटमिक्स प्लांट को तत्काल हटाए जाने की मांग उठाई है। चेतावनी दी है की यदि अनदेखी की गई तो फिर आंदोलन की तैयारी की जाएगी। व्यापारियों ने अतिक्रमण करने वालों पर भी कानूनी कार्रवाई पर जोर दिया है। प्रदेश सरकार सरकारी जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त करने को तेजी से अभियान चला रही है पर हाईवे पर छड़ा गांव के समीप कोसी नदी के बहाव क्षेत्र में बने हॉटमिक्स प्लांट से सरकार को खुली चुनौती दी जा रही हैं। एनएच विभाग के अफसर भी अनदेखी पर आमादा है जबकि अतिक्रमणकारियों ने हाईवे तक को चपेट में ले लिया है। गरीबों के आशियाने ध्वस्त करने वाला एनएच विभाग ने यहां अतिक्रमणकारियों को खुली छूट दे रखी है। हाईवे पर अवैध अतिक्रमण कर स्थापित प्लांट को हटाने को लेकर व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन से जुड़े विरेन्द्र सिंह, मनोज सिंह बिष्ट, कृपाल सिंह, मनीष तिवारी, गजेन्द्र सिंह, गोविन्द सिंह, संजय सिंह बिष्ट, महेंद्र सिंह बिष्ट ने हॉटमिक्स प्लांट को तत्काल हटाए जाने की पुरजोर मांग उठाई है।

---

## राज्य मेला घोषित होना चाहिए हरेला मेला

**भीमताल :** भीमताल में हरेला मेले का आयोजन दशकों से होता आया है। अब इसको राज्य मेले का दर्जा मिलना चाहिए। यह मांग भाजपा कार्यकर्ता अखिलेश सेमवाल ने गुरुवार को खुटानी में पत्रकारों से वार्ता कर की। अवगत कराया कि मेले ने कुछ समय में ही एक विशेष पहचान बना ली है। अब यह मेला केवल भीमताल तक सीमित नहीं है। इसने आसपास के कई क्षेत्रों को अपने में सम्मिलित कर लिया है। बताया कि राज्य मेले का दर्जा मिलने के बाद मेले में सुविधाओं की बढ़ोत्तरी होगी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूरे देश के दल प्रतिभाग करेंगे। वहीं बताया कि शीघ्र ही इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिला जाएगा और क्षेत्र की जनता की भावनाओं को अवगत कराते हुए राज्य मेले का दर्जा देने की मांग की जाएगी।



---

# पांच माह से विद्युत बिल न मिलने से उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, गरमपानी

**नाराजगी**

- विद्युत विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप
- लगातार मांग उठाए जाने के बावजूद नहीं हो रही सुनवाई

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग के लापरवाह रवैए से तमाम गांवों के बाशिंदों में गहरा रोष व्याप्त है। पांच महीने से भी अधिक समय से बिजली के बिल न मिलने से लोगों में नाराजगी है। आरोप लगाया की बिल उपलब्ध नहीं कराए जा रहे फिर एक साथ भुगतान करने को दबाव बनाया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रत्येक महीने बिल उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई है। एसडीओ मनोज तिवारी के अनुसार बिल वितरण क्यों नहीं हुआ जानकारी जुटाई जाएगी।

बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों में पांच महीने से विद्युत बिलों का वितरण नहीं हो सका है। बिल उपलब्ध न होने से उपभोक्ता परेशान है। अब एक साथ पांच महीने का बिल भुगतान की चिंता भी सताने लगी है। थुआ ब्लॉक ताड़ीखेत, छड़ा व लोहाली आदि गांवों में उपभोक्ता विद्युत बिलों का इंतजार करते करते थक चुके हैं। गरमपानी स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय से भी सही जानकारी न मिलने से गांवों का पारा चढ़ गया है। थुआ ब्लाक ताड़ीखेत के हरीश चंद्र, जगदीश लाल, सुरेश चंद्र, पुष्पा देवी, विमला देवी, गीता देवी तथा छडा. गांव के चंदन सिंह, विरेन्द्र सिंह, लोहाली के पूर्व बीडीसी प्रतिनिधि पूरन चंद्र ने लंबे समय से विद्युत बिल उपलब्ध न हो पाने पर रोष जताया है। आरोप लगाया की बिल उपलब्ध न कराकर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है।

---

## प्राधिकरण ने अवैध निर्माण ध्वस्त किया

**नैनीताल :** नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में गुरुवार को प्राधिकरण ने अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया। अभियान के तहत प्राधिकरण की टीम ने तल्लीताल क्षेत्र में निरीक्षण किया। इस दौरान वहां चल रहे अवैध निर्माण को रोका गया। प्राधिकरण के सचिव विजयनाथ शुक्ल ने बताया कि तल्लीताल बूचड़खाना क्षेत्र में मो. कामिल की ओर से अनाधिकृत निर्माण किया जा रहा था। बताया कि प्राधिकरण में मार्च में वाद दर्ज किया गया था।

वाद की कार्यवाही के बाद भी चोरी छिपे निर्माण कार्य किये जाने पर निर्माण को अप्रैल में सीलबंद किया गया था। विपक्षी की ओर से फिर चोरी से रात में विगत दो दिन से निर्माण किया जा रहा था, जिसको गुरुवार को ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही निर्माण सील बंद कर दिया गया है। पुलिस बल के साथ अवर सहायक अभियंता हेम उपाध्याय व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## आज का मौसम

आंधियों के साथ मूसलाधार बारिश और बिजली की चमक।

28.0⁰ अधिकतम तापमान | 25.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.18 | सूर्यास्त 07.15

## एक नजर

### आज भी बंद रहेंगे स्कूल

**हल्द्वानी :** मौसम विभाग ने शुक्रवार और शनिवार को जिले में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसको देखते हुए डीएम वंदना ने आज शुक्रवार को सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, निजी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे।

### फुटकुआं व फूलचौड़ में आज गुल रहेगी बिजली

**हल्द्वानी :** विद्युत वितरण खंड ग्रामीण ने उपखंड टीपीनगर के अंतर्गत पेड़ों की कटाई-छटाई के लिए शुक्रवार को शटडाउन प्रस्तावित किया है। इसके चलते फुटकुआं और फूलचौड़ क्षेत्र में 8 घंटे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता डीडी पांगती ने बताया कि गन्ना सेंटर, बेलबाबा, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, धनपुरी, संगम विहार और पंचायत घर आदि फीडरों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी।

### 18 से 24 जुलाई तक होंगी सुधार परीक्षाएं

**हल्द्वानी :** जनपद के सभी राजकीय विद्यालयों की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट कक्षा की सुधार परीक्षा 18 से 24 जुलाई तक होगी। विद्यार्थी 9 से 24 जुलाई तक अपने प्रवेश पत्र, विद्यालय और डेस्क स्लिप, उपस्थिति पत्रक और परीक्षा केंद्र की नामावली की जानकारी परीक्षा केंद्र के पोर्टल से ले सकेंगे। वहीं विद्यार्थियों के संख्यात्मक विवरण मूल्यांकन परीक्षा केंद्रों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### 18 परिवारों को दिया घर खाली करने का नोटिस

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र के चार्टन लॉज में भूस्खलन के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र के 18 परिवारों को घर खाली करने का नोटिस दिया है। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद खतरे की जद में आ रहे 18 परिवारों को सुरक्षा के मद्देनजर घर खाली करने का नोटिस दिया गया है। इन सभी परिवारों को अपने रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। प्रशासन ने जिन लोगों को नोटिस दिया है उनमें चन्द्रशेखर, कैलाश चन्द्र मिश्रा, पासंग डोमा, भरत कापड़ी, रमेश सिंह धामी, मंगल सिंह बिष्ट, मोईनुद्दीन, सैफउद्दीन, आसिफ अली, किशन सिंह, मोना, बिलाल, कमल सिंह, शिवप्रसाद, गिरीश कुमार, मुख्तार अली, बंसती देवी, मेहंदी हसन, आसिम आदि शामिल हैं।

### काठगोदाम से किशोरी लापता

**हल्द्वानी :** काठगोदाम निवासी एक महिला ने काठगोदाम पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी 16 वर्ष की बेटी बिना बताए घर से कहीं चली गई है। उसकी हर जगह ढूंढ खोज की गई, लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



हैड़ाखान मोटर मार्ग का हाल, कुछ दिन पूर्व बारिश के दौरान यहां पर हुआ था भूस्खलन। ● अमृत विचार



तिकोनिया चौराहे के पास वर्कशॉप लाइन में सड़क धंसने के बाद चल रहा खुदाई का कार्य। ● अमृत विचार

# हैड़ाखान मार्ग पर दलदल, मुश्किल में मुसाफिरों की जान

## काठगोदाम से तीन किलोमीटर दूर फिर शुरू हुआ भूस्खलन, गिरते मलबे के बीच आवाजाही को मजबूर हैं लोग, लोनिवि ने मलबा हटाने को तैनात की एक जेसीबी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वर्ष 2022 में खाई में समाया हैड़ाखान मोटर मार्ग फिर नहीं बन पाया। करीब एक सप्ताह पहले शुरू हुई बरसात से सड़क पर एक बार फिर भू-स्खलन शुरू हो गया है। मार्ग लगभग दलदल में तब्दील हो चुका है और इन्हीं खतरों के बीच मुसाफिर आवाजाही कर रहे हैं। खास बात यह है कि यहां लोगों की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। केवल एक जेसीबी को मलबा हटाने के लिए तैनात किया गया है। ग्रामीणों एक दूसरे कच्चे मार्ग का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन अब इस पर भी मलबा गिर रहा है।

हैड़ाखान मार्ग पर काठगोदाम से करीब तीन किलोमीटर दूर नवंबर 2022 में जब भू-स्खलन हुआ था, तब प्रशासन ने आवाजाही के लिए कच्चे मार्ग का निर्माण किया था। यह मोटर मार्ग भौर्सा, रौसिल, पंगोट, खनस्यू, हैड़ाखान, पसौली, गुमाल गांव, पानिया महतर, पानिया बोर समेत कई गांवों की आवाजाही का एकमात्र माध्यम है। यहां से प्रतिदिन सैकड़ों किसान अपनी फसल, दूध व अन्य उपज लेकर हल्द्वानी मंडी आते हैं। वर्तमान में मार्ग में फिर से भू-स्खलन होने लगा है। पहाड़ से लगातार मलबा कच्चे मार्ग पर आ रहा है। बीते दिन हुई बारिश के बाद कच्चे मार्ग पर गिरा मलबा कीचड़ में तब्दील हो गया है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। चार पहिया वाहनों का गुजरना लगभग बंद हो चुका है। ग्रामीण हर्षित बिष्ट ने बताया कि शाम होने से पहले मार्ग पर आवाजाही कर लेते हैं। शाम होने के बाद मार्ग से गुजरना खतरे से कम नहीं है।

इधर, लोक निर्माण विभाग ने हैड़ाखान मोटर मार्ग के एक छोर पर जेसीबी खड़ी की है, लेकिन मलबा हटाने का कार्य ठप पड़ा है। चिंता की बात है कि मानसून की अभी पहली बारिश हुई है और मार्ग पर भू-स्खलन शुरू हो गया है।

**01** सप्ताह पहले शुरू हुई बरसात से सड़क पर हुआ भू-स्खलन, मौके पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं

**03** किलोमीटर की दूरी पर नवंबर 2022 में हुआ था भू-स्खलन, तब कच्चे मार्ग का किया था निर्माण



हैड़ाखान मोटर मार्ग में कच्चे रास्ते से आवाजाही करते लोग। ● अमृत विचार

> हैड़ाखान मार्ग पर जेसीबी को खड़ा किया गया है। भूस्खलन होने की जानकारी मिली है। शीघ्र ही मलबा हटाना शुरू कर दिया जाएगा।
> **- मनोज पांडे**, ईई लोनिवि भीमताल

### वन विभाग में अटका नई सड़क का मामला

**हल्द्वानी :** हैड़ाखान मोटर मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्से पर सड़क नहीं बनाई जा सकती है। पूर्व में लोक निर्माण विभाग ने सर्वे कराया था, जिसमें पता चला कि पहाड़ी पूरी तरह से कमजोर हो चुकी है। नवंबर 2022 से पहले ही इस मार्ग पर भू-स्खलन होने लगा था, मगर उस दौरान भूकंन आने की वजह से भू-स्खलन और बढ़ गया। वर्तमान में क्षतिग्रस्त हिस्से के पास से नई सड़क बनाने की योजना है, लेकिन वन भूमि होने के कारण प्रस्ताव वन विभाग में अटका हुआ है। बताया जाता है कि वन विभाग ने लोनिवि के पहले प्रस्ताव को सिरे से नकार दिया था। इसके बाद लोनिवि ने दूसरा प्रस्ताव बनाकर भेजा है, जो वर्तमान तक वन विभाग के पास अटका पड़ा है। प्रस्ताव पास होते ही सड़क का निर्माण शुरू कर दिया जायेगा।

### धंसी सड़कों की जेसीबी से खुदाई शुरू

**हल्द्वानी :** तिकोनिया से लेकर रेलवे स्टेशन तक बनाई गई सड़क में पहली बारिश में दो जगह भू-धंसाव हो गया। जिससे लोनिवि की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। तिकोनिया के पास भूमिगत नहर की वजह से भू-धंसाव हुआ है। बारिश के दौरान नहर की एक दीवार धंस गई थी। वहीं तिकोनिया में सिंचाई विभाग अब नहर को ठीक करने के लिए जेसीबी के साथ जुटा हुआ है। जेसीबी की मदद से सड़क पर बड़ा गड्ढा किया है। वहीं, रेलवे स्टेशन के पास भी सड़क में गड्ढा हो गया है। जिस स्थान पर गड्ढा हुआ है वहां नीचे सीवर लाइन है। अब इस हिस्से को भी खोदा जा रहा है। इधर, सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ला ने तिकोनिया के पास धंसी सड़क का निरीक्षण किया और मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पुरानी फीडर नहर को चिन्हित कर निशान लगाए जाएं। साथ ही उन्होंने विभागीय अभियंताओं को प्रस्ताव तैयार कर हर दिन प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता एमके खरे, ईई बीसी नैनवाल, एई एनसी पांडेय, कैलाश बिष्ट समेत कई लोग मौजूद रहे।

### बारिश से जिले में 14 मार्ग अब भी बंद

**हल्द्वानी :** नैनीताल जिले में मलबा आने के कारण 14 मार्ग अभी भी बंद हैं। जिन्हें जेसीबी की मदद से खुलवाने का काम तेजी से चल रहा है। जिले में भौर्सा-पिनरो, देवीपुरा-सौड, खनस्यू-सिखाकोटी, खनस्यू-रिखाकोटी, भंडारपानी-पाटकोट मार्ग बंद हैं। वहीं हरीशताल मोटर मार्ग, फतेहपुर से बेल, मल्यूटी मोटर मार्ग, देचौरी से देगांव, फतेहपुर से पीपल अडिया मार्ग पर भी आवागमन बंद है। इसके अलावा भीड़ापानी-खुजेठी पतलिया, तल्लीपाली-मल्लीपाली, चमडिया-छ्योडी और सिमलखां-सकदिना मार्ग बंद हैं, जिन्हें खुलवाने का कार्य चल रहा है।

### नैनीताल में बारिश से लुढ़का पारा

**नैनीताल :** जिले में भारी बारिश के अलर्ट के मद्देनजर प्रशासन ने गुरुवार को सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया था, लेकिन नगर में दिनभर धूप और छांव का खेल चलता रहा। कई बार बारिश का मौसम बना, लेकिन बारिश नहीं हुई। बुधवार से गुरुवार सुबह तक 24 घंटे में नगर में करीब 25 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। गुरुवार को नगर का अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहा।

### हनुमानगढ़ी से तीन मूर्ति तक गिर रहा मलबा

**नैनीताल :** नैनीताल में हनुमानगढ़ी से तीन मूर्ति तक पहाड़ी से लगातार पत्थर और मलबा गिर रहा है। करीब एक सप्ताह पूर्व क्षेत्र में पहाड़ी के नीचे खड़ी कार के ऊपर पत्थर गिर गये थे, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके बाद तल्लीताल पुलिस ने क्षेत्र में मुनादी कर लोगों से वाहन खड़े न करने की अपील की। क्षेत्र को संवेदनशील मानते हुए एनएच ने एक जेसीबी भी तैनात की है। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि क्षेत्र में पत्थर व मलबा गिरने के डर से लोगों को वाहन पार्क नहीं करने दिए जा रहे हैं।

# हनुमानगढ़ी धाम पहुंचे तहसीलदार

**खबर का असर**

संवाददाता, हल्द्वानी

**निरीक्षण**

- जमीन दरकने और क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों का लिया जायजा
- विधायक सुमित हृदयेश ने लिया खबर का संज्ञान, दिए निर्देश

**अमृत विचार :** काठगोदाम स्थित हनुमानगढ़ी धाम में बारिश के बाद जमीन दरकने और पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने का गुरुवार को तहसीलदार सचिन कुमार ने जायजा लिया। अमृत विचार में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए विधायक सुमित हृदयेश ने इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।

हनुमानगढ़ी धाम काफी पुराना है। मंदिर पहाड़ के पास स्थित है और आध्यात्म के साथ ही प्राकृतिक सौंदर्य भी यहां भक्तों को मिलता है। इन दिनों हो रही भारी बारिश की वजह से मंदिर की गौला नदी से सटी जमीन दरक रही है। साथ ही पेयजल लाइन भी टूट गई है। मंदिर के पुजारी शंभू गिरी महाराज ने बताया कि मंदिर की सफाई करने के लिए भी पानी बाहर से ढोकर लाना पड़ रहा है।

अमृत विचार ने इस खबर को गुरुवार के अंक में प्रकाशित किया। जिसका विधायक सुमित हृदयेश ने संज्ञान लिया और तुरंत तहसीलदार सचिन कुमार को मंदिर में जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिये। तहसीलदार ने बताया कि जल संस्थान को पेयजल लाइन सही करने के लिए कहा गया है। साथ ही मंदिर की दरक रही जमीन के संबंध में शीघ्र संबंधित विभाग के अधिकारियों से वार्ता की जाएगी।



देवीधूरा-बसानी मोटर मार्ग में क्षतिग्रस्त सड़क। ● अमृत विचार

# देवीधूरा-बसानी मोटर मार्ग पर टूटी सड़क, खतरा बढ़ा

संवाददाता, नैनीताल

**बारिश से आफत**

- कई स्थानों पर पहाड़ी से सड़क पर गिर रहा मलबा
- पीएमजीएसवाई ने पहाड़ी काटकर खोला मार्ग

**अमृत विचार :** बारिश के कारण देवीधूरा-बसानी मोटर मार्ग में पापड़ी से पहले सड़क टूट गई। जिससे मार्ग में बड़े वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। पीएमजीएसवाई ने पोकलैंड से पहाड़ी काटकर सड़क चौड़ी कर आवाजाही सुचारू कर दी है। वहीं मार्ग में कई स्थानों पर पहाड़ी से मलबा सड़क पर गिर रहा है।

देवीधूरा-बसानी मोटर मार्ग में बीते वर्ष जून माह में डामरीकरण हुआ था। क्वालिटी टैस्ट के बाद सड़क पर आवाजाही शुरू की गई। इसके बाद भारी बारिश के चलते सड़क कई जगहों से क्षतिग्रस्त हो गई। संबंधित विभाग ने सड़क की अस्थाई मरम्मत कराकर फिर से आवाजाही के लिए मार्ग को खोल दिया। मगर बीते मंगलवार की रात हुई बारिश से पापड़ी से पहले सड़क टूट गई।

इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार ने बारिश के दौरान सड़क पर लगातार मलबा गिर रहा है। जिसको साफ करने के लिए दो जेसीबी तैनात की गई हैं। फिलहाल मार्ग पर यातायात सुचारू करवा दिया गया है।

### सड़कों पर 16 जेसीबी व पोकलैंड तैनात

**नैनीताल :** बारिश के बाद सड़कों पर मलबा गिरना शुरू हो गया है। इसको लेकर एनएच, लोनिवि और पीएमजीएसवाई ने करीब 16 जेसीबी और पोकलैंड मशीन जगह-जगह सड़कों पर तैनात कर दी हैं। पीएमजीएसवाई ज्योलीकोट के ईई मनोज कुमार ने बताया कि नैनीताल क्षेत्र में सात जेसीबी तैनात की गई हैं। वहीं देवीधूरा-बसानी, बजून-अकसोड़ा मार्ग व अन्य सड़कों पर भी जेसीबी तैनात की गई है। लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि हैड़ाखान, ज्योलीकोट, कालाढूंगी, पंगोट व कैंची क्षेत्र में 7 जेसीबी व एक पोकलैंड तैनात की गई है। एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि नैनीताल-काठगोदाम मार्ग में दो जेसीबी तैनात की गई हैं, जो बारिश के दौरान सड़क पर मलबा आने पर तुरंत उसे हटाकर यातायात सुचारू करेंगी।

# भूस्खलन से लोहाली-चमड़ियां मोटर मार्ग पर आवाजाही ठप

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** मानसून की बारिश से अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे समेत ग्रामीण सड़कों पर व्यवस्था की पोल खुल गई। जगह-जगह जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। पहाड़ियों से पत्थर गिरने से कई वाहन बाल-बाल बचे। लोहाली-चमड़ियां मोटर मार्ग पर भूस्खलन होने से आवाजाही ठप हो गई। पाडली क्षेत्र में पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से व्यापारी व आरटीआई कार्यकर्ता बच गए, हालांकि कार का शीशा टूट गया।

अति संवेदनशील पाडली क्षेत्र में जा रहे व्यापारी पुष्कर सिंह पनौरा व आरटीआई कार्यकर्ता की कार पर एकाएक पत्थर गिर पड़े। दोनों बाल-बाल बच गए। लोहाली, काकड़ीघाट, भोर्या बैंड व अन्य स्थानों पर भी जर्जर हो चुकी पहाड़ियों से लगातार पत्थर गिरते रहे। कई वाहन चपेट में आने से बाल बाल बच गए। व्यापारी नेता गजेंद्र सिंह नेगी ने एनएच व लोनिवि के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

### बारिश से कोसी नदी का जलस्तर बढ़ा

**गरमपानी :** बारिश से कोसी नदी में जलस्तर बढ़ गया है। ऐसे में पुलिस व प्रशासन ने लोगों से नदी के नजदीक न जाने की अपील की। बहाव तेज होने के साथ ही नदी का रंग भी मटमैला हो गया है। बारिश से जहां लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली। वहीं सूखने के कगार पर पहुंच चुकी जीवनदायिनी कोसी नदी के जलस्तर में भी वृद्धि हुई। एकाएक जल स्तर बढ़ने से पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। क्वारब, सुयालबाड़ी, जौरासी, चमड़ियां, लोहाली, छड़ा, खैरना क्षेत्र में लोगो से नदी के नजदीक न जाने की अपील की गई। बारिश से किसानों को भी राहत मिलने की उम्मीद है।

**फॉलोअप** दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति में छुटभैय्ये ने पोखर पाट बना दी दुकानें और अब बना रहा कमरे

# वन विभाग के रडार पर पोखर का अवैध कब्जा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वन भूमि पर बसे दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति में एक छुटभैय्ये नेता द्वारा पोखर कब्जाने का मामला गर्मा रहा है। सिंचाई विभाग, प्रशासन के बाद अब वन महकमा भी सक्रिय हो गया है। वन विभाग ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। वन अफसरों का कहना है कि जल्द ही भूमि को कब्जे से मुक्त कराया जाएगा।

दमुवाढूंगा-जवाहर ज्योति में नेताओं की आड़ में एक छुटभैय्ये ने सिंचाई विभाग की नहर को पाटने के साथ ही उससे लगी पोखर की जमीन पर भी कब्जा कर रखा है। अमृत विचार ने नहर कब्जाने के मामले को प्रमुखता से उठाया तो सिंचाई विभाग ने कार्रवाई कर नहर को कब्जे से मुक्त करा दिया। नहर के पास पोखर की जमीन पर कब्जा कर कई दुकानें बनाई गई हैं और अभी भी निर्माण जारी है। प्रशासन की तरफ से नोटिस के बाद भी निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है। मौके पर टीनशेड भी डाल रखी है।

खास बात है कि दो दशक पहले भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से इस पोखर की बाउंड्री वॉल बनवाई गई थी। आसपास के ग्रामीणों की सुविधा के लिए इस पोखर का निर्माण किया गया था। दमुवाढूंगा-जवाहर ज्योति का अधिकांश हिस्सा वन भूमि है। पोखर पर कब्जे के चलते वन विभाग भी हरकत में आ गया है। वन विभाग ने पोखर में अवैध अतिक्रमण को लेकर जांच शुरू कर दी है। इधर, नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई का कहना है कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। जल्द ही इसका निस्तारण किया जायेगा।



दमुवाढूंगा-जवाहर ज्योति में इसी स्थान पर था पोखर, जिस पर कब्जा किया गया है। ● अमृत विचार

> मामला संज्ञान में आया है। यह देखा जाएगा कि जिस भूमि पर अवैध निर्माण किया जा रहा है, क्या वह जंगलात की जमीन है। यदि ऐसा हुआ तो आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण ध्वस्त किया जाएगा।
> **-खयाली राम**, रेंजर फतेहपुर रेंज

# रॉयल्टी से बचने को डंपर चालक ने युवक को कुचला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**हादसा**

- खाना बनाने के लिए चावल लेकर पैदल घर लौट रहा था मोहन
- घटना को अंजाम देकर भागा चालक पकड़ा, डंपर सीज

**अमृत विचार :** रॉयल्टी से बचने के लिए खनिज से लदे डंपर ने पैदल जा रहे युवक को कुचल डाला। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद चालक डंपर समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मोहन राम।

चांदनी चौक घुड़दौड़ा निवासी मोहन राम (35 वर्ष) पुत्र स्व. बहादुर राम पेशे से मजदूर था। उसकी पत्नी छोटी बेटी के साथ अलग रहती है और वह अपनी 15 वर्षीय बेटी के साथ अलग रहता था। बताया जाता है कि गुरुवार की दोपहर वह खाना बनाने के लिए घर से कुछ दूर स्थित दुकान से चावल लेने गया था। वापसी में रकसिया नाले से मिट्टी लेकर जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने चांदनी चौक किला मार्ग पर उसे कुचल दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। आरोपी डंपर समेत फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस के जरिये शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। स्थानीय लोगों के मुताबिक रामपुर रोड पर गन्ना सेंटर से कुछ दूरी पर खनिज वाहनों से रॉयल्टी ली जाती है। इस रॉयल्टी से बचने के लिए खनिज लदे डंपरों को अंदरूनी मार्गों से ले जाए जाता है। जबकि अंदरूनी मार्ग महज 10 फीट के हैं। टीपीनगर पुलिस ने बताया कि चालक व डंपर की तलाश की जा रही है।

### अग्रवाल महिला मंच से जुड़ी महिलाओं ने कहा, सरकार के नुमाइंदों को ज्ञापन और पोस्टकार्डों के अलावा विभिन्न माध्यमों के जरिये जगाया जा रहा

# रामनगर को चार धाम यात्रा से जोड़ने को सभी महिलाएं सहमत

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने की मांग अब और मुखर होने लगी है। विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग अब सरकार के नुमाइंदों को ज्ञापन, पोस्टकार्डों के अलावा विभिन्न माध्यमों के जरिये सरकार को जगाने के लिए एकजुट होने लगे हैं।

अग्रवाल महिला मंच जुड़ी कुछ अन्य महिलाएं भी सरकार की तन्द्रा तोड़ने के लिए आगे आयी हैं। उन्होंने कहा कि रामनगर की सभी महिला संगठनों को जोड़कर सरकार पर इस मांग के लिए दवाब देने का प्रयास किया जाएगा। आइये जानते हैं उनकी भावनाओं को उन्हीं जुबानी...



चार धाम यात्रा की वापसी रामनगर से शुरू किए जाने की मांग को लेकर अब नगर की सभी महिला संगठनों को एकजुट होना समय की दरकार है। इस यात्रा को रामनगर से जोड़ने पर उत्तराखण्ड के उपेक्षित गढ़वाल और कुमाऊं के लोगों का आर्थिक विकास होगा। लोग आत्मनिर्भर बन सकेंगे। –रश्मि अग्रवाल



चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़े जाने से यात्रा वन वे हो जाने से गढ़वाल क्षेत्र में लगने वाले जाम के झंझट से छुटकारा मिलेगा ही, साथ ही तीर्थ यात्रियों को यहां विश्राम करने के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही स्थानीय बेरोजगारों को भी लाभ मिलेगा। –अंजलि बंसल



चार धाम यात्रा की वापसी कर्णपयाग के रास्ते गैरसैंण, बाया चौखुटिया होते हुए रामनगर में समापन किया जाना समय की मांग है। पूर्व में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने इस पर अपनी सहमति व्यक्त की थी। रामनगर कुमाऊं और गढ़वाल का प्रवेश द्वार है। यहां दोनों स्थानों के लोगों के अलावा विभिन्न समुदायों के लोग निवास करते हैं। चार धाम से सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा। –भावना गर्ग



सर रैमजे द्वारा स्थापित कस्बा रामनगर अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। इसके अलावा जिम कार्बेट नेशनल पार्क के नाम से बेशक पर्यटन की नगरी के रूप में विख्यात है। मगर 1850 के दशक में चारधाम यात्रा अंतिम पड़ाव रामनगर ही था। यदि सरकार इसे पुन: यात्रा का अंतिम पड़ाव का रूप दे तो यह पूरे देश में आध्यात्म की नगरी के रूप में अपनी अलग पहचान बनाने में सक्षम होगा। –मोनालि बंसल



1950 के दशक में चार धाम यात्रा का अंतिम पड़ाव रामनगर ही था। धीरे–धीरे इसे उपेक्षित कर दिया गया। अब फिर से मांग उठी है तो जन भावनाओ को सरकार को स्वीकार करना पड़ेगा। यह मांग भावी पीढ़ी को आत्मनिर्भर बनाने का भी एक जरुरी मसला है। –उर्मिला अग्रवाल



रामनगर के वाशिंदों ने चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने की मांग को यदि उठाया है तो यह मांग केवल रामनगर के लिए ही नहीं बल्कि गैरसैंण से लेकर रामनगर तक पड़ने वाले ग्रामीण अंचलों के हित में है। उम्मीद है कि जनप्रतिनिधि इस दिशा में गम्भीरता से मनन करेंगे। –दीपा अग्रवाल

# पेड़ों की लॉपिंग से विद्युत आपूर्ति और यातायात ठप

### नरीमन चौराहा व नैनीताल रोड पर छह पेड़ों की छंटाई से परेशानी

संवाददाता, हल्द्वानी



काठगोदाम में होती पेड़ों की लॉपिंग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नैनीताल रोड स्थित नरीमन चौराहा पर पेड़ों की कटाई व छंटाई कार्य होने के चलते यातायात एवं बिजली आपूर्ति बाधित रही। नरीमन चौराहा इलाके में घंटों बिजली गुल रही और नैनीताल मार्ग के साथ शहरी क्षेत्र में यातायात बेहद धीमा रहा।

गुरुवार को नरीमन चौराहा व नैनीताल रोड पर करीब 6 पेड़ों की कटाई-छंटाई काम किया गया। ये पेड़ बिजली के तारों की चपेट में आ रहे थे। बारिश व तेज आंधी के चलते पूर्व में भी पेड़ों की चपेट में आने के चलते बिजली के तार व पोल क्षतिग्रस्त हो चुके है। इसी क्रम में बिजली विभाग की ओर से पेड़ों को चिह्नित कर उनकी कटाई-छटाई काम पूरा कराया गया। जिसके चलते नैनीताल मुख्य मार्ग नरीमन चौराहा से कॉलटैक्स चौराहे तक यातायात बाधित रहा। इससे हल्द्वानी से पहाड़ की ओर जाने वाले सभी वाहनों को वाया गौलापार बाईपास हल्द्वानी-बनभूलपुरा के रास्ते लोग अपने वाहन ले कर निकले।

इस संकरी सड़क के कारण तिकोनिया चौराह, वर्कशाप लाइन, बनभूलपुरा रेलवे क्रांसिग समेत अन्य मार्गों पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। इधर, बिजली विभाग के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि पूर्व में ही पेड़ों की कटाई-छटाई कार्य होने के लिए प्रशासन की ओर से रूट डायवर्जन निर्देश जारी किए गए थे। कर्मचारियों ने नरीमन चौराहा व नैनीताल मार्ग पर 6 पेड़ों की लॉपिंग कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुचारु कर दी गई है।

## पूरे कुमाऊं में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जाए

**रामनगर, अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी, उत्तराखंड लोकवाहनी ने डीआईजी कुमाऊं रेंज डॉ. योगेंद्र रावत से रामनगर, नैनीताल समेत पूरे कुमाऊ मंडल में तेजी से फैल रहे नशे पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग की। मुलाकात के दौरान उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव राज्य प्रभात ध्यानी, उत्तराखंड लोकवाहनी के अध्यक्ष आदि ने डीआईजी कार्यालय नैनीताल में डीआईजी डॉ. योगेंद्र रावत से मुलाकात की।

बताया कि नशे के कारण सड़क दुर्घटनाएं एवं अपराधों में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने डीआईजी से प्रतिबंधित नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही पुलिस, प्रशासन, सामाजिक राजनीति संगठनों से मिलकर नियमित रूप से नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाने की निवेदन किया। डीआईजी डॉ योगेंद्र रावत ने नशे को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय साजिश बताते हुए इसके खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# फिल्टर प्लांट से आपूर्ति बाधित, दौड़ाए टैंकर

संवाददाता, हल्द्वानी

**संकट**

- प्लांट में सिल्ट व मलबा आने से 50 फीसदी पानी का ही शोधन
- प्रभावित इलाकों में जल संस्थान के टैंकर कर रहे पानी वितरित

**अमृत विचार :** शीतलाहाट फिल्टर प्लांट से पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं हो पा रही है। जिससे कई इलाकों में पेयजल किल्लत बनी हुई है। इन इलाकों में जल संस्थान टैंकरों के जरिये पानी वितरित कर रहा है।

गुरुवार को शीतलाहाट फिल्टर प्लांट से पेयजल आपूर्ति बाधित रहने से रानीबाग, चांदमारी, नरीमन चौराहा, काठगोदाम, नई बस्ती, काल टैक्स समेत कई इलाकों के लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के कारण फिल्टर प्लांट में सिल्ट व मलबा आने से 50 फीसदी ही पानी शोधन हो पा रहा है। इससे कई इलाकों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। वहीं शीशमहल फिल्टर प्लांट से 60 फीसदी ही पेयजल की आपूर्ति हो रही है।

इधर, जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि शीतलाहाट फिल्टर प्लांट को गौला नदी से मिलने वाले पानी की पंपिग नहीं हो पाई। जिससे सुबह के समय आपूर्ति आंशिक ही रही। विभाग की ओर से पानी संकट वाले इलाकों में नियमित टैंकर भेजे रहे हैं।

### राजपुरा में नलकूप की मोटर खराब

**हल्द्वानी :** राजपुरा स्थित पुलिस चौकी के समीप लगे नलकूप की मोटर बुधवार को खराब हो गई। जिसके चलते इलाके में करीब 10 हजार आबादी के सामने पेयजल संकट गहरा गया है। गुरुवार को भी नलकूप की मोटर ठीक नहीं होने से लोग परेशान रहे। जलसंस्थान की ओर से टैंकर से पानी वितरित किया गया। जल संस्थान के ईई नीरज तिवारी ने बताया कि नलकूप की मोटर को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही मरम्मत पूरी कर आपूर्ति सुचारू हो जायेगी।

# विद्यार्थियों की समस्याओं का होगा समाधान : भंडारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के नवनियुक्त लोकपाल प्रो. एनएस भंडारी ने गुरुवार को हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने विवि में कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी व कुलसचिव प्रो. संजय खत्री से मुलाकात की। साथ ही विद्यार्थियों की समस्याओं पर चर्चा की।

प्रो. भंडारी ने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं का मिलकर उचित समाधान किया जाएगा। प्रो. भंडारी ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की जानकारी ली। विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति प्रो. नेगी, कुलसचिव प्रो. खत्री, परीक्षा नियंत्रक प्रो. सोमेश कुमार, निदेशक प्रो. पीडी पंत, प्रो. रेनू प्रकाश ने उनका स्वागत किया। प्रो. भंडारी ने बीती 11 जून को विवि के लोकपाल का कार्यभार ग्रहण कर लिया था।

### 60 से अधिक लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में गुरुवार को उजाला सिग्नेस अस्पताल की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें 60 से अधिक लोगों ने अपना परीक्षण कराया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित शिविर में लोगों की ईसीजी, बीपी और शुगर की जांच की गयी। साथ ही कई लोगों की आंखों का भी परीक्षण किया गया। अस्पताल की ओर से हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश नागेंद्र व उनकी टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। अस्पताल के मार्केटिंग मैनेजर मनोज जोशी ने बताया कि यूओयू के सभी कर्मचारियों के लिए उजाला सिग्नेस में विशेष रियायत दी जायेगी। इस दौरान अंकिता पाठक, पंकज, लीला, चंचल, लतीका मौजूद रहे।

## बाइक सवार पर गुलदार का हमला



**टनकपुर, अमृत विचार :** टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर आतंक का पर्याय बना गुलदार कुछ दिन शांत रहने के बाद फिर सक्रिय हो गया है। गुरुवार की शाम आठवें मील के पास गुलदार ने एक बाइक सवार युवक पर हमला बोल दिया, युवक घायल हो गया।

टनकपुर के वार्ड नंबर पांच निवासी 30 वर्षीय नितिन सिंह पुत्र धीर सिंह गुरुवार की शाम सूखीढांग से बाइक में अपने घर आ रहा था। आठवें मील के पास घात लगाए गुलदार ने धीर सिंह पर हमला बोल दिया। गुलदार का पंजा युवक के गले में लगा। सिर में हेलमेट होने से युवक की जान बच गई। हाईवे पर अन्य वाहनों की आवाजाही होने से गुलदार हमला करने के बाद भाग गया। पीछे से आ रहे साथियों ने युवक को उपजिला चिकित्सालय टनकपुर लाया गया।

# पोस्टमार्टम के बाद बाघिन का शव जलवाकर नष्ट कराया

संवाददाता, रामनगर



बाघिन के शव को नष्ट करने के दौरान वन विभाग के अधिकारी व वन कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत कालागढ़ रेंज में धारा ब्लॉक में बाघिन का शव मिला। आनन फानन में सीटीआर कर्मियों की सूचना पर विभागीय अधिकारियों ने मौके पर जाकर पड़ताल के बाद उसका पोस्टमार्टम कराकर शव को जलाकर नष्ट कर दिया।

बताया गया कि गश्तीदल को एक मादा बाघ मृत अवस्था में मिली। उसकी उम्र लगभग 9 वर्ष है। मृत बाघिन के शव का विच्छेदन कालागढ़ रेंज में डॉ. दुष्यंत शर्मा, वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी, कार्बेट टाइगर रिजर्व, डॉ. राहुल सती, वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी, पश्चिमी वृत्त, हल्द्वानी के पैनल द्वारा किया गया। वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी पैनल ने अवगत कराया कि प्रथम दृष्टया बाघिन की मृत्यु प्राकृतिक रूप से वृद्धावस्था के कारण हुई है। बाघ के अंगों के सैम्पल को परीक्षण हेतु आईवीआरआई इज्जतनगर, बरेली भेजा गया है। इस दौरान दिगन्थ नायक, उप निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, डॉ. शालिनी जोशी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़, आकाश गंगवार, वन क्षेत्राधिकारी, कालागढ़ (प्रशिक्षु अधिकारी, भावसे), कुन्दन सिंह खाती, एनटीसीए की ओर से नामित सदस्य, एजी अन्सारी, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड देहरादन द्वारा नामित सदस्य, डब्लूडब्लूएफ के नामित सदस्य, मनोज सती, प्रतिनिधि द कार्बेट फाउण्डेशन समेत कई लोग मौजूद रहे।

## हंगामा करने पर चार पर्यटकों के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल, अमृत विचार :** नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में टोल देने को लेकर पर्यटकों ने बवाल मचा दिया। पुलिस ने मामले को शांत कर पर्यटकों के खिलाफ कार्रवाई की है। देर शाम साढ़े तल्लीताल टोल चुंगी पर सोनीपत हरियाणा से चार पर्यटक अपनी कार से पहुंचे। चुंगी में जब कर्मियों ने टोल चुंगी लेने के लिए रसीद काटकर पर्यटकों को दी तो उन्होंने टोल टैक्स देने से मना कर दिया। टोल कर्मियों ने पुलिस को सूचित कर दिया। मौके पर पहुचीं पुलिस ने पर्यटकों को टोल से हटा दिया। एसआई भावना ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करने पर सोनीपत हरियाणा निवासी मुकुल, शनि, विशाल व सुमित के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है



ग्रामीणों को पौधे वितरित करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### कार्बेट कर्मियों ने जहरीले सांपों से बचाव के बताए उपाय

**रामनगर, अमृत विचार :** सर्पदुली रेंज कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वनकर्मियों की ओर से देवीचोड़ा सुन्दरखाल के ग्रामीणों को सांपों से सुरक्षित रहने लिए जागरूक किया गया। साथ ही मानव वन्य जीव संघर्ष न्यूनीकरण के बारे में विचार रखे। वन कर्मियों ने ग्रामीणों को बताया कि मानसून में चूहे मेंढक और अन्य कीड़े मकौड़ों के पीछे पीछे सांप भी घर तक पहुंच जाते हैं जिससे सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इस दौरान कुछ जहरीले सांपों की प्रजातियों की ग्रामवासियों को जानकारी दी और जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त ग्रामवासियों को कुछ फलदार, छायादार एवं चारापत्ती के प्रजाति के पौधे वितरण कर वन महोत्सव मनाया। इस दौरान बिन्दर पाल वन क्षेत्राधिकारी सर्पदुली, एजी अंसारी प्रतिनिधि मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक उत्तराखण्ड, पृथ्वी राम ग्राम प्रधान देवी चौड़ा, धर्मपाल नेगी वन दरोगा चन्दन सिंह वन आरक्षी हेमा वन आरक्षी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डेंगू को लेकर अधिकारी अलर्ट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डेंगू को लेकर अधिकारी अलर्ट हो गए हैं। जिसके तहत जिले में 20 स्वयं सेवक नियुक्त किए गए हैं। डीएम के निर्देश पर डेंगू को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। इससे बचाव के लिए नगर निगम हल्द्वानी, जिला प्रदूषण बोर्ड, उद्यान व क्रीड़ा विभाग आदि के अधिकारियों का एक नोडल तैयार किया गया है।

जिसने सतर्कता बरतते हुए जिले में 20 स्वयं सेवकों की नियुक्ति की है। इसमें हल्द्वानी में 12, रामनगर व लालकुआं में 3-3, कालाढूंगी में 2 स्वयं सेवकों की नियुक्ति की गई है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में स्वयं सेवकों की तैनाती की गई है। वह घर-घर जाकर डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। इस संबंध में एक बैठक शुक्रवार को नगर निगम सभागार में होगी।



भू–कटाव क्षेत्र का निरीक्षण करते भाकपा माले व किसान सभा के प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### नदी में स्थाई तटबंध की कार्ययोजना होनी चाहिए साकार

**लालकुआं, अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान महासभा के कार्यकर्ताओं ने गौला नदी में बिंदुखत्ता से लगे तटीय क्षेत्रों का निरीक्षण कर जिला प्रशासन एवं सरकार से नदी में स्थाई तटबंध की कार्ययोजना बनाने की मांग की। साथ ही बरसात में बिन्दुखत्ता में एनडीआरएफ का कैंप कार्यालय खोलने को भी कहा। किसान महासभा के नेता आनंद सिंह नेगी ने प्रशासन से मांग की कि गौला नदी के किनारे बसे लोगों की जानमाल की सुरक्षा की जाय, लोगों के आवास की व्यवस्था किये बिना घर खाली करने का नोटिस वापस लिया जाय, तटबंध बनाने में कमीशन का खेल बंद कर स्थाई तटबंध की कार्ययोजना बने, किसी भी दुर्घटना की स्थिति से निपटने के लिए बरसात के महीनों में एनडीआरएफ का कैंप कार्यालय बिंदुखत्ता में खोलने के साथ ही आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पोकलैंड मशीनों की तैनाती की मांग की। जल कटाव क्षेत्रों का दौरा करने वालों में किसान महासभा के अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी, माले जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय, बिन्दुखत्ता के एरिया सेक्रेट्री कामरेड पुष्कर दुबड़िया, एपवा की नेता कामरेड विमला रौथाण, ललित मटियाली, गिरीश आदि रहे।

## सार-संक्षेप



कूड़ा उठाने के लिए पहुंची नगर निगम की गाड़ी। ● अमृत विचार

### नगर निगम की टीम ने हटाया कूड़ा

**हल्द्वानी :** चंबलपुल, दमुवाढूंगा में सड़क किनारे पर कई दिनों से कूड़े का ढेर लगा था लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं था, जबकि बरसात में कूड़े से बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी ने गुरुवार को जिलाधिकारी को इसकी फोटो भेजी, तब जाकर नगर निगम के अधिकारी हरकत में आए, जिसके बाद गुरुवार को कूड़े की सफाई करवा दी गई लेकिन बरसाती नाले में अभी भी काफी कूड़ा पड़ा हुआ है।

### सीटें बढ़ाने की मांग की

**हल्द्वानी :** एनएसयूआई से जुड़े छात्रों ने एमबीपीजी कॉलेज में बीए प्रथम सेमेस्टर में राजनीति विज्ञान, इतिहास व अंग्रेजी विषयों की सीटें बढ़ाने की मांग की है। छात्रों ने इस संबंध में प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी के माध्यम से गुरुवार को उच्च शिक्षा निदेशक को ज्ञापन भेजा। बताया कि कॉलेज में कई विषयों की सीट फुल हो गई है, जिससे इन विषयों में छात्रों को प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में छात्रों के भविष्य को देखते हुए सीटें बढ़ाई जानी चाहिए। इस दौरान छात्र नेता रक्षित बिष्ट, हर्ष शर्मा, प्रियांशु बिष्ट, अक्षत पाठक, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

### राजपुरा में स्वास्थ्य शिविर 250 लोगों की हुई जांच

**हल्द्वानी :** राजपुरा में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में करीब 250 लोगों की जांच की गई। निर्वतमान पार्षद राधा आर्या ने बताया कि शिविर में गुर्दे, आंत, रक्तचाप, मधुमेह आदि से जुड़े रोगों की जांच की गई। साथ ही निशुल्क दवा भी वितरित की गई। इस दौरान महिलाओं को सैनेटरी पैड भी बांटे गए। इस मौके पर राजौ टंडन, चंदन लाल कन्नौजिया, हरीश, जीवन बनोली, करन आर्या, स्पर्श जयसवाल, हिमांशु आर्या रहे।



श्रमिकों को टूलकिट वितरण करते लालकुआं के विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट।

### 400 श्रमिकों को टूलकिट वितरण

**हल्दूचौड़ :** बरेली रोड स्थित बैंकेट हॉल बेरीपड़ाव में सरकार की ओर से चलाई गई योजनाओं के अंतर्गत 400 श्रमिकों को श्रमिक टूलकिट का वितरण किया गया। लालकुआं के विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर कार्यक्रम का शुभारंभ कर पंजीकृत श्रमिकों को टूलकिट वितरण किया। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक श्रमिक को योजनाओं से लाभान्वित करना है। इस दौरान कार्यक्रम में श्रम परिवर्तन अधिकारी संजीव कंडारी, मंडल अध्यक्ष दीपक बहुगुणा, भाजपा नेता कीर्ति पाठक, उमा भंडारी, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, मनमोहन पुरोहित, विनोद भट्ट, रोहित तुमका आदि मौजूद रहे।



पर्वतारोहण करतीं विद्यालय की छात्राएं। ● अमृत विचार

### पर्वतारोहण शिविर में छाई मुस्कान और तनिषा

**रामनगर :** पर्वतारोहण शिविर में रामनगर महाविद्यालय की 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई की कैडेट मुस्कान और तनिषा ने मेडल जीतकर कालेज का नाम रोशन किया है। बता दें कि एनसीसी निदेशालय उत्तराखंड द्वारा रॉक क्लाइंबिंग एवं ट्रेनिंग कैंप पिथौरागढ़ में आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न राज्यों के कैडेटों ने प्रतिभाग किया। शिविर में सैन्य अधिकारियों ने पर्वतारोहण का प्रशिक्षण दिया। कैडेटों ने आर्टीफिशियल रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, जुमारिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कैडेटों ने इसमें काम आने वाले उपकरणों एवं सावधानियों की जानकारी भी प्राप्त की। शिविर में आयोजित प्रतियोगिताओं में रैपलिंग में रामनगर महाविद्यालय की कैडेट मुस्कान बिष्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर मेडल अर्जित किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ग्रुप डांस में कैडेट तनिषा ने मेडल अर्जित किया।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# प्रदेश के 2,785 जर्जर सरकारी विद्यालयों के भवन होंगे ध्वस्त

## शिक्षा विभाग तैयार कर रहा जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण का प्रस्ताव, नए भवन बनाए जाएंगे

खबर का असर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग प्रदेश के राजकीय विद्यालयों के जर्जर भवनों को ध्वस्त करने जा रहा है। इसके लिए विभाग प्रस्ताव तैयार कर रहा है। जर्जर भवनों को ध्वस्त करने के बाद जहां नये निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत है, वहां नए भवन बनाए जाएंगे।

अमृत विचार समाचार पत्र ने पूर्व में हल्द्वानी शहर और आसपास के सरकारी विद्यालयों की दुर्दशा और जर्जर भवनों की स्थिति को लेकर अभियान चलाया था। जिसमें बताया था कि किस प्रकार विद्यालयों के जर्जर भवनों में बच्चे पढ़ाई करने को मजबूर हो रहे हैं। वहीं कई विद्यालयों में एक ही कमरे में कई कक्षाएं चल रही हैं। जिसका शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान लिया है। हर वर्ष मानसून सीजन में प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में पानी भरने और कमरों की छतों से पानी टपकने के मामले सामने आते रहते हैं। इसे देखते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने कहा कि जर्जर घोषित सरकारी विद्यालयों में अगर कक्षाएं संचालित की गईं तो विभाग संबंधित स्कूल के प्रधानाध्यापक या प्रधानाचार्य पर कार्रवाई करेगा।

इधर, शिक्षा विभाग के आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश में 2,785 सरकारी विद्यालय जर्जर घोषित हैं, जिन्हें शीघ्र ध्वस्त किया जायेगा। इन विद्यालयों में हर वर्ष बच्चों को जान का खतरा बना रहता है। मगर शिक्षा विभाग को मानसून सीजन में ही जर्जर विद्यालयों की याद आती है।



रेलवे बाजार स्थित प्राथमिक विद्यालय का जर्जर भवन। • अमृत विचार

- अमृत विचार ने उजागर की थी स्कूलों की दुर्दशा
- जर्जर भवनों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं बच्चे

"डीएम के निर्देश पर जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण का प्रस्ताव बनाया जा रहा है। इसके स्वीकृत होने पर जिले के जर्जर भवनों को ध्वस्त किया जाएगा। -पुष्कर लाल टम्टा, प्रभारी मुख्य शिक्षाधिकारी, नैनीताल"

### नैनीताल जिले में हैं 160 जर्जर विद्यालय

**हल्द्वानी :** शिक्षा विभाग के अनुसार प्रदेश में 1,437 प्राथमिक, 303 जूनियर हाईस्कूल और 1,045 माध्यमिक विद्यालय भवन जर्जर हालत में हैं। इनमें नैनीताल जिले में 160, बागेश्वर में 94, चमोली में 204, चंपावत में 123, देहरादून में 206, हरिद्वार में 170, पिथौरागढ़ में 193, रुद्रप्रयाग में 128, टिहरी गढ़वाल में 352, ऊधम सिंह नगर में 175 और उत्तरकाशी जिले में 185 विद्यालय भवन जर्जर हैं।

# मुकदमे में धारा न बढ़ाने पर आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

मामला
- मंडी में हुई मारपीट की घटना में धारा बढ़ाने की मांग
- कोतवाल, सीओ के बाद चालक ने एसपी सिटी से लगाई गुहार

**अमृत विचार :** बड़ी मंडी में हुई मारपीट के मामले में आरोपी मुनीम के खिलाफ धारा बढ़ाने की मांग कर रहा पीड़ित साथियों के साथ गुरुवार को एसपी सिटी से मिला। उनसे धारा बढ़ाने की मांग की और ऐसा न होने पर मंडी के गेट बंद कर आंदोलन की चेतावनी दी।

भीमताल ब्लॉक के चांफी गांव निवासी नकुल शर्मा कैंटर लेकर बीते रविवार को बृजवासी एंड संस पहुंचा था। यहां किसी बात पर मुनीम से उसका विवाद हो गया। मुनीम ने साथियों के साथ मिलकर उसे पीटा और चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज व धमकी की धारा में मुकदमा भी दर्ज किया। जबकि पीड़ित हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाने की मांग कर रहा है। गुरुवार को एसपी सिटी प्रकाश चंद्र से लोगों ने कहा कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो वह बड़ी मंडी के दोनों गेट बंद कर आंदोलन करेंगे।



मंडी में हुई चाकू मारने की वारदात के संबंध में एसपी सिटी से मिलते लोग।

## सार-संक्षेप



कार्यशाला में मुख्य वक्ता समित टिक्कू का स्वागत करते स्कूल प्रबंधक।

### इंस्पिरेशन स्कूल में समय प्रबंधन पर हुई कार्यशाला

**हल्द्वानी :** इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए समय प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता दीक्षांत विद्यालय के प्रबंधक समित टिक्कू ने शिक्षकों को समय प्रबंधन के गुर देते हुए कहा कि लक्ष्य स्पष्ट व प्राथमिकताएं निर्धारित होनी चाहिए, शेड्यूल व योजनाओं का उपयोग करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने समय प्रबंधन के कई और नियम बताए। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने उनका आभार व्यक्त किया और विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक दीपक बल्यूटिया व डॉ. गीतिका बल्यूटिया आदि मौजूद रहे।



पौधरोपण करते जीएनआरएफ के सदस्य एवं पुलिसकर्मी। • अमृत विचार

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**हल्द्वानी :** दावत–ए–इस्लामी हिंद के कल्याण विभाग जीएनआरएफ (गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन) ने प्रकृति बचाओ कार्यक्रम के तहत पौधरोपण का अभियान शुरू किया है। इसके तहत 1 से 10 जुलाई तक पौधे लगाने का फैसला लिया है। अभियान के तहत काठगोदाम थाना, चौकी व सेल टैक्स ऑफिस में पौधे लगाए गये। जिसमें फाउंडेशन के जिला निगरान अमजद अत्तारी, नावेद अत्तारी व हसीब खान ने पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर थाना काठगोदाम से हरीश सिंह, रिहान खान, चौकी काठगोदाम से उमेश चौहान व करतार सिंह और सेल टैक्स विभाग से वरिष्ठ सहायक लता धर्मशक्तू व अमिता सिंह आदि का सहयोग रहा।



कुसुमखेड़ा चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला फूंकते पूर्व सैनिक। • अमृत विचार

### पूर्व सैनिकों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**हल्द्वानी :** संसद सत्र में हिंदुओं को हिंसक कहने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ पूर्व सैनिकों ने मोर्चा खोल दिया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंका और फिर उसे चप्पलों से पीटा। राहुल के बयान के खिलाफ कुसुमखेड़ा स्थित हनुमान मंदिर चौराहे पर बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक जुटे। उनका कहना था कि हिंदुओं को हिंसक कहे जाने से लोगों और पूर्व सैनिकों में भारी रोष है। राहुल गांधी को अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान कर्नल लक्ष्मण सिंह बजेठा, ले. कमांडर एनएन त्रिपाठी, मेजर कुंवर सिंह महर, कैप्टन सुरेश पांडे, कैप्टन सोबन सिंह भड़, मदन सिंह राठौर, कृपाल सिंह कोरंगा, त्रिवेणी पांडे, खिलानन्द चिलकोटि, दया किशन जोशी, खुशाल सिंह महरा आदि थे।

# सीएम धामी का तीन वर्ष का कार्यकाल शानदारः विकास

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा के प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का तीन वर्ष का कार्यकाल शानदार रहा। सीएम ने नकल विरोधी कानून बनाकर नकल माफिया की कमर तोड़ कर रख दी है। आज इस कानून को भारत के तमाम प्रदेश अपने यहां लागू कर रहे हैं।



जारी बयान में विकास भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से 19000 पदों की विज्ञप्तियां जारी होने वाली हैं। प्रदेश की सरकारी जमीनों पर जो लैंड जिहाद से हजारों एकड़ जमीनों पर कब्जे किये जा रहे थे, उन्हें अतिक्रमण से मुक्त कराकर लैंड जिहाद की कोशिशों को जमींदोज किया गया। साथ ही कठोर दंगारोधी कानून बनाया गया। राज्य में समान नागरिक संहिता को लागू करके बेटियों को संपत्ति पर बराबर का अधिकार प्रदान किया है। जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए बनाया गया कानून सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति के लिए भी सरकार काम कर रही है। मातृ शक्ति को 30 प्रतिशत आरक्षण, स्वरोजगार की दृष्टि से परियोजना लागत का 30 प्रतिशत या एक लाख रुपये की सब्सिडी, महिला स्वयं सहायता समूह को पांच लाख का ऋण बिना ब्याज का दिया जाना और लखपति दीदी योजना के तहत अब तक 80 हजार महिलाओं को लखपति बनाया जा चुका है।

# स्मैक के साथ बरेली का तस्कर गिरफ्तार, जेब में मिला प्रेस कार्ड

कार्रवाई
- नए नियम के तहत पुलिस ने बनाई पूरी घटना की वीडियो
- मीरगंज बरेली से खरीद कर हल्द्वानी बेचने आया था स्मैक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भारतीय न्याय संहित की नई धाराओं के तहत पुलिस ने बरेली के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लाखों रुपये की स्मैक और जेब से प्रेस कार्ड बरामद हुआ है। नए नियमों के तहत पुलिस ने पूरी घटना की वीडियोग्राफी भी कराई है।

पुलिस के मुताबिक सिंगरा मीरगंज बरेली उत्तर प्रदेश निवासी प्रेमपाल पुत्र शिवचरन पेशेवर स्मैक तस्कर है। बीती 3 जुलाई को उसने मीरगंज के एक और तस्कर ताहिर से स्मैक खरीदी। इस स्मैक का सौदा उसने हल्द्वानी में रहने वाले आनंद से किया। वह स्मैक लेकर हल्द्वानी पहुंचा तो पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे क्रियाशाला के पास से गिरफ्तार कर लिया। नए नियमों के तहत वीडियोग्राफी हुई और तलाशी लेने पर उसकी जेब से 47. 27 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसके साथ ही उसके पास से दो अलग-अलग प्रेस कार्ड बरामद हुए। बताया जाता है कि पुलिस से बचने के लिए वह जेब में प्रेस कार्ड रखता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। टीम में मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार तेवतिया, हेड कांस्टेबल हेमन्त सिंह, कांस्टेबल अनिल जौहरी, चंदन सिंह नेगी थे।



पुलिस गिरफ्त में स्मैक तस्कर। • अमृत विचार

# आभूषण लेकर फरार दंपति पर मुकदमा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** ज्वैलरी शोरूम से लाखों रुपये के आभूषण लेकर दंपति फरार हो गए। उन्होंने शोरूम के मैनेजर को पैसा ट्रांसफर होने का स्क्रीन शॉट भी दिया, लेकिन पैसा खाते में नहीं पहुंचा। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

नैनीताल रोड पर किशना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी का शोरूम है। संजीव जैन ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि बीती 26 जून की दोपहर शोरूम में एक दंपति आया। उन्होंने दो लाख पैंतीस हजार के सोने और डायमंड के आभूषण लिए और पेमेन्ट ऑनलाइन करने को कहा, लेकिन पैसा स्टोर के खाते में ट्रांसफर नहीं हुआ। जिस पर उन्होंने शोरूम मैनेजर के खाते में पैसे ट्रांसफर का स्क्रीन शॉट दिया, लेकिन खाते में रकम नहीं आई। मैनेजर ने स्क्रीन शॉट पर भरोसा कर उन्हें जाने दिया।

# 7 जुलाई से चलेगा पौधरोपण कार्यक्रम

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** दमुवाढूंगा स्थित आश्रय सेवा समिति वृद्धाश्रम की ओर से 7 से 18 जुलाई तक वृहद पौधरोपण कार्यक्रम किया जायेगा। इसके तहत 21 हजार पौधे लगाने और उनके संरक्षण का लक्ष्य रखा गया है।

समिति के संचालक प्रकाश डिमरी ने बताया कि वर्तमान में जिस तरह ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है, उसका कारण वृक्षों का कटाव व इनका संरक्षण नहीं होना है। ऐसे में समिति पौधरोपण कार्यक्रम कर रही है। बताया कि समिति चित्रशाला घाट रानीबाग में दिवंगत आत्मा की स्मृति में उनके परिजनों को एक पौधा सुरक्षा संकल्प पत्र के साथ भेट करती है। समिति वर्ष 2016 से वृद्धाश्रम का भी संचालन कर रही है। जिसमें वर्तमान में 35 से अधिक वृद्धजन रहते हैं।

# कार की टक्कर से गाय की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नशेड़ी कार चालक ने रेलवे बाजार रोड पर गौवंशीय पशुओं के झुंड को अपनी चपेट में ले लिया। जोरदार टक्कर से कुछ गौवंशी कई फीट दूर उछल कर गिरे। घटना में एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन घायल हो गए। आरोपी पर सख्त कार्रवाई के लिए गौरक्षकों ने बनभूलपुरा पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 281, 125, 11 पशु क्रूरता के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार पीलीकोठी निवासी प्रियांशु वर्मा ने बुधवार की रात अपने कार सवार दोस्तों के साथ शराब पी। इनके पास एक ऑल्टो और दूसरी लग्जरी कार थी। शराब पीने के बाद रात करीब दो बजे सभी रोडवेज बस अड्डे के पीछे पान खाने पहुंचे। यहां प्रियांशु आल्टो कार से उतर कर दोस्त की लग्जरी कार का ट्रायल लेने निकल पड़ा। बेहद तेजी से कार लेकर निकले प्रियांशु ने रेलवे बाजार में बेसहारा गौवंशीय पशुओं के झुंड को अपनी चपेट में ले लिया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। जिसमें दिख रहा है कि कार की जोरदार टक्कर से एक साथ कई गौवंशी कई फीट दूर जाकर गिरे। जिसमें एक गौवंशी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन घायल हुए। घटना में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना से आक्रोशित गौरक्षक जोगेंद्र राणा, दीपांशु पोखरिया, सूजल चौधरी व सुरेश बिष्ट ने बनभूलपुरा थाना पहुंचकर थानाध्यक्ष को कड़ी कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी को घटना की रात ही गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार सीज कर दी गई है। मृत पशु को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



बनभूलपुरा थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र सौंपते गौरक्षक। • अमृत विचार

# सड़क धंसने के जिम्मेदारों के खिलाफ हो मुकदमा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने पहले मानसून की बरसात में हुई सड़कों की दुर्दशा पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने इसे जनता के रुपयों का दुरुपयोग बताया है। संगठन के महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल और प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता ने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण हाल में ही बनी सड़कें खराब हो गई हैं।

सड़कें बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई हैं जो एक बड़े भ्रष्टाचार की तरफ इशारा कर रही हैं। कहा कि थर्ड पार्टी सर्वे भी केवल जनता को दिखाने के लिए होता है। उन्होंने जिला प्रशासन से सड़कों के धंसने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इस मौके पर राजेंद्र फर्सवान, ऋषभ पाठक, परबजोत चंडोक, विनोद आनंद, नुसरत सिद्दीकी मौजूद रहे।

# खुले में नहीं रहेंगे मजदूर, ठेकेदार कराएगा व्यवस्थाः मंडलायुक्त

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बारिश के दिनों में सर्पदंश से मजूदरों की हो रही मौत को लेकर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने आदेश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिन स्थानों पर भवन निर्माण किए जा रहे हैं, वहां मजदूर खुले में नहीं रहेंगे। उनके लिए ठेकेदार वैकल्पिक आवास की व्यवस्था कराएगा।

बारिश के दिनों सांप के काटे जाने की वजह से पांच मजदूरों की मौत हो चुकी है। ये सभी भवन निर्माण वाली जगह में ही झुग्गी बनाकर रह रहे थे। गुरुवार को कैंप कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि ठेकेदार को अब मजदूरों के रहने की ठीक व्यवस्था करानी होगी। कहा कि कार्यदायी संस्था के ठेकेदारों का स्वयं के पंजीकरण के साथ ही मजदूरों का पंजीकरण श्रम विभाग में कराना अनिवार्य है। भविष्य किसी भी मजदूर की अप्रिय घटना होने पर सम्बन्धित मजदूर का पंजीकरण ना होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। सभी श्रमिकों का पंजीकरण श्रम विभाग होना आवश्यक है इसके लिए सभी डीएम मॉनिटरिंग करें। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया है कि सभी सीएचसी केन्द्रों पर एंटीवेनम इंजेक्शन होना अनिवार्य है। साथ ही योग्य चिकित्सक की तैनाती भी होनी चाहिए।



कैंप कार्यालय में जन सुनवाई करते मंडलायुक्त दीपक रावत। • अमृत विचार

बैठक | जिलाधिकारी ने दिए कालाढूंगी–रामनगर हाईवे के किनारे नाले पर 15 दिन में चैनलाइजेशन करने के निर्देश

# सिंचाई विभाग करेगा काम, एसडीएम करेंगे निगरानी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी-रामनगर हाईवे के किनारे से गुजर रहा नाला ओवरफ्लो होकर भू-कटाव कर रहा है। इस संबंध में डीएम वंदना ने नाले का चैनलाइजेशन करने के निर्देश दिए और पूरा काम 15 दिन में खत्म करने को कहा। साथ ही कहा कि सिंचाई विभाग के काम की एसडीएम मॉनिटरिंग करेंगे।

कैंप कार्यालय में बैठक लेते हुए डीएम ने सिंचाई और राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि कालाढूंगी-रामनगर हाईवे के नीचे रामपुर विद्रामपुर नाले से करीब तीन किलोमीटर के क्षेत्र में 20 स्थल प्रभावित हैं। डीएम ने सिंचाई विभाग को 15 दिनों के लिए मशीन से चैनलाइजेशन सोमवार से शुरू करने के निर्देश दिए और कहा कि इस काम की निगरानी एसडीएम कालाढूंगी करेंगी। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में आपदा के तहत हो रहे कार्यों की निगरानी करें।

डीएम ने पूर्व में इस नाले का ड्रोन सर्वे कराया था। वीडियो के जरिये उन्होंने चूना खान, विदारामपुर, करकट, कालीगाड़, धमनवा, गेबुआ नाला और निहाल नदी का हाल देखा। उन्होंने तत्काल कार्य शुरू कर मानसून में होने वाले नुकसान को रोकने के निर्देश दिए। साथ ही जिन स्थलों में दीर्घकालिक कार्य किए जाने हैं उनकी डीपीआर तैयार करने को कहा। बैठक में एसडीएम कालाढूंगी, विधायक प्रतिनिधि विकास भगत, ईई सिंचाई एके वर्मा, एई गणेश पांडेय, जेई यशवंत सिंह, हरीश भट्ट मौजूद रहे।



कैंप कार्यालय में सिंचाई और राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेतीं डीएम।

### नगर निगम की संपत्तियों से हटाएं अतिक्रमणः मिश्रा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम प्रशासन ने लोगों को उसकी संपत्ति पर अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी है। जिन स्थानों पर वर्तमान में अतिक्रमण किया गया है, वहां से तत्काल अतिक्रमण हटाने को कहा है। निगम की संपत्ति पर अतिक्रमण होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने बताया कि देखा जा रहा है कि निगम के नाले तथा नालियों के ऊपर पक्के अतिक्रमण किए गए हैं। सीसी पटाल तक लगा दिए गए हैं, जिससे बारिश में पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। इस कारण जलभराव व बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इससे जान माल का खतरा भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि निगम की ओर से लोगों को सूचित किया गया है कि नाले, नालियों के ऊपर व नजूल भूमि पर किसी भी तरह का अतिक्रमण न करें। यदि अतिक्रमण किया गया है तो उसे तत्काल हटा लिया जाए।

# ईष्टदेव कॉलोनी में सड़क पर गड्ढे, लोगों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, हल्द्वानी

परेशानी
- बरसात में जलभराव होने से उठानी पड़ती है परेशानी
- सत्या विहार में लोग लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे

**अमृत विचार :** वार्ड 43 की ईष्टदेव कॉलोनी में सड़क पर गड्ढे होने से लोग जलभराव की समस्या से परेशान हैं। वहीं सत्या विहार जयदेवपुर आईटीओ रोड में ट्रांसफार्मर नहीं होने से लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसे लेकर लोगों ने गुरुवार को डीएम व नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। लोगों का कहना था कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से जलभराव हो जाता है। जिससे आने-जाने में दिक्कत होती है।

डिकर सिंह पडियार ने बताया कि नगर निगम की ओर से गत वर्ष अगस्त माह में सड़क का सर्वे कर डीपीआर तैयार की गई थी, लेकिन आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। सत्या विहार जयदेवपुर में ट्रांसफार्मर न होने से लोगों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस अवसर पर धीरज भट्ट, जगदीश जोशी, दीपक सुतेड़ी, सुरेश कांडपाल, संतोष बिष्ट, कृष्ण चंद्र जोशी, ललित मोहन, बसंत बल्लभ जोशी, कपिल, त्रिलोक बिष्ट, प्रकाश कांडपाल आदि रहे।

# नुमाइश को आबादी से दूर लगाने की मांग, ज्ञापन सौंपा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एमबी इंटर कॉलेज मैदान में नुमाइश लगने का विरोध शुरू हो गया है। इसको लेकर गुरुवार को लोगों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर के नेतृत्व में लोगों ने कहा कि एमबी इंटर कॉलेज मैदान में हर वर्ष नुमाइश लगती है, जिससे आसपास के लोगों को परेशानी होती है। वहीं नुमाइश के कारण सड़क पर जाम की स्थिति भी रहती है। उन्होंने डीएम से नुमाइश को आबादी क्षेत्र से हटाकर शहर से दूर किसी अन्य स्थान पर लगाने की मांग की। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद रवि वाल्मीकि, सुशील उनियाल, प्रताप सिंह चौहान, सुरेश मौजूद रहे।

# बैगुल-कल्याणी के किनारे बसे 43 और अतिक्रमण चिह्नित

## अब तक 300 अतिक्रमणकारियों को थमाया गया है नोटिस, लोगों की मांग पर अतिक्रमण ध्वस्त करने की दी 10 दिन की मोहलत


बैगुल नदी किनारे बने मकानों की नापजोख करती नगर निगम, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी के निर्देश के बाद नगर निगम, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की टीम का कल्याणी और बैगुल नदी में संयुक्त सर्वे जारी है। इसी क्रम में टीम ने बैगुल और कल्याणी नदी में 43 और अतिक्रमणकारियों को चिह्नित कर नोटिस सौंपा है। अब तक टीम 300 लोगों को नोटिस सौंप चुकी है। वहीं नोटिस के बाद नदी किनारे रहे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जगतपुरा, अटरिया पुलिया, आवास विकास पुलिस चौकी, किच्छा बाईपास रोड, खेड़ा पुलिया के पास नदी के निरीक्षण के बाद बरसात से पूर्व नदी में बने अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए नोटिस जारी कर हटाने के निर्देश दिए थे। इसको बाद निगम, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बैगुल और कल्याणी नदी के किनारे बसे लोगों का सर्वे करना शुरू कर दिया था। इसी क्रम में गुरुवार को टीम ने सर्वे कर 43 अतिक्रमण चिह्नित कर नोटिस थमाया।

**सख्ती**

नगर निगम की प्रभारी नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने बताया कि संयुक्त टीम की सर्वे की कार्रवाई जारी है। अब तक बैगुल और कल्याणी नदी के किनारे 300 अतिक्रमण चिह्नित कर नोटिस थमाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि टीम का सर्वे आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पहले गुरुवार से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जानी थी, लेकिन कुछ लोगों ने खुद अतिक्रमण ध्वस्त करने की मोहलत मांगी है। इसी को देखते हुए उन्हें हफ्ता-दस दिन की मोहलत दी गयी है। तय तिथि तक अगर उन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया तो टीम खुद अतिक्रमण ध्वस्त करेगी।


कल्याणी नदी के किनारे कब्जा होने के विरोध में प्रदर्शन करते भूतबंगला के लोग। ● अमृत विचार

# नदी किनारे कब्जे से भड़के लोग

संवाददाता, रुद्रपुर

**रोष**

- भूत बंगला के लोगों ने किया प्रदर्शन
- ध्वस्त नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार:** तीन पानी किच्छा हाईवे स्थित कल्याणी नदी किनारे चारदीवारी कर कब्जा होने के खिलाफ भूतबंगला के लोगों ने प्रदर्शन किया और ध्वस्त नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उनका आरोप था कि एक तरफा प्रशासन गरीबों को उजाड़ने का नोटिस भेज रही है। वहीं दूसरी ओर भू-माफियाओं को संरक्षण दे रही है।

गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता परवेज कुरैशी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कल्याणी नदी किनारे गरीब परिवारों को नोटिस भेजकर खाली कराने की चेतावनी दी गई है, जबकि दूसरी ओर तीनपानी किच्छा हाईवे मार्ग पर नदी के दोनों ओर चारदीवारी कर कब्जा कर कॉलोनी बसाने का प्रयास जारी है। चारदीवारी होने के कारण नदी का मार्ग संकरा हो चुका है।

उनका आरोप है कि प्रशासन वर्षों से काबिज गरीबों को बेघर करने पर तुली है और भू-माफियाओं को कब्जा दे रही है। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही कब्जा ध्वस्त नहीं हुआ तो लोगों के साथ आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर दिल नवाज, बाबू अहमद, नावेद खान, इमरान, अनीस, मेहरबान अली, भानु कोली, अब्बास पठान, नाना कुमार, विनोद कुमार, दानिश खान, फरमान अली आदि मौजूद रहे।

# बारिश से नुकसान का आंकलन करेगी टीम

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सांसद अजय भट्ट ने ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी उदयराज सिंह को पत्र लिखकर जिले में बारिश से नुकसान का संज्ञान लिया है। उन्होंने तराई केंद्रीय वन प्रभाव के बरहैनी रेंज में हुए बारिश से हुए नुकसान के लिए वन विभाग, सिंचाई विभाग, लोनिवि व राजस्व विभाग की एक संयुक्त टीम गठित करने को कहा है। साथ ही नुकसान का आगणन बनवाकर प्रभागीय वनाधिकारी तराई केंद्रीय को तत्काल धनराशि जारी कर स्थान को पक्का करने के निर्देश दिए।


सांसद अजय भट्ट।

जिलाधिकारी को भेजे पत्र में सांसद भट्ट ने कहा कि तराई केंद्रीय वन प्रभाग के बरहैनी रेंज के तहत बरहैनी नर्सरी हरसान वन मार्ग बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। कई मकान दो नदियों के बीच में हैं। नदी के उफान पर आने से करीब 700 मीटर के क्षेत्र में कटाव हो गया है। घरों से नदी की दूरी कुछ मीटर ही रह गई है। इस क्षेत्र में एक प्राथमिक विद्यालय भी स्थित है, जिसे भी खतरा बना हुआ है। पूर्व में भी पास ही में बहने वाली गडरी नदी में एक व्यक्ति के बहने से मौत हो गई थी।

उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस कटाव को नहीं रोका गया तो एक ही बाढ़ में ये सभी मकान, विद्यालय आदि नदी में समा जाएंगे। लिहाजा वन विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग और राजस्व विभाग की एक संयुक्त टीम का गठन कर आगणन बनाया जाए। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी तराई केन्द्रीय को तत्काल धनराशि जारी कर उस स्थान पर पक्का निर्माण करने के निर्देश देने को कहा।

### नशेड़ी ने बेचे भांजे के आभूषण

**बाजपुर:** नशेड़ी युवक ने बहन के साथ मेहमानदारी में आए भांजे के चांदी के आभूषण (हसली-खड़ुए) बेच दिए। ग्राम लखनपुर निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा नशे का आदी है। पिछले दिनों शादीशुदा बेटी मेहमानदारी के लिए अपने मायके ग्राम लखनपुर आई थी। आरोप है कि बेटे ने अपने ही भांजे के चांदी के हसली-खड़ुए चोरी करके बेच दिए।

### नाबालिग को बहला फुसला कर भगाया

**खटीमा, अमृत विचार:** पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसला कर भगाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वनकटिया निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 28 जून को ग्राम सिसैया (सितारगंज) निवासी मोहित सिंह उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया है। वह अपनी पुत्री की खोजबीन कई दिनों से कर रहा है तथा उसकी पुत्री व युवक का कोई पता नही चल पा रहा है। उसको अंदेशा है कि उक्त युवक उसकी पुत्री के साथ कोई घटना घटित कर सकता है। पुलिस ने इस मामले में सिसैया निवासी मोहित सिंह के खिलाफ धारा 363 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।


रोडवेज परिसर में गिरी दीवार। ● अमृत विचार

### बारिश से रोडवेज परिसर की गिरी दीवार

**काशीपुर:** बारिश के चलते रोडवेज डिपो परिसर में बने शौचालय से सटी एक दीवार भरभरा कर गिर गई। करीब आठ फीट की दीवार के अचानक गिरने से रोडवेज कर्मचारी चकित रह गए। दीवार गिरने की आवाज सुनकर सभी दौड़ पड़े। वहां देखा की शौचालय और परिसर के बीच बनी हुई दीवार पूरी तरह से गिर चुकी है। हादसे के दौरान वहां पर कोई मौजूद नहीं था, वर्ना कोई भी अप्रिय घटना हो सकती थी। दरअसल रोडवेज परिसर का भवन काफी पुराना हो चुका है, जिस वजह से भवन व दीवारें जीर्ण क्षीर्ण हो चुकी हैं। लेकिन विभाग इस ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दे रहा है।

# कुंदन नगर मार्ग पर रपटा पुल का 80 फीसदी कार्य पूर्ण

**प्रगति**

- कार्यदायी संस्था लघु सिंचाई विभाग करा रहा निर्माण
- जिला योजना के तहत कराया जा रहा रपटा पुल का निर्माण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देश पर कुंदन नगर-सुंदरपुर गांव को जोड़ने वाले मार्ग पर रपटा पुल के निर्माण के लिए जिला योजना के तहत वर्ष 2023-24 में लघु सिंचाई विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। रपटा पुल का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 20 प्रतिशत कार्य चल रहा है।


कुंदन नगर-सुंदरपुर मार्ग गांव को जोड़ने वाला रपटा पुल। ● अमृत विचार

अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार ने बताया कि रपटापुल भागड़ा नदी पर कुंदन नगर-सुंदरपुर को जोड़ने वाले मार्ग पर निर्माणाधीन है। उन्होंने बताया कि रपटापुल निर्माण के समय किसानों द्वारा रास्ते को लेकर विवाद था जिसे सुलझाने के बाद रपटा पुल का निर्माण कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। रपटा पुल ग्रामीणों को आने-जाने की सुविधा के लिए बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भागड़ा नदी में वर्ष भर जल रहता है इसलिए रपटा पुल को इस उद्देश्य से बनाया गया है कि वर्षा काल में नदी का जलस्तर बढ़ने पर पानी रपटा पुल के ऊपर से होकर जाए व पानी का स्तर कम होने पर हयुम पाइप से होकर निकले।

इससे ग्रामीणों को रपटा पुल से आने जाने में सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि रपटा पुल निर्माण में 1200 एमएम डायमीटर के ह्यूम पाइप का प्रयोग किया गया है व ह्यूम पाइप के नीचे आरसीसी का कार्य व रपटा पुल के दोनों और पुल की सुरक्षा के लिए सीसी ब्लॉक का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों से हो रही लगातार वर्षा के कारण भागड़ा नदी में जलस्तर बढ़ गया था, जलस्तर बढ़ने से पानी रपटापुल के ऊपर से होकर चल रहा था। वर्तमान में नदी का जलस्तर कम होने पर पानी ह्युम पाइप के अंदर से जा रहा है। रपटा पुल को नदी के जलस्तर बढ़ने से कोई भी क्षति नहीं हुई है।

### बारिश के बाद काशीपुर में उमस से लोगों का हाल बेहाल

**काशीपुर:** काशीपुर में गुरुवार को बारिश के बाद उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि बारिश के बाद हवा में नमी की मात्रा 70 फीसदी रही। इसके चलते लोगों को अधिक उमस का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि तराई के कई स्थानों पर गुरुवार को 17.4 एमएम बारिश हुई है। साथ ही शनिवार तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि गुरुवार को तराई का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि पूर्व दिशा से 13 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलने के साथ ही तराई के कई क्षेत्रों में 17.4 एमएम की बारिश हुई है।

**सूचना**

मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा सही व वास्तविक नाम शेखर चन्द्र पुत्र बाला दत्त दर्ज है। भूलवश मेरी बीमा पॉलिसी संख्या 43585 व पासबुक में मेरा नाम चन्द्रशेखर गलत दर्ज हो गया है। अतः मेरी बीमा पॉलिसी में मेरा सही व वास्तविक नाम शेखर चन्द्र दर्ज कर दिया जाये। **- शेखर चन्द्र पुत्र बाबा दत्त, निवासी ग्राम व पोस्ट आफिस - हल्दयानी, ब्लाक - बेतालघाट, जिला-नैनीताल (उत्तराखण्ड)**

**सूचना**

मेरे पति के सैन्य अभिलेखों में मेरा नाम NIRMALA DEVI दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। मेरे सभी दस्तावेजों के अनुसार मेरा सही व वास्तविक नाम NIRMLA DEVI है। अतः मेरे पति के सैन्य अभिलेखों में मेरा सही व वास्तविक नाम NIRMLA DEVI दर्ज कर दिया जाए। **- निर्मला देवी पत्नी आर्मी नं. 4199419Y हवलदार नेत्र सिंह, निवासी ग्राम शिलिंग, पो. सेरा, तहसील बंगापानी, पिथौरागढ़**

**सूचना**

मेरा पुत्र अतुल कुमार मिश्रा गलत संगत में पड़ गया है। जिस कारण आये दिन घर में लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, अभद्रता करता है। मेरा कहा नहीं मानता, मेरी देखभाल नहीं करता है, जिससे तंग आकर मैं अपने पुत्र को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए उससे अपने सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। भविष्य में अपने सभी प्रकार के कृत्यों वाद-विवाद, सामाजिक, आपराधिक, आर्थिक कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उससे मेरा कोई वास्ता, सरोकार नहीं रहेगा। **- गायत्री पत्नी श्री मनमोहन सिंह मिश्रा, निवासी - ग्राम शान्ति कॉलोनी, ग्राम दियोहरी, तहसील बाजपुर, जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)**


फीका नदी के बाढ़ संभावित राजपुर का निरीक्षण करते अग्निशमन अधिकारी।

### बाढ़ संभावित क्षेत्र राजपुर का निरीक्षण किया

**जसपुर:** अग्निशमन अधिकारी ने फीका नदी के बाढ़ संभावित राजपुर का निरीक्षण किया। जसपुर-भूतपुरी मार्ग स्थित गांव राजपुर व नादेही चीनी मिल के पास से गुजरने वाली फीका नदी का जल स्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसको दृष्टिगत रखते हुए प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा ने बाढ़ संभावित ग्राम राजपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम वासियों को आपदा से बचाव के बारे में आवश्यक जानकारी दी गयी व सतर्क रहने की सलाह दी गई। उन्होंने गांव वासियों से कहा कि बाढ़ की स्थिति पैदा होने पर तुरंत सूचित करें, ताकि समय रहते उसका मुकाबला किया जा सके।

# फैक्ट्री प्रबंधन व ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** फैक्ट्री प्रबंधन व ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों के साथ कोतवाली पहुंचे मृतक के परिजनों ने कोतवाल से मुलाकात की और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

गुरुवार को उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि की अगुवाई में काफी संख्या में लोग कोतवाली पहुंचे और कोतवाल मनोज रतूड़ी से मुलाकात कर तहरीर सौंपी। ग्राम रोशनपुर दोपुलिया तहसील गदरपुर निवासी राजपाल ने तहरीर में कहा है कि उसका छोटा भाई संजीव वाल्मीकि बाजपुर में बन्नाखेड़ा रोड पर स्थित एक फैक्ट्री में सफाई कर्मचारी के पद पर ठेकेदार राम सिंह किरोला के अंडर में काम करता था। वह दो जुलाई की रात 10:30 बजे से तीन जुलाई की प्रातः 6:30 बजे तक की ड्यूटी पर गया था। सुबह के करीब 3 बजे गार्ड के देखने पर उसका भाई मूर्छित अवस्था में वहां गिरा हुआ था और उसके हाथ व पैर अकड़े पड़े थे। कंपनी द्वारा उसे फोन किया तो वह सब लोग मौके पर पहुंच गए। भाई को एक निजी हास्पिटल ले गए जहां चिकित्सकों के मना करने पर परिवार के लोग काशीपुर ले गए, लेकिन वहां भी चिकित्सकों के मना करने पर मुरादाबाद लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने एंबुलेंस के अंदर ही देख कर मृत घोषित कर दिया। कहा कि यदि भाई को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल जाती तो वह बच सकता था।


बाजपुर कोतवाल से मुलाकात कर तहरीर सौंपते पीड़ित पक्ष के लोग। ● अमृत विचार

### अल नीनो समाप्त, अब शुरू होगा ला-नीना का प्रभाव, पड़ेगी भीषण ठंड

**पंतनगर, अमृत विचार:** इस बार अल-नीनो वर्ष होने की वजह से मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्मी पड़ी थी। रिकॉर्ड दिन तक उष्ण लहर रही जिस वजह से जन जीवन तक प्रभावित हो गया था। मौसम विभाग के अनुसार अब अल-नीनो का असर खत्म हो गया है। साथ ही अब ला-नीना का प्रभाव शुरू होगा। जिस वजह से भीषण गर्मी के बाद अब लोगों को भीषण ठंड देखने को मिलेगी।

अल-नीनो के प्रभाव की वजह से पिछले दिसंबर में दिन के समय अपेक्षाकृत ज्यादा तापमान दर्ज किया जा रहा था। साथ ही गर्मियों के मौसम में मार्च के अंतिम सप्ताह से गर्मी शुरू हो गई थी। पहले उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में सामान्य तौर पर नौ से 10 दिन ही उष्ण लहर रहती थी लेकिन इस बार 25 से ज्यादा दिन तक उष्ण लहर रही। साथ ही जून माह में रिकॉर्ड 12 दिन तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा था। यहां तक की अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया और पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। मौसम विज्ञानी के अनुसार अल-नीनो एक मौसमी घटना जो गर्मी के लिए जिम्मेदारी होती है। इसी तरह से ला-नीना भी मौसमी घटना है। जो ठंड के लिए जिम्मेदारी होती है। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि अब अल नीनो का असर पूरी तरह से समाप्त हो गया है और 10-15 दिन के अंदर ला नीना का प्रभाव शुरू होगा। जिसके चलते इस बार सामान्य से अधिक बारिश और ठंड पड़ने की संभावना है। अगर ऐसा होता है तो इस बार ठंड के मौसम में अच्छी बर्फबारी भी देखने को मिल सकती है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
जिला - नैनीताल
जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा
दिनाँक 11 जुलाई से 24 जुलाई 2024 तक
"विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान"
बी. डी. पांडे जिला चिकित्सालय (महिला एवं पुरुष नसबंदी), महिला चिकित्सालय हल्द्वानी (महिला नसबंदी), सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय हल्द्वानी (पुरुष नसबंदी) में प्रतिदिन निशुल्क सेवाएं प्रदान की जायेंगे।

- बिना चीरा बिना टाँका पुरुष नसबन्दी (एन.एस.वी) करने पर रु. 2000 लाभार्थी को भुगतान किया जायेगा।
- महिला नसबन्दी कराने पर रु0 1400 लाभार्थी को भुगतान किया जायेगा।
- पी.पी.आई.यू.सी.डी./पोस्ट एबॉर्शन आई.यू.सी.डी. अपनाने पर रु. 300 लाभार्थी को भुगतान किया जायेगा।
- कापर-टी/पी.पी.आई.यू.सी.डी. की सुविधा।
- परिवार कल्याण की अस्थायी विधि अपनाने की सुविधा।
- आर0टी0आई0 एवं एस0टी0आई0 की जाँच एवं उपचार।
- एच0आई0वी0/एड्स की जाँच एवं काउन्सलिंग।
- विकासखण्डों में शिविर के माध्यम से महिला/पुरुष नसबन्दी की सुविधा रहेगी।

शिविर में उक्त सभी सुविधायें निःशुल्क दी जायेंगी। शिविर में उपस्थित होकर अधिक से अधिक लाभ उठायें। अधिक जानकारी के लिए नजदीकी चिकित्सालय/स्वास्थ्य कार्यकर्ता/आशा कार्यकत्री से सम्पर्क करें। उक्त अवधि में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी शिविरों का आयोजन किया जायेगा।
अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एन0 एच0 एम0 नैनीताल | मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल | जिला अधिकारी नैनीताल

**खतरनाक** बरसात के चलते जलकर टूट रहे बिजली के तार, बिजली विभाग की लापरवाही

# खुले केबल बॉक्स व लटकते तार बने जानलेवा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** शहर में बिजली विभाग की लापरवाही कभी भी जानलेवा बन सकती है। सड़कों पर खुले केबल बॉक्स और लटकते तार राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं। शहर के मुख्य मार्गों व छतरी चौराहे पर ऐसे हालात देखे जा सकते हैं।

ऊर्जा निगम अधिकारियों ने कर्मियों को बॉक्स चेक करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन बॉक्स के खुले ढक्कन से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि कर्मी कितने लापरवाह हैं। बरसात के दिनों में ढक्कन खुले होने से बरसात का पानी बॉक्स के अंदर जा सकता है। इसके चलते कई केबल बॉक्स के ब्लास्ट होने की संभावना बनी रहती है। साथ ही तारों का टूटकर लोगों के चपेट में आने की संभावना भी बनी रहती है।


पुरानी अनाज मंडी के पास खुला पड़ा केबल बॉक्स। ● अमृत विचार

> लाइन का काम पूरा होने के बाद केबल बॉक्स को बंद करना संबंधित कर्मचारी की जिम्मेदारी है। ऐसा नहीं करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। - **विवेक कांडपाल**, अधिशासी अभियंता यूपीसीएल, काशीपुर

### बीते 15 दिनों में हो चुकी हैं दो घटनाएं

**घटना नंबर एक-** विगत दिनों मानपुर रोड पर बारिश के चलते बिजली के एक खंभे में करंट फैल गया था। इस बीच खंभे की चपेट में एक मवेशी आ गया था। जिससे मवेशी की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई थी। **घटना नंबर दो-** बुधवार को काशीपुर क्षेत्र में तेज बारिश के चलते खंभे से जा रही एक हाईटेंशन लाइन अचानक टूट कर नीचे गिर गई। गनीमत रही कि कोई इस लाइन की चपेट में नहीं आया। इसके चलते आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी ऊर्जा निगम को दी। इन घटनाओं के बावजूद बिजली विभाग लापरवाह बना हुआ है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### मगरमच्छ ने वृद्ध को बनाया निवाला

**नानकमत्ता :** मवेशी चराने गये वृद्ध को मगरमच्छ ने अपना निवाला बना लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस व वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सिद्धा गांव निवासी जगदीश सिंह राणा (60) बुधवार दोपहर नानकसागर डैम के पास ट्रंचिंग ग्राउंड के पीछे मवेशी चराने गया था। शाम को घर लौटने के दौरान फौड़ी नाला पार करने पर उसे मगरमच्छ ने अपना निवाला बना लिया। मवेशी तो घर आ गये लेकिन जगदीश नहीं पहुंचा। सुबह उसकी खोजबीन की गई तो उसका क्षत-विक्षत शव नाले के पास पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस और जौलासाल रेन्ज के वन कर्मियों ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक जगदीश सिंह का कोई नाते-रिश्तेदार नहीं है। सिद्धा के पूर्व प्रधान शंकर सिंह राणा के घर पर रहकर वह अपना जीवन यापन कर रहा था।

### फैक्ट्री में घुसकर वीडियोग्राफी करने पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** फैक्ट्री में घुसकर एक व्यक्ति वीडियोग्राफी करने लगा। फैक्ट्री कर्मियों द्वारा व्यक्ति का परिचय पूछा, तो जान से मारने की धमकी देने लगा। मामले में पुलिस ने फैक्ट्री के जीएम की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में अलीगंज रोड स्थित बहल पेपर मिल के जीएम राज भंडारी ने कहा कि 29 जून, 2024 की सुबह 8 बजे एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 एस 5288 से फैक्ट्री परिसर में आया व वहां वीडियो बनाने लगा। पूछने पर वह फैक्ट्री मालिक नवीन झांजी के बारे में पूछताछ करने लगा। फैक्ट्री के सिक्योरिटी सुपरवाइजर लव कुमार ने उसका परिचय जानना चाहा तो वह अभद्रता करते हुए धमकाने लगा। आरोप है कि व्यक्ति ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार की चपेट में आकर दो बाइक सवार घायल

**बाजपुर :** कार की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सीमावर्ती ग्राम शिकारपुर स्वार रामपुर (उप्र) निवासी मोहम्मद मतलूब अपने साथ गांव के ही मोहम्मद फईम के साथ बाइक पर घर से बाजपुर आ रहा था। बताया जाता है कि बुधवार की देर रात दोराहा के नजदीक बाजपुर रोड पर तेज रफ्तार कार चालक ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

मटकोटा के पास सड़क किनारे खड़ी पेवर मशीन से टकराई कार, एक घायल, रक्तदान करने दिनेशपुर से आए थे युवक

# सड़क हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत

हादसा


गोपाल मल्लिक।


सोनू सरकार।

संवाददाता, पंतनगर/दिनेशपुर


दिनेशपुर में मृतक गोपाल मल्लिक की बेसुध माता बसंती। ● अमृत विचार


गोपाल की मौत की खबर सुनकर रोती-बिलखती पत्नी डोली मल्लिक।

**अमृत विचार :** मटकोटा मोड के पास सड़क हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का हल्द्वानी के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए, जिनकी गमगीन माहौल में अंत्येष्टि कर दी गई।

बुधवार की शाम वार्ड नंबर-पांच दिनेशपुर निवासी गोपाल मल्लिक (28) पुत्र केशव मल्लिक व दीपू ढाली (26) पुत्र बाबू ढाली और वार्ड नंबर-चार दिनेशपुर निवासी सोनू सरकार (26) पुत्र धरम चंद्र सरकार आई-20 कार संख्या यूके 06/एम 9200 से किसी मरीज के लिए रक्तदान करने रुद्रपुर आए थे। रक्तदान के बाद देर रात रुद्रपुर से दिनेशपुर की ओर जाते समय उनकी कार मटकोटा एनएच-87 हाईवे पर बन रहे ब्रिज के पास खड़ी पेवर मशीन (सड़क बनाने वाली मशीन) से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में गोपाल मल्लिक और सोनू सरकार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दीपक ढाली गंभीर रूप से घायल हो गया।

### शोक में आधे दिन बंद रहा बाजार

**दिनेशपुर :** गुरुवार की दोपहर दोनों युवकों का शव नगर में पहुंचने पर उनके आवासों पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। शाम को नगर के मोक्ष धाम पर दोनों युवकों की एक साथ गमगीन माहौल में अंत्येष्टि हुई। उधर शोक में देवभूमि व्यापार मंडल ने आधे दिन बाजार बंद रखा। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पांडेय, भाजपा अध्यक्ष अनादिरंजन मंडल, दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी के अध्यक्ष मनोज राय उर्फ मुन्ना, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, पंजाबी महासभा के अध्यक्ष विशंभर लाल मिगलानी, पंजाबी महासभा अध्यक्ष केके गावा, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, हिमांशु सरकार, सत्यप्रकाश सिंह, दीपक मक्कड़, विक्रम मेहता, गोपाल चक्रवर्ती, विजय चौधरी, भोला शर्मा, विकास अरोरा, योगेश मिगलानी, अशोक कालड़ा, रवि सरकार, राजू गाईन, रोहित मंडल, अशोक कालड़ा, सागर सिंह शाहिद आदि मौजूद थे।

### दो बहनों का इकलौता भाई था गोपाल

**दिनेशपुर :** गोपाल मल्लिक अपनी दो बहनों का अकेला भाई था। गोपाल की एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसकी मौत से पत्नी डोली मल्लिक, माता बसंती मल्लिक व पिता केशव मल्लिक व दो बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गोपाल मल्लिक कंप्यूटर सेंटर चलाता था। उसका दूसरा साथी मृतक सोनू सरकार नगर का युवा व्यापारी था। सोनू सरकार अपने पीछे माता सुनीता सरकार, पिता धर्म चंद्र सरकार व बड़े भाई राहुल सरकार को रोता बिलखता छोड़ गया है। घायल तीसरा साथी दीपू ढाली मछली का व्यापारी है।

### वार्ड-5 में एक माह के भीतर हुईं पांच मौतें

**दिनेशपुर :** नगर के वार्ड- पांच में 30 दिनों के भीतर आकस्मिक व दुर्घटनाओं में पांच जवानों की मौतें हो चुकी हैं। जो नगर में एक चर्चा का विषय बना हुआ है।

# केयर टेकर ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी विजयलक्ष्मी की हत्या

## हत्याकांड का किच्छा पुलिस ने किया खुलासा, हत्यारोपियों ने 64 वर्षीय अस्थमा पीड़ित विजयलक्ष्मी की हत्या को दुर्घटना दिखाने का किया था प्रयास

कार्रवाई

- हत्यारोपी युवती और उसका प्रेमी पुलिस की गिरफ्त में, लूटे गए जेवर व नगदी बरामद

संवाददाता, किच्छा


किच्छा कोतवाली में हत्याकांड का खुलासा करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी एवं अन्य पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चार दिन पहले नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष अंजू जायसवाल की जेठानी विजयलक्ष्मी देवी जायसवाल की संदिग्ध हालातों में हुई मौत का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में अस्थमा पीड़ित विजयलक्ष्मी की देखभाल करने वाली केयर टेकर युवती और उसके शाहजहांपुर निवासी प्रेमी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने लूटपाट की इरादे से महिला की तकिए से मुंह दबाकर हत्या कर दी थी और महिला के जेवर व नगदी लूट कर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने चोरी हुए जेवर, नगदी सहित हत्या में प्रयुक्त तकिया बरामद कर लिए हैं।

नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष अंजू जायसवाल की पंजाबी मोहल्ला वार्ड नंबर 15निवासी जेठानी विजयलक्ष्मी देवी (64) का शव विगत 29 जून की सुबह उनके अपने घर के कमरे में मिला था। विजयलक्ष्मी के बिस्तर पर पड़े शव के निकट इनहेलर पंप तथा दवाई की गोलियां बिखरी हुई थीं। घटना की सूचना पर जयपुर से पहुंचे मृतका के पुत्र आशीष जायसवाल तथा दिल्ली से वापस लौटे पति हरीश चंद की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की थी। गत 2 जुलाई को मृतका के पुत्र आशीष जायसवाल ने पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए बताया कि माता विजयलक्ष्मी देवी के गले में पड़ी सोने की चेन, हाथ की अंगूठी तथा उनके पास सदैव रहने वाली कपड़े की पोटली गायब है। आशीष के अनुसार घटना वाली रात उनकी माता विजयलक्ष्मी के साथ पंत कॉलोनी किच्छा निवासी अंजली शर्मा नाम की युवती मौजूद थी जो कि विजयलक्ष्मी की पूरा दिन साथ रहकर देखभाल करती थी। शिकायत में उन्होंने कहा कि माता विजयलक्ष्मी की तबीयत के बारे में पूछताछ तथा उनके जेवरात के बारे में जानकारी हासिल करने पर अंजली लगातार परिजनों को गुमराह करती रही। शक होने के बाद परिजनों ने जब जांच की तो पता चला कि अंजली शर्मा द्वारा पंत कॉलोनी में नया मकान बनवाया जा रहा है। इसके चलते उस पर कई लोगों का कर्जा हो गया है और वे लोग लगातार अंजली से पैसे वापस करने का दवाब बना रहे हैं।

पुलिस को दी शिकायत में आशीष ने बताया कि जब परिजनों द्वारा अंजली शर्मा की हरकतों को देखने के लिए घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई तो घटना की रात अंजली शर्मा एक अनजान युवक के साथ घर के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में टहलती नजर आई। आशीष ने युवती अंजली शर्मा एवं अज्ञात युवक पर लूटपाट करने के इरादे से माता विजयलक्ष्मी देवी की हत्या करने तथा सोने की चेन, सोने की अंगूठी व पर्स लूटने का आरोप लगाया। गुरुवार को कोतवाली परिसर में घटना का खुलासा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी एवं सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन के बाद आरोपी अंजलि शर्मा एवं ग्राम चिनोर, थाना सदर, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश निवासी शिवम सक्सेना का नाम प्रकाश में आया। पुलिस टीम ने अंजली शर्मा एवं उसके प्रेमी शिवम सक्सेना को सूचना के आधार पर हल्द्वानी रोड पर निर्माणाधीन जेल के सामने से हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि घटना की रात 28 जून को विजयलक्ष्मी देवी घर के कमरे में सो रही थी। इसी दौरान अंजली ने घर के पीछे का दरवाजा खोलकर अपने प्रेमी शिवम को घर बुलाया। सो रही विजयलक्ष्मी द्वारा पहनी गई सोने की चेन तथा अंगूठी को जब आरोपियों ने उतारने का प्रयास किया तो वह नींद से जाग गईं। जागने के बाद दोनों ने तकिए से मुंह दबाकर विजय लक्ष्मी की हत्या कर दी। साथ ही सोने की चेन, अंगूठी, पोटली में रखे अन्य जेवर व 25 सौ रुपये की नगदी लूटकर मौके से फरार हो गए। साथ ही हत्या को दुर्घटना दिखाने के उद्देश्य से उनके अस्थमा के पंप को हाथ के निकट रख दिया तथा पूरे बिस्तर पर दवाइयां बिखेर दीं।

पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से सोने की चेन, लॉकेट, एक अंगूठी, दो चांदी के सिक्के तथा 1400 रुपये की नगदी के अलावा एक आधार कार्ड, दो मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद कर कब्जे में ले लिए। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मौके पर के एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, पुलिस क्षेत्राधिकारी बहादुर सिंह चौहान, कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पुलिस टीम में ये रहे शामिल

प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद जोशी, उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह नेगी, उप निरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट, उप निरीक्षक राजेंद्र पंत, उप निरीक्षक मनोज कुमार, अपर उप निरीक्षक जगदीश मेहरा सहित कांस्टेबल देवराज सिंह, कांस्टेबल ब्रजमोहन सिंह, कांस्टेबल दीपक बोरा, महिला कांस्टेबल अदिति, गीता एवं सोनिया शामिल रहे।

# गोलीकांड के मामले का अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन खंगालने में जुटी पुलिस

संवाददाता, रुद्रपुर

- शूटरों की तलाश में गठित हुईं सात पुलिस टीमें
- पंजाब, चंडीगढ़, बरेली सहित कई राज्यों में डाला डेरा

**अमृत विचार:** गोलीकांड की घटना के पीछे का मकसद का पर्दाफाश किए जाने के बाद अब पुलिस की सात टीमों ने जहां शूटरों की धरपकड़ को तेज कर दिया है वहीं पुलिस पूरे नेटवर्क के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन को जोड़ने में जुट गई है। यही कारण है कि एसएसपी के आदेश के बाद सात टीमों ने कई राज्यों में डेरा डाल लिया है और हर उस दिशा में तफ्तीश कर रही जो यूके में बैठे सहज विर्क से जोड़ती है। कारण शूटर की व्यवस्था बड़े गैंगस्टरों द्वारा किए जाने की संभावना है।

27 जून को सुनार गली गदरपुर निवासी अधिवक्ता प्रशांत सिंह को बाइक सवार दो शूटरों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। मामले की तफ्तीश करते हुए पुलिस ने 3 जुलाई को रेकी करने वाले तीन आरोपी वंश दीप सिंह, मंदीप सिंह रायर और करण जीत सिंह संधू को गिरफ्तार कर अंतरराष्ट्रीय तार जुड़े होने की जानकारी दी थी। एसएसपी ने बताया था कि यूके में बैठे सहज विर्क के इशारे पर ही रेकी और गोली कांड को अंजाम दिया गया, लेकिन शूटर का कोई भी लोकल कनेक्शन नहीं निकला।

ऐसे में पुलिस का दावा है कि शूटरों की व्यवस्था सहज ने बाहरी राज्यों से या फिर बड़े गैंगस्टर के द्वारा की होगी। इसी को ध्यान में रखते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने सात टीमों का गठन किया और पंजाब, चंडीगढ़, बरेली, रामपुर सहित कई राज्यों में टीमों को रवाना कर दिया। जहां पुलिस टीमें शूटर की तलाश के साथ-साथ सहज विर्क, शूटर व लोकल गुर्गों की खोजबीन करेगी। कारण सहज द्वारा फिरौती गैंग बनाने के इरादों को पुलिस भांप चुकी है और नेटवर्क को ध्वस्त करने की रणनीति बना चुकी है।

# पंतनगर में चोरों ने कुंडे तोड़कर तीन बंद घर खंगाले

बेखौफ

- छह माह पहले तीन घरों में चोरी का अब तक नहीं हुआ खुलासा
- चोरों का दुस्साहस बना पुलिस के लिए चुनौती

संवाददाता पंतनगर


चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विवि परिसर में बुधवार की रात चोरों ने झा कॉलोनी में सौ मीटर दायरे में तीन घरों के कुंडे तोड़कर चोरी की। सुबह जानकारी होने पर पड़ोसियों ने आवास मालिकों सहित सुरक्षा विभाग को सूचना दी। सुरक्षा कर्मियों ने पुलिस को बुलाकर घटना स्थलों का मौका मुआयना कराया।

बुधवार की रात पहली घटना झा-कॉलोनी के आवास संख्या-923 में रमेश चंद्र चंदोला के आवास पर हुई। रमेश मंगलवार की शाम अपना घर बंद कर मूल निवास तिवारी नगर बिंदुखत्ता चले गए थे। अगले दिन सुबह 7.30 बजे जब वह पंतनगर में आवास पर पहुंचे, तो घर का ताला टूटा हुआ था और कमरे का सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था।

अलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ था, जिसमें से ढाई तोले सोने की कान की बाली, मांग टीका, मंगलसूत्र और 40 हजार रुपये नकद गायब थे। दूसरी घटना कुछ दूरी पर पंतनगर इंटर कॉलेज में कार्यरत भावना टम्टा के आवास संख्या-899 में हुई। वह स्कूल की छुट्टी होने के कारण अपने घर शांतिपुरी गई हुई थीं। बुधवार रात चोरों ने दरवाजे का कुंडा तोड़कर उनका पूरा घर खंगाल दिया, लेकिन कुछ लेकर नहीं गए। तीसरी घटना चीफ हाउस में रहने वाली पूजा के आवास में हुई। वह भी कहीं बाहर गई थीं, सुबह पड़ोसियों ने उनके घर का कुंडा टूटा देखकर उन्हें सूचना दी। उन्होंने घर पहुंचकर देखा तो चोरों ने उनका घर तो खंगाला, लेकिन कोई सामान नहीं ले गए थे।


लगभग छह माह पूर्व भी टा-कॉलोनी में चोरों ने दो सौ मीटर क्षेत्र में तीन बंद घरों के कुंडे तोड़कर चोरी की थी। जिसके खुलासे के लिए पुलिस की टीमें लगी रहीं, परंतु आज तक खुलासा नहीं कर पाई हैं। विवि परिसर में चोरों के हौसले तब इतने बुलंद हैं, जब उसकी सुरक्षा के लिए 400 कर्मियों का सुरक्षा विभाग 24 घंटे मुस्तैद रहता है।

शिकंजा | बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की अनुमति नहीं होने पर पीसीबी ने की कार्रवाई

# पीसीबी ने 168 अस्पतालों को दिया नोटिस

- अस्पतालों को 15 दिन में अनुमति लेने के दिए निर्देश
- जिले में 700 से अधिक अस्पताल हैं पंजीकृत

अजीत प्रताप गोस्वामी, काशीपुर




**अमृत विचार :** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की अनुमति न लेने पर जिले के 168 अस्पतालों को नोटिस जारी किया है। साथ ही 15 दिनों के अंदर अनुमति लेने के साथ ही जवाब भी मांगा है। बोर्ड की इस कार्रवाई से अस्पताल संचालकों में खलबली मच गई है। साथ ही बोर्ड अधिकारियों के अनुसार, समय पर जवाब न देने पर अस्पतालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अंतर्गत जिले में सात सौ से अधिक सरकारी व प्राइवेट अस्पताल पंजीकृत हैं। इसमें नर्सिंग होम, पैथोलॉजी सेंटर, क्लीनिक, अस्पताल शामिल हैं। सभी तरह के अस्पतालों को संचालित करने के लिए बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन से अनुमति ली जाती है। लेकिन जिले के 168 अस्पतालों ने अनुमति नहीं ली है।

इस पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सभी अस्पतालों को नोटिस जारी किया है। इसमें 87 सरकारी जबकि 81 प्राइवेट अस्पताल शामिल हैं। उधर, पीसीबी की सख्त कार्रवाई से अस्पताल प्रबंधनों में हड़कंप मचा हुआ है।

> जिले के 168 अस्पतालों को बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की मंजूरी नहीं होने पर नोटिस भेजे हैं। 15 दिनों में नोटिस का जवाब नहीं देने वाले अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-नरेश गोस्वामी**, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

### कई अस्पतालों ने नहीं कराया नवीनीकरण

काशीपुर। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मिली जानकारी के अनुसार, जिले के 168 अस्पतालों को बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की मंजूरी नहीं होने पर नोटिस भेजे गए हैं। इनमें से कई अस्पताल ऐसे हैं जिनके पास मंजूरी तो है, लेकिन नवीनीकरण न होने पर प्रदूषण बोर्ड ने संबंधित अस्पतालों को नोटिस दिए हैं। वहीं बोर्ड अधिकारियों ने ऐसे अस्पताल संचालकों को जल्द ही नवीनीकरण कराने को कहा है।

# शराब पीकर स्कूल बस चला रहा था चालक


संवाददाता, रुद्रपुर

कार्रवाई

- छह महिलाओं को टक्कर मारने वाले बस चालक पर मुकदमा
- मृतका के देवर ने सौंपी थी पुलिस को तहरीर

**अमृत विचार:** दो जुलाई को छह महिलाओं को टक्कर मारने के मामले में मेडिकल परीक्षण में स्कूल बस चालक द्वारा शराब पीने की पुष्टि हो चुकी है। पुलिस ने हादसे की शिकार मृतक महिला के देवर की तहरीर पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

2 जुलाई को शाम चार बजे गंगापुर रोड स्थित निजी स्कूल के बस चालक ने काशीपुर हाईवे पर सवारी का इंतजार कर रही छह महिलाओं को रौंद दिया था। जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी, जबकि पांच महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं थीं। प्रकरण में पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में लेकर मेडिकल परीक्षण कराया तो चालक द्वारा अत्यधिक शराब पीने की पुष्टि हुई। उधर पिपलिया -एक प्रेम नगर निवासी नारायण मिस्त्री ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दो जुलाई को उसकी भाभी मीनू मिस्त्री काम कर सवारी का इंतजार कर रही थी कि तभी स्कूल बस संख्या यूके-06 पीए-1112 ने महिलाओं को टक्कर मार दी। इससे उसकी भाभी मीनू मिस्त्री की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में पता चला कि बस का चालक सुखविंदर सिंह निवासी बरसैना गुलडिया बिलासपुर यूपी ने अत्यधिक शराब का सेवन किया हुआ था। फ्लाईओवर पर भी अनियंत्रित बस चालक को लोगों ने रोकने का भी प्रयास किया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चालक को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## सार-संक्षेप


किसानों को जानकारी देते गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी।

### कीड़ों के प्रकोप से बचने के लिए दवा का छिड़काव करें

**काशीपुर** : गन्ना विकास परिषद काशीपुर के तत्वावधान में आम पोखरा गांव में एक गन्ना कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी को संबोधित करते हुए गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने किसानों को गन्ने की नई प्रजाति 15023, 14201 तथा 0118 के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कृषकों को बताया कि जब आप गन्ने का बीज का रोपण करें, तो उसका शोधन जरूर करें। गन्ने के उत्तम क्वालिटी के बीजों का ही चुनाव किया जाए। जुलाई के महीने में कीड़ों के प्रकोप से बचने के लिए दवा का छिड़काव करें। इस अवसर पर गन्ना कृषक बालम सिंह, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, अशोक आदि के साथ-साथ गन्ना विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### हाथरस घटना पर कांग्रेस प्रदेश सचिव ने जताया शोक

**काशीपुर** : उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को सत्संग के दौरान मची भगदड़ में हुई 121 लोगों की मौत पर कांग्रेस ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव अरुण चौहान ने यूपी में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। मीडिया को जारी बयान में कांग्रेसी नेता अरुण चौहान ने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है। इस तरह के कोई सार्वजनिक समारोह होते हैं तो प्रशासन को सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने चाहिए। कार्यक्रम में इतने लोगों की जान जाना बेहद दुखद है। कार्यक्रम से पहले प्रशासन को इस बात का ध्यान रखना चाहिए था कि लोगों की सुरक्षा के पूरे इंतजाम हुए हैं या नहीं। इस मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहिए और घायलों के इलाज में कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने यूपी सरकार द्वारा घायलों के लिए घोषित मुआवजा राशि को नाकाफी बताते हुए इसे बढ़ाये जाने की मांग भी की।

### नेता विपक्ष राहुल गांधी के हिंदू विरोधी बयान की निंदा

**जसपुर**। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह चौहान ने जसपुर-भूतपुरी मार्ग स्थित अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिंदू विरोधी बयान की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि उन्हें अभी तक हिंदू धर्म और हिंदू की परिभाषा का ही पता नहीं है। उन्होंने कहा कि हिंदू यदि हिंसक होता तो उसे विश्व गुरु का दर्जा प्राप्त नहीं होता। यह वही सनातन धर्म है जिसमें चींटी से लेकर पेड़, पत्ते और पत्थर तक पूजे जाते हैं। वे इस संबंध में राष्ट्रपति को एक पत्र भी भेजेंगे और करवाई करने की मांग करेंगे। इस दौरान मनोज पाल, कमल चौहान, राजकुमार चौहान, मास्टर भूदेव सिंह चौहान, सुनील शर्मा, चौधरी करन सिंह आदि मौजूद रहे।


खड़क सिंह चौहान।


रुद्रपुर में राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता।

### भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**रुद्रपुर** : विगत दिनों लोकसभा सत्र के दौरान नेता विपक्ष राहुल गांधी के हिंदुओं के खिलाफ दिए बयान से भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। विरोध में कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पर सांसद गांधी का पुतला फूंका। गुरुवार को भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री बिट्टू चौहान के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता भगत सिंह चौक पर एकत्रित हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सांसद राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रजत दीक्षित, मंडल अध्यक्ष भाजयुमो गोविंद, महामंत्री आदेश भारद्वाज, महामंत्री जितेंद्र संधु, प्रांजल रस्तोगी, उपाध्यक्ष विक्की राघव, उपाध्यक्ष सूरज पांडे, नीरज भारद्वाज, मनमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

### नवनियुक्त बीडीओ ने कार्यभार संभाला

**जसपुर**। नवनियुक्त खंड विकास अधिकारी शमीम अहमद ने गुरुवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे सितारगंज से स्थानांतरित होकर यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि खंड विकास कार्यालय के माध्यम से कार्यान्वित होने वाली सभी सरकारी योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाएगी। इसके लिए समय-समय पर विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा।


कार्यभार ग्रहण करते बीडीओ शमीम अहमद।

# तीन माह में जन-जन तक संपूर्णता अभियान पहुंचाने का लक्ष्य: पांडेय

## अभियान के माध्यम से क्षेत्र को अन्य विकासशील व विकसित ब्लॉक के समकक्ष लाना लक्ष्य

- कहा-गदरपुर आकांक्षी ब्लॉक में है चयनित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : नीति आयोग भारत सरकार की ओर से आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन जिलाधिकारी उदयराज सिंह व राज्य आंदोलनकारी अवतार सिंह बिष्ट ने दीप जलाकर किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को छह संकेतकों का लक्ष्य प्राप्त करने की शपथ दिलायी।

गुरुवार को एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक गदरपुर अरविंद पांडेय ने कहा कि इस अभियान को सफलतापूर्वक तीन माह के अंतराल में जन-जन तक पहुंचाना है। गदरपुर आकांक्षी ब्लॉक में चयनित किया गया है। इसलिए इस क्षेत्र को अभियान के माध्यम से अन्य विकासशील व विकसित ब्लॉक के समकक्ष लाना है। नीति आयोग के सलाहकार चंद्रमणि पालीवाल ने कार्यक्रम में अपने विचार रखे। जिलाधिकारी ने बताया कि नीति आयोग ने 4 जुलाई से 30 सितंबर तक संपूर्णता अभियान आरंभ किया गया है। इसका उद्देश्य देश भर के आकांक्षी जिलों में छह प्रमुख संकेतकों और आकांक्षी ब्लॉकों में इन संकेतकों के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

राज्य आंदोलनकारी अवतार सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि आने वाला दशक उत्तराखंड राज्य का दशक होगा। इसे साकार करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सशक्त उत्तराखंड बनाने का लक्ष्य रखा है। यह उत्तराखंड को अग्रणी राज्य बनाने के लिए सराहनीय कदम है। इस अवसर पर सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम पंकज उपाध्याय, सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा, एपीडी संगीता आर्या, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. एके वर्मा, सीईओ केएस रावत, डीईओ डीएस राजपूत, हरेंद्र कुमार मिश्रा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी समेत कई अधिकारी व आशा कार्यकत्रियां मौजूद रही।


दीप जलाकर अभियान का शुभारंभ करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह एवं राज्य आंदोलनकारी अवतार सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

# विकासखंड वार बीडीसी बैठकों का रोस्टर जारी

संवाददाता, रुद्रपुर

- रुद्रपुर में 11 जुलाई और 18 सितंबर को आयोजित होगी बैठक
- डीएम ने नोडल और सहायक नोडल अधिकारी किए नामित

**अमृत विचार** : जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिये विकासखंडवार क्षेत्र पंचायतों की बैठक का रोस्टर जारी किया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र पंचायत खटीमा में 30 अगस्त को क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की जायेगी। इसके लिए परियोजना निदेशक डीआरडीए. को नोडल अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि विकासखंड सितारगंज में 29 जुलाई और 4 सितंबर को बैठक आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी व जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। रुद्रपुर में 11 जलाई और 18 सितंबर को बैठक आयोजित की जाएगी। इसके लिए मुख्य कृषि अधिकारी को नोडल अधिकारी, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी, गदरपुर में 19 जुलाई व 26 सितंबर को बैठक अयोजित की जाएगी। जिसके लिए मुख्य उद्यान अधिकारी को नोडल अधिकारी व जिला क्रीड़ा अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है। बाजपुर में 26 जुलाई को व 7 अक्टूबर को बैठक आयोजित की जायेगी जिसके लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को नोडल अधिकारी व जिला पर्यटन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है। काशीपुर में 7 अगस्त व 16 अक्टूबर को बैठक आयोजित की जायेगी जिसके लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को नोडल अधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को सहायक नोडल अधिकारी एवं जसपुर में 21 अगस्त व 26 अक्टूबर को बैठक आयोजित की जायेगी जिसके लिए सहायक निबंधक सहकारी समिति को नोडल अधिकारी एवं जिला सेवायोजन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है।


गदरपुर में भारतीय किसान यूनियन बैठक में विचार विमर्श करते किसान।

### किसानों के नलकूपों का बिजली बिल माफ हो: कलसी

**गदरपुर** : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक दल की मासिक बैठक काम्बोज धर्मशाला में आयोजित की गई। इसमें वर्तमान में चल रही किसानों की समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की गई। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन पर अराजनीतिक दल की काम्बोज धर्मशाला में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता साहब सिंह ने की। बैठक में उत्तर प्रदेश की तरह उत्तराखंड में भी किसानों के ट्यूबवेल के बिजली बिल माफ करने, बेसहारा पशुओं की समस्या का समाधान करने की मांग उठाई गई। बैठक में किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बलविंदर सिंह कलसी ने कहा कि ऊर्जा प्रदेश होने के बावजूद किसानों के बिजली बिल माफ नहीं किए जा रहे हैं जबकि उत्तर प्रदेश में बिजली के बिल किसानों के सरकार ने माफ कर दिए हैं। इस दौरान कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी ने बताया कि राजेंद्र काम्बोज को युवा जिला अध्यक्ष, सुखविंदर सिंह कुमाऊं मंडल महासचिव, साहब सिंह तहसील अध्यक्ष, गुरबक्श सिंह तहसील उपाध्यक्ष, सविंदर सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष, रमन मैनी तहसील सचिव, अंग्रेज चन्द ब्लॉक सचिव, दिलशाद अली तहसील अध्यक्ष, सुरजीत सिंह युवा ब्लॉक अध्यक्ष, सतनाम चन्द को महासचिव, सज्जाद हुसैन तहसील सचिव बनाया गया है।

# 41 प्रधानाचार्यों ने सीखा प्रबंधन कौशल

- आईआईएम में एक्सपोजर विजिट पहल के तहत आयोजित किया गया कार्यक्रम

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को हर शैक्षणिक संस्थान तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाते हुए भारतीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर ने सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों के 41 प्रिंसिपलों का दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट आयोजित किया।

आईआईएम काशीपुर के डिजाइन इनोवेशन सेंटर (डीआईसी) ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की एक्सपोजर विजिट पहल के तहत उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा के 41 प्रिंसिपलों की मेजबानी की। इसका उद्देश्य स्कूली शिक्षकों और प्रिंसिपलों को राष्ट्रीय महत्व वाले संस्थानों में अपनाई जाने वाली प्रबंधन तकनीक और कौशल से परिचित कराना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 इस बात पर जोर देती है कि व्यावसायिक कौशल शिक्षा स्कूल और उच्च शिक्षा का अभिन्न अंग होगी। एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य उन्हें देश भर के संस्थानों की ओर से उपयोग की जाने वाली उन्नत प्रक्रियाओं और तकनीकों से परिचित कराना है। ट्रेनिंग के बाद यह प्रधानाचार्य, अपने आस-पास के स्कूलों के शिक्षकों को सलाह दे सकते हैं। डिजाइन इनोवेशन सेंटर की समन्वयक प्रो. कुमकुम भारती ने कहा कि छह सत्रों में उन्हें कैंपस विकास गतिविधियां, डिजिटल लर्निंग पहल, शिक्षण और सीखने पर केंद्रित पहल, स्कूली शिक्षा में प्रौद्योगिकी का उपयोग, संपर्क अवसर और नेटवर्किंग, और कौशल शिक्षा का उन्नयन आदि सिखाया गया। उपस्थित लोगों को सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के विभिन्न खंडों से चुना गया था, जिनमें निजी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल और अन्य सरकारी स्कूल शामिल थे। आईआईएम काशीपुर के प्रभारी निदेशक प्रो. सोमनाथ चक्रवर्ती, कर्नल अजय कुमार उपाध्याय, सीएओ, प्रो. विवेक कुमार, डा. मोहम्मद आसिफ मुस्तफा खान, प्रो. वैभव भमोरिया, प्रो. स्मारक समरजीत आदि शामिल रहे।


एक्सपोजर विजिट में मौजूद प्रधानाचार्य एवं अतिथि। ● अमृत विचार

# 20 को बाजपुर में होगा गतका मुकाबला

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार** : उत्तराखंड गतका एसोसिएशन प्रदेश में राज्य स्तरीय मुकाबले 20 जुलाई को बाजपुर में करवाने जा रहा है, जिसमें राज्य के अनेक जनपदों से चयनित खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यहां से विजयी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

एसोसिएशन के उत्तराखंड गतका संगठन के जनरल सेक्रेटरी सरदार हरप्रीत सिंह ने बताया कि गतका को राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया गया है, जिसके चलते प्रत्येक वर्ष गतके की राष्ट्रीय प्रतियोगिता जनपद से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न स्तरों तक संपन्न करवाई जाती है। इसी प्रक्रिया के तहत जनपद ऊधम सिंह नगर गतका एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी बलजीत सिंह की अगुवाई में ऊधम सिंह नगर गतका संगठन ने अपना जिला ट्रायल गुरुवार को करवाया।

बाजपुर के मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुए इस ट्रायल प्रतियोगिता में बाजपुर, काशीपुर, रुद्रपुर, हल्द्वानी, नैनीताल, धामपुर, बिजनौर, अफजलगढ़ आदि जगहों से पहुंचे सैकड़ों बच्चों ने हिस्सा लिया। इस ट्रायल प्रतियोगिता में चयनित हुए बच्चे 20 जुलाई को रामराज रोड बाजपुर में स्थित एक मैरिज पैलेस में प्रस्तावित स्टेट गतका चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर उत्तराखंड गतका संगठन के जनरल सेक्रेटरी सरदार हरप्रीत सिंह, स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट से रघुवीर सिंह, ओलंपिक एसोसिएशन आफ उत्तराखंड से डा.डीके सिंह व सुरजीत सिंह ग्रोवर आदि ने चयनित बच्चों को बधाई दी है।


गतका के जनपदीय ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों के साथ एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# अभिनेत्री कविता कौशिक 14 को काशीपुर आएंगी

- ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के एक कार्यक्रम में लेंगी भाग

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : प्रसिद्ध टीवी अभिनेत्री कविता कौशिक आगामी 14 जुलाई को ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के ओरिएंटेशन प्रोग्राम की मुख्य अतिथि होंगी।

उक्त जानकारी देते हुए कॉलेज के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. मनोज मिश्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से नए छात्र-छात्राओं के स्वागत और मार्गदर्शन के लिए आयोजित किया जा रहा है। कविता कौशिक, जो अपने बेहतरीन अभिनय और समाज सेवा के कार्यों के लिए जानी जाती हैं, छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के लिए अपने अनुभव साझा करेंगी। उनकी उपस्थिति न केवल बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी, बल्कि उन्हें मीडिया और मनोरंजन उद्योग के विभिन्न पहलुओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान करेंगी।


टीवी अभिनेत्री कविता कौशिक।

नियम | व्यापारियों से नोटिसों व पत्राचार में होना चाहिए डिन/आरएफ एन अंकित

# हर सूचना के लिए समन न जारी करें जीएसटी अधिकारी

- जीएसटी अधिकारियों को दिए गए हैं मुख्यालय के कड़े निर्देश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : हर सूचना प्राप्त करने के लिए समन जारी न करने तथा व्यापारियों से पत्राचार में डिन/आर एफ एन नम्बर जारी करने सहित विभिन्न निर्देश व्यापारी शोषण तथा भ्रष्टाचार की संभावनाओं को कम करने के लिये केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड तथा राज्य कर विभाग ने अधिकारियों के लिये लागू कर रखे हैं।

यह खुलासा सूचना अधिकार के अंतर्गत राज्य कर मुख्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा समन तथा व्यापारियों से पत्राचार व नोटिसों के सम्बन्ध में जारी निर्देशों को राज्य कर विभाग में लागू कराने के सम्बन्ध में सूचना आयुक्त राज्य कर कार्यालय के लोक सूचना अधिकारी से मांगी थी। सूचना के अनुसार केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड की तरफ से जीएसटी समन के सम्बन्ध में जारी निर्देश के अन्तर्गत समन जारी करने की शक्ति का प्रयोग विवेक पूर्वक और सम्वयक विचार करते हुए किया जाना चाहिए। जहां समन के अतिरिक्त अन्य प्रावधानों के अंतर्गत सूचना प्राप्त की जा सकती है वहां इन प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जानी चाहिए।

जीएसटी पोर्टल पर डिजिटली/आन लाइन उपलब्ध वैधानिक दस्तावेजों की प्राप्ति को समन जारी करने से बचना चाहिये। किसी कम्पनी या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में उच्चाधिकारियों को तभी समन जारी करने चाहिए जब जांच में यह स्पष्ट संकेत हो कि जिस निर्णय में राजस्व क्षति हुई हो, ऐसा निर्णय लेने में वह सम्मिलित रहे हैं। निर्देशों में समन देकर बुलाकर स्वयं गायब होने वाले अधिकारियों के सम्बन्ध में भी यह निर्देश दिया गया है कि समन में निर्धारित तारीख व समय पर जारीकर्ता अधिकारी को उपस्थित होना चाहिये। अनुपस्थिति की दशा में जिस व्यक्ति को समन किया गया है, उसे अग्रिम रूप से लिखित या मौखिक रूप से सूचित किया जाना चाहिये।

इसके अतिरिक्त ऐसी महिला जो परंपरा स्वरूप सार्वजनिक रूप से उपस्थित नहीं हो सकती अथवा सीपीसी की धारा 132 व 133 के अन्तर्गत विशेषाधिकार प्राप्त व्यक्तियों की छूट को भी समन जारी करने में ध्यान में रखा जाना चाहिये। समन के मामले व सम्बन्धित दस्तावेजों तथा अभियुक्त/गवाह किस रूप से उसे बुलाया गया है, स्पष्ट लिखित होना चाहिये।

### पत्राचार के दौरान आरएफएन जनरेट करने के निर्देश

**काशीपुर**। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में राज्य कर प्राधिकारियों द्वारा दस्तावेज संदर्भ संख्या (आरएफएन) जारी करने और करदाता को इनके सत्यापन की सुविधा जीएसटीएन (पोर्टल) द्वारा प्रदान की गयी है। करदाताओं को संसूचित किये जाने वाले विभिन्न दस्तावेजो प्रपत्र जैसे नोटिस/आदेश जी.एस.टी. पोर्टल के माध्यम से जनित किये जाते हैं, उनमें डिन/दस्तावेज पहचान संख्या/आर एफ एन (संदर्भ संख्या) होता है। कर दाताओं के साथ किये जाने वाले ऑफलाइन पत्राचार के लिये भी आर एफ एन जनरेट करने के निर्देश दिये गये हैं ताकि पोर्टल से इसका सत्यापन किया जा सके तथा फर्जी तथा अनावश्यक नोटिस देकर व्यापारियों के अवैध शोषण पर रोक लग सके।

# उत्तराखंड डांस स्पोर्ट्स की टीम ने चेन्नई में जीते आठ पदक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार**: चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में उत्तराखंड डांस स्पोर्ट्स की टीम ने 9 पदक जीते हैं। इसमें दो स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। टीम में 11 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता 28 से 30 जून तक आयोजित हुई।

गुरुवार को चेन्नई से लौटने के बाद डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन उत्तराखंड के महासचिव सन्नी पाल ने बताया कि सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में संध्या और जसप्रीत कौर ने स्वर्ण पदक, यशस्वी श्रीवास्तव ने रजत पदक जीता। जबकि जूनियर वर्ग में स्नेहिल अरोड़ा और रूप गांधी ने रजत पदक, हर्षिता पनेरू ने कांस्य पदक पदक जीता। इसी तरह सब-जूनियर वर्ग में प्राची पटेल और हिमानी मेहता ने कांस्य पदक जीत कर अपने शहर और उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि चेन्नई में हुई राष्ट्रीय डांस स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में पीटीसी पंजाबी के शो डांस पंजाबी डांस के जज गगन बेदी और राष्ट्रीय कोच विनोद शंकर जज रहे। इसमें लगभग 1500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व में भी उत्तराखंड की टीम दो बार राष्ट्रीय डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर पदक जीत चुकी है।


पदक के साथ डांस स्पोर्ट्स की टीम। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी से कार्रवाई की मांग करते मृतक के परिजन।

### फरार कार चालक को गिरफ्तार करने की मांग उठाई

**बाजपुर :** चार दिन पहले सड़क हादसे में मारे गए युवक के परिजनों व मोहल्लेवासियों ने कोतवाली पहुंचकर फरार कार चालक पर मुकदमा दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार करने की मांग की है। मृतक के पिता मोहल्ला मझरा-प्रभु वार्ड नंबर-एक निवासी इशरार अहमद ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि एक जुलाई की मध्य रात्रि करीब 12 :20 बजे उनका बेटा गुड्डू (21) रामराज रोड पर स्थित पावर स्पेक फैक्ट्री विक्रमपुर इंडस्ट्रियल एरिया बाजपुर से ड्यूटी करके साइकिल पर अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह रामराज रोड पर स्थित एक हास्पिटल के पास पहुंचा तभी किसी अज्ञात कार चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने से गुड्डू को काफी गंभीर चोटें आईं। कुछ लोगों द्वारा उसे घायलावस्था में अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया, जहां से उसे रेफर करने पर स्वजन काशीपुर ले गए, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। गुरुवार को कोतवाली पहुंचे मृतक के परिजनों व मोहल्लेवासियों ने मौके पर मौजूद एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी से मुलाकात कर आरोपित कार के अज्ञात चालक पर मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई करने की मांग की। एसआई ने उन्हें बताया कि पुलिस सीसीटीवी कैमरों आदि की मदद से आरोपित वाहन एवं उसके मालिक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। इस मौके पर युवा नेता प्रेम सिंह यादव, कांग्रेस के प्रभारी नगराध्यक्ष रेशम यादव, भूरा आदि मौजूद रहे।


बाजपुर चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह को ज्ञापन सौंपते कॉलोनीवासी।

### वार्ड 9 में नाले की सफाई करवाने की मांग

**बाजपुर :** सहकारी चीनी मिल की आवासीय कॉलोनी के पीछे वार्ड-9 में नाले की सफाई करवाने की मांग को लेकर कॉलोनीवासियों ने मिल के प्रधान प्रबंधक को उनके आवास पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को कॉलोनी के कुछ लोग एकत्रित होकर चीनी मिल के प्रशासनिक भवन जा पहुंचे और वहां मौजूद प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराने के साथ ही ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि वार्ड नंबर-9 चीनी मिल के कमरों के पीछे एवं नाले की सफाई नहीं हुई है और सफाई न होने के कारण बरसात के इस मौसम में कॉलोनी के अंदर गंदा पानी भर जाता है। इससे वहां जहरीले कीड़े-मकोड़े, सांप आदि का खतरा बना हुआ है। उनकी कॉलोनी में सफाई करवाकर समस्या का समाधान किया जाए। ज्ञापन देने वालों में अनुज तिवारी, मनोज ठाकुर, गौतम, राहुल पांडेय, अभिषेक, रवि, अमित आदि शामिल रहे। वहीं प्रधान प्रबंधक ने चीनी मिल के सफाई विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को अविलंब मौका मुआयना कर समस्या के समाधान के निर्देश दे दिए हैं।



राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पौधरोपण करते टाटा मोटर्स के अधिकारी।

### टाटा मोटर्स ने शांतिपुरी में किया पौधरोपण

**शांतिपुरी :** टाटा मोटर्स के सीएसआर डिपार्टमेंट ने ग्राम शांतिपुरी नंबर 2 स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा के नेतृत्व में गुरुवार को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। अस्पताल परिसर के खाली प्लाट में जामुन, आम व नींबू आदि फलदार पौधों का रोपण किया। इससे पूर्व टाटा मोटर्स के टीएस विभाग के प्रियदर्शन लोहानी, हेमंत शर्मा, दिगंबर उप्रेती, समरेन्द्र पात्रो व विवेक शुक्ला ने पर्यावरण संरक्षण को सफल बनाने की अपील की। प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा ने टाटा मोटर्स स्टाफ एवं उनकी सहयोगी संस्था का आभार व्यक्त किया। पौध लगाने वालों में अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, बीडी जोशी, राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. राहुल गौड़, बीबीएम किच्छा रूद्र प्रताप सिंह, एएनएम राधिका धामी, गंगा धामी, हीरा मेहता आदि मौजूद रहे।

### ट्यूबवेल से आ रहा गंदा पानी



**जसपुर :** गांव देवीपुर के प्रधान वेद प्रकाश उर्फ दारा सिंह ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उनके गांव में बनाई गई पेयजल टंकी के ट्यूबवेल का बोरवेल फेल हो गया है। इसके कारण उसमें गंदा पानी आ रहा है। इस के कारण गांव वासियों को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। गंदा पानी पीने से लोगों के बीमार होने की आशंका है।

# विद्यार्थियों को दें छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभः नवाब

## यूपीसीएल के ईई को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण के साथ आयोग के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश

**समीक्षा**

- उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर


अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते आयोग उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने अल्पसंख्यक कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए विद्यालयों में समाज कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण से संबंधित योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। वहीं बैठक में यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता के शामिल नहीं होने पर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण के साथ आयोग के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए।

उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने यह निर्देश गुरुवार को विकास भवन शहीद ऊधमसिंह सभागार में आयोजित बैठक के दौरान दिए। इससे पूर्व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध ने जनपद में अल्पसंख्यक कल्याण के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने जनपद की प्रगति रिपोर्ट आयोग के उपाध्यक्ष के समक्ष रखी। आयोग के उपाध्यक्ष ने अल्पसंख्यक विकास निधि कार्यों की समीक्षा के दौरान संबंधित अभियंताओं व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य समयबद्धता व पारदर्शिता से पूर्ण हो। उन्होंने भविष्य में निर्माण कार्यों के लिए जो भी आगणन तैयार किया जाए, उसमें आगणन की अंतिम तिथि भी अंकित की जाये और बार-बार आगणन बनाने की आवश्यकता न पडे। इस दौरान उन्होंने कई योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद में गोकशी के मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस विभाग को पंजीकृत गोकशी के मामलों के साथ ही गोकशी के तीन या तीन से अधिक मामलों में संलिप्त वाले व्यक्तियों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने आयोग उपाध्यक्ष के निर्देशों के शत-प्रतिशत अनुपालन करने संबंधित अधिकारियों को दिए।

**ये लोग रहे बैठक में मौजूद**

आयोग के सदस्य तसलीम, पीडी अजय सिंह, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा, डीपीओ मुकुल चौधरी, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, एलडीएम एमएस जंगपागी, सहायक श्रमायुक्त अरविंद सैनी, जीएम डीआईसी विपिन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, अधिशासी अभियंता जल निगम ज्योति पालनी, एआरटीओ निखिल शर्मा, सहायक जिला पंचायतराज अधिकारी महेश कुमार आदि मौजूद थे।

### कार की चपेट में आकर साइकिल सवार घायल

**बाजपुरः** तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर साइकिल सवार युवक घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घायल युवक के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगरपालिका के वार्ड नंबर-दो मुड़िया पिस्तौर निवासी शहादत हुसैन ने पुलिस को बताया कि एक जुलाई की देर सायं करीब साढ़े पांच बजे उनका पुत्र शहराज नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग स्थित एक विद्यालय से राजमिस्त्री का काम करके घर लौट रहा था। आरोप है कि इसी बीच नगर में इंटर कालेज मार्केट के सामने तेज गति से पहुंचे कार संख्या यूपी21बीएक्स2918 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए शहराज की साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी और घटना के बाद मौके से फरार हो गया। घटना में बुरी तरह घायल हुए युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### विवाहिता ने जहर खाया

**बाजपुरः** अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

नगरपंचायत सुल्तानपुर पट्टी के मोहल्ला गांधीनगर निवासी सोनी (27) पत्नी भूप सिंह ने गुरुवार को दोपहर बाद अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ी तो जहर खाने का पता चला जिससे परिवजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में ही परिजन महिला को लेकर उपजिला चिकित्सालय पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। उसकी हालत काफी नाजुक है। बताया जाता है कि दो दिन पहले पति-पत्नी में घरेलू बात को लेकर विवाद हुआ था।

# सफाई कर्मियों की बैठक में छाया सुविधाएं देने का मुद्दा

संवाददाता, काशीपुर



प्रदेश स्तरीय बैठक में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ की प्रदेश स्तरीय सभा का आयोजन नगर निगम काशीपुर में किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीही व संचालन प्रदेश सचिव जितेंद्र देवांतक ने किया।

सभा में संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश पदाधिकारी को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारियां दी गईं। साथ ही प्रदेश में सफाई कर्मचारियों को ज्वलंत समस्या को लेकर पूर्व में 11 सूत्री मांग पत्र पर किए गए आंदोलन पर चर्चा करते हुए व्यापक रणनीति तैयार की गई। बैठक में सफाई कार्य से ठेका समाप्त करने, जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, पुरानी पेंशन योजना दिलाए जाने और उच्च न्यायालय में विभिन्न वार्ड दायर किए जाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान जितेंद्र देवांतक को शासन में पत्राचार व उच्च न्यायालय में वाद दायर करने के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया। सभा में प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह ने सभी को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प दिलाया और संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। वही उन्होंने सफाई कर्मियों की समस्या के समाधान के लिए शासन व मुख्यमंत्री से वार्ता का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रदेश महासचिव राजपाल पंवार, प्रदेश सचिव दिनेश कटिहार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरदीप चौधरी, प्रदेश प्रचार मंत्री लक्ष्मण चौहान, प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार, प्रदेश प्रचार मंत्री संजीव कुमार, अशोक चौधरी, विनोद कुमार, दीपक कुमार, मुकेश राजोरिया, रंजीत सिंह, सुमित सौदा, राजीव कुमार, संजय कुमार, हिमांशु गौरव, अमित टॉक, महेश वरदान, राजेश सौदा सहित विभिन्न जिलों से आए हुए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लापता की बरामदगी के लिए किया हंगामा

**किच्छाः** विगत चार दिनों से लापता युवक को सकुशल बरामद करने की मांग को लेकर परिजनों ने पुलभट्टा थाने में हंगामा किया। इस दौरान लापता युवक के परिजनों ने दो पूर्व ग्राम प्रधान सहित दो अन्य आरोपियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए युवक को गायब करने का आरोप लगाया।

पुलिस को दी शिकायत में पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम सतुईया निवासी राम मूर्ति देवी पत्नी करणपाल ने बताया कि विगत 1 जुलाई की शाम करीब 7 बजे ग्राम सतुईया निवासी पूर्व ग्राम प्रधान पिंटू कश्यप एवं जमुना प्रसाद ने उनके पुत्र कमल को फोन कर पार्टी करने के नाम पर घर से बुलाया। उसके पुत्र कमल द्वारा खाना खा लिए जाने की बात कहने के बावजूद आरोपी जबरन पार्टी करने की बात कह कर कमल को घर से ले गए। तब से कमल घर वापस नहीं लौटा है जबकि चार दिन से परिजन कमल की तलाश कर रहे हैं। राममूर्ति देवी ने बताया कि अगले दिन पता चला कि जमुना प्रसाद और पूर्व ग्राम प्रधान पिंटू कश्यप घर वापस आ गए हैं जबकि पुत्र कमल का मोबाइल फोन लगातार बंद आ रहा है। थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि युवक की गुमशुदगी दर्ज कर जांच की जा रही है।

### होटल स्वामी से रंगदारी मांगने का मामला दर्ज

**खटीमा :** पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ रंगदारी मांगने और गाली-गलौज करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुरानी तहसील परिसर खटीमा निवासी कमल सिंह मेहता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसके मोबाइल पर 23 जून को सुबह के समय एक अंजान नम्बर से व्हाट्सअप कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम गोविन्द सिंह बताया। उसने गाली-गलौज करते हुए कहा कि मुम्बई में मीरा रोड पर रहता हूं और नेपाल का मूल निवासी हूं। हमारा हवाला का करोबार है हम महाराष्ट्र पुलिस के कर्मचारियों व अधिकारियों की भ्रष्टाचार की कमाई को हवाला से व्हाइट करते हैं। कहा कि तू बिजनेस मैन है तेरे होटल चल रहे हैं मुम्बई में फिल्म निर्माण का काम है कई फ्लैट हैं। अगर अपनी जान बचाना चाहता है तो दस लाख दे देना। नहीं देने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। 24 जून की सुबह उसके होटल के मैनेजर संजय रावत के मोबाइल नंबर पर उक्त गोविन्द सिंह की कॉल आई और उसके मैनेजर से बोला कि अपने मालिक को समझा देना। पुलिस ने में मुंबई सेंट्रल मुंबई रेलवे महाराष्ट्र निवासी गोविंद सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### तबियत खराब होने का झांसा देकर दो लाख ठगे

**बाजपुर :** तबियत खराब होने का झांसा देकर एक युवक से दो लाख रुपये ठग लिए गए। मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मानपुर उत्तरी तहसील स्वार जिला रामपुर (उप्र) निवासी अमनदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि वह दोराहा बॉर्डर के नजदीक स्थित विकास भारती स्कूल में काम करता है। 3 जुलाई को दोपहर 12 :20 बजे उसके पास अनजान नंबरों से फोन आया कि मैं तुम्हारी मौसी का लड़का बोल रहा हूं और मेरे दोस्त की मां का स्वास्थ्य खराब है। इसके कुछ देर बाद इन नंबरों से फिर फोन आया और अमनदीप के खाते में 7 लाख रुपये डालने की बात कहते हुए बैंक खाते की पूरी डिटेल ले ली तथा कहा गया कि पहले खाते में दो लाख रुपये डालने पड़ेंगे। इस पर उसने बाजपुर में स्थित एक बैंक की शाखा में जाकर आरोपित व्यक्ति के खाते में 2 लाख रुपये डाल दिए। इस पर आरोपी द्वारा बताया गया कि उसने अमनदीप के खाते में 7 लाख रुपये डाल दिए हैं और 24 घंटे में पैसे आ जाएंगे, लेकिन बाद में पता चला कि उसके साथ अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर दी है।

### ड्यूटी रवाना हुआ जवान चार दिन बाद भी नहीं पहुंचा रेजीमेंट

**खटीमा :** चार दिन पहले घर से ड्यूटी के लिए रवाना हुआ सेना का जवान अभी तक अपनी रेजीमेंट नहीं पहुंचा है। इसके बाद पिता ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। विकासखंड के ग्राम सबौरा निवासी महेंद्र चंद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है उसका 22 वर्षीय पुत्र अनमोल चंद 1 जुलाई की सुबह करीब नौ बजे घर से अपनी ड्यूटी कुमाऊं रेजीमेंट रानीखेत को जाने को निकला था, जो आज तक अपनी ड्यूटी पर नहीं पहुंचा है और न ही घर वापस आया है। इस पर उसकी नाते रिश्तेदारी में काफी खोजबीन करने पर भी कोई उसका कहीं पता नहीं चल पाया है।


## वर्ग पहेली-121

**बाएं से दाएं**

1. कर्नाटकी संगीत का एक राग।
5. जयकार, सामूहिक रूप से बार-बार प्रशंसा करने की क्रिया।
6. सजीला, सजा-धजा, अच्छी धजवाला, छबीला, सुंदर।
7. 1. साड़ी

**ऊपर से नीचे**

2. 1. एक ही जाति के, एक ही गोत्र के 2. एक वर्ग या वर्ण के 3. समान, सदृश, समान प्रकार के।
3. (डिब्बा) जिसे बंद करने पर न तो हवा डिब्बे के भीतर से बाहर निकल सके और न बाहर से भीतर डिब्बे में प्रवेश कर सके, वायुरोधक।
4. 1. लोहा 2. अग्नि 3. हथियार 4. सोना।
5. 1. (पुराण) एक प्रसिद्ध राक्षस जिसका वध विष्णु ने किया था 2. नाथ संप्रदाय के एक योगी 3. एक प्रकार का रोग जिसमें सूजन के साथ पेट में पानी भर जाता है, जलोदर, (ड्राप्सी)।



### वर्ग पहेली -120 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 दु | | 2 वा |
| | 3 न | ज़ | र | बं | दी |
| | फ़ा | | भि | | |
| | स | | यो | | 4 रो |
| 5 पी | त | | ज | | च |
| ह | | 6 सु | न | गु | न |
| री | | खी | | | |

## सुडोकू-34

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | 7 | 3 | |
| | 1 | 7 | | 3 | | | 4 | 8 |
| 6 | | | 5 | 4 | | | | |
| 2 | | | | 7 | 1 | | 9 | |
| | 4 | | | | | | 5 | |
| | 3 | | 8 | 2 | | | | 6 |
| | | | | 6 | 2 | | | 7 |
| 8 | 6 | | | 5 | | 3 | 1 | |
| | 7 | 5 | | | | | | 4 |

### सुडोकू -33 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 9 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 4 | 5 | 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 |
| 7 | 2 | 5 | 1 | 6 | 9 | 3 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 6 जुलाई 04 .26 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 06 जुलाई 04 .06 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** आज किसी बड़े काम के बनने से आप काफी खुश रहेंगे। अविवाहितों को विवाह योग्य अच्छा रिश्ता मिल सकता है। मित्रों के सहयोग से आपको काम में आसानी होगी। आप अपने कामों को किसी दूसरे के भरोसा न छोड़े।

**वृष** आज कुछ विरोधाभासी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। जीवन में आ रहे बदलावों को स्वीकारने का प्रयास करें। विवादित मामलों में बहस से आपको दूरी बनाकर रहना होगा। अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मिथुन** आज योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। परिजनों से अपने मन की बात शेयर करेंगे। मतभेदों को भुलाकर आगे बढ़ने का प्रयास करें। आप अपने कामों में कोई परिवर्तन कर सकते हैं। अपनी वाणी पर संयम रखें।

**कर्क** आज सरकारी कार्यों में रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। लीगल मामलों में उलझने की आशंका है। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करना बेहतर रहेगा।

**सिंह** आज परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपकी खुशी होगी। पैतृक संपत्ति संबंधित विवाद जो आपको परेशान कर रहा था, तो उसमें आपको जीत मिलने की संभावना है। विदेश यात्रा का योग बन रहे है।

**कन्या** आज कार्यक्षेत्र में आपका जबरदस्त प्रभाव रहेगा। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को नए प्रोजेक्ट्स मिलने की प्रबल संभावना है। किसी काम में आ रही समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे है।

**तुला** आज आपको जल्दबाजी में लिए गए निर्णय के लिए पछतावा होगा। यदि आपने जानकारी रखी थी, तो वह परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। आपको मेहनत के साथ भाग्य का भी भरपूर सहयोग मिलेगा। जनसंपर्क के कारण आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**वृश्चिक** आज विरोधियों को आप आसानी से पराजित कर पाएंगे। परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के लिए जा सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी सहभागिता के कारण आपकी प्रशंसा होगी। निवेश की प्लानिंग करने का उचित समय है।

**धनु** आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें किसी को पार्टनर बनाने के बारे में न सोचे। यदि आपने किसी से पहले धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते है। कर्मचारियों को ज्यादा स्वतंत्रता न दें। ज्यादा लोकप्रिय होने के प्रयास में आप चूक कर सकते हैं।

**मकर** आज आप अपनी संतान की पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देंगे, जिस कारण आप उसमें कोई बदलाव कर सकते हैं। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। यदि कोई काम लंबे समय से रुके हुए काम की पूरी होने की संभावना है।

**कुंभ** आज आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने की आवश्यकता है। किसी अजनबी पर अत्यधिक भरोसा न करें, नहीं तो वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। आपको किसी से धन उधार लेने से बचना होगा।

**मीन** आज कार्यक्षेत्र में आपको अपने विरोधियों की चालों को समझकर आगे बढ़ना होगा, नहीं तो वह आपको फंसाने की कोशिश करेंगे। धन को उधार में देने के कारण आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
लोहा
सुबह : 11.02
शास्त्र
रात : 07.00

&pictures
धड़क
सुबह :11.14
मिशन रानीगंज
रात : 08.00

Sony Pix
पैसिफिक रिम
सुबह : 11.11
जॉन विक : चैप्टर 2
रात : 09.00

Zee Cinema
धमाल
दोपहर : 12.31
नाग भूमि
रात : 08.00

Colors Cineplex
बाजी
सुबह : 11.30
कार्तिकेय 2
शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

स्कूटी से गिरने के बाद पप्पू ने एक्स-रे करवाया।
डॉक्टर- एक्स-रे में आपकी हड्डी टूटी है।
पप्पू- भगवान का शुक्र है कि हड्डी एक्स-रे में टूटी है।
सच में टूटी होती तो खर्चा बहुत होता।
पप्पू की बात सुन डॉक्टर बेहोश...

मोनू-यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
गोलू-सिर दर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात किया कर।
मोनू-क्यों?
गोलू- तूने सुना नहीं जहर ही जहर को मारता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पर्जन्यनाथा : पशवो राजानो मन्त्रिबान्धवा : ।
पतयो बान्धवा : स्त्रीणां ब्राह्मणा वेदबान्धवा : ॥

पशुओं के रक्षक बादल होते है , राजा के रक्षक उसके मंत्री , पत्नियों के रक्षक उनके पति तथा वेदों के रक्षक ब्राह्मण ( ज्ञानी पुरुष ) होते हैं।


### संपादकीय

## भारत और एससीओ

आतंकवाद का विश्व और विशेष रूप से भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा है। भारत विभिन्न आतंकवादी संगठनों द्वारा की गई आतंकवादी कार्रवाइयों से प्रभावित हो रहा है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में गुरुवार को भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। बता दें चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध किया है। भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा कि सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता बनी हुई है और इस कार्य को पूरा करने के लिए क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना में बदलाव लाया जाएगा। गौरतलब है कि एससीओ भारत को मध्य एशियाई देशों के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जिनके पास प्राकृतिक संसाधनों का विशाल भंडार है। यह प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह बनकर उभरा है।

यह एक राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है, जिसका लक्ष्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखना है। एससीओ में ऐसे सदस्य देश शामिल हैं, जो भिन्न-भिन्न राजनीतिक प्रणालियां, आर्थिक मॉडल और रणनीतिक प्राथमिकताएं रखते हैं। इससे आर्थिक सहयोग और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर आंतरिक संघर्षों एवं असहमतियों की संभावना बनती है। 2001 में शुरू हुए एससीओ के वर्तमान सदस्यों में चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। ईरान 2023 में पूर्ण सदस्य बन गया और बेलारूस को अस्ताना बैठक के दौरान शामिल किया गया। आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद वे प्रमुख खतरे हैं जिन पर एससीओ विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करता है। संगठन का आतंकवाद विरोधी सहयोग पर विशेष ध्यान है लेकिन इसके आंतरिक अंतर्विरोध चिंता के कारण हैं और सदस्य देशों के बीच संघर्ष को रोकना एससीओ के लिए उच्च प्राथमिकता का विषय है। फिर भी भारत को इस क्षेत्र में आतंकवाद से निपटने के लिए संगठन के सामूहिक प्रयासों से लाभ प्राप्त हो सकता है।

# भीड़ प्रबंधन विज्ञान की पृष्ठभूमि में हाथरस हादसा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

रणनीति के नाम पर हम जीरो तो नहीं हैं, लेकिन रिलीजियस गैदरिंग्स के मौके पर पुलिस अकसर यह सोचकर बेपरवाह हो जाती है कि किसी बाबा या धार्मिक संस्थान द्वारा आयोजित किए गए मेले, प्रवचन या एक सामूहिक इवेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए इनके वालंटियर पर्याप्त होंगें।

हाथरस में भगदड़ में मारे गए लोगों और घायलों के समाचारों को सरसरी तौर से देखने पर पाया कि इसमें भीड़ प्रबंधन के वैज्ञानिक अनुसंधान के बारे बात नहीं की गई है। भारत में किसी भी स्तर पर-पुलिस, गृह विभाग और अन्य संबद्ध विभागों जैसे कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पास भीड़ प्रबंधन के लिए रोड मैप नहीं है।

क्राउड फोरकास्टिंग एंड मैनेजमेंट जैसे वैज्ञानिक अनुसंधान के मुद्दे हमारे पुलिस और गृह विभाग की प्राथमिकताओं की सूची में है ही नहीं, जो भी उपाय व्यवहार में लाए जा जाते हैं वे भीड़ की हिंसक और ध्वंसात्मक प्रवृत्ति को रोकने के लिए हैं। इनके इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग और संसाधनों की प्रकृति (एप्रोच और यूटिलाइजेशन) वही पुराने ढर्रे या कॉलोजियल टाइम्स की है, जबकि इक्कीसवीं सदी में पुलिस सुधार लागू किए जाने के बाद भी पुरानी तकनीक का इस्तेमाल जारी है। भीड़ प्रबंधन से संबंधित जो शोध हुई हैं, उससे हमारे पॉलिटिशियन्स अधिक वाकिफियत नहीं रखते जबकि राजनीतिक रैलियां और धार्मिक कार्यों के नाम पर कुछ हज़ार से लेकर लाखों लोग भीड़ के रूप आज भी नई कांफ्रेंसिंग और पब्लिक एड्रेस सिस्टम्स मोबाइल फोन टेक्नोलॉजीज, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग, सेटेलाइट कनेक्टिविटी, के आगाज के बाद इनके प्रयेग से या तो अधिक परिचित नहीं हैं या इन तक सबकी पहुंच नहीं है। भारत में पुलिस और सिविल अथॉरिटीज का एक्सपोजर क्राउड के साइंटिफिक मैनेजमेंट में किस स्तर का है इस बारे कोई डेटा उपलब्ध नहीं है।

रणनीति के नाम पर हम जीरो तो नहीं हैं, लेकिन रिलीजियस गैदरिंग्स के मौके पर पुलिस अकसर यह सोचकर बेपरवाह हो जाती है कि किसी बाबा या धार्मिक संस्थान द्वारा आयोजित किए गए मेले, प्रवचन या एक सामूहिक इवेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए इनके वालंटियर पर्याप्त होंगें। हमारे कुछेक संस्थानों और स्वतंत्र अध्येताओं ने क्राउड कंट्रोल एंड स्ट्रेटेजिक इंटरवेंशन को लेकर अध्ययन किया है। प्रयागराज में सन 2019 में आयोजित अर्द्ध-कुंभ मेले के दौरान किए गए अध्ययन क्राउड मैनेजमेंट एंड स्ट्रेटेजीज फॉर सिक्यूरिटी एंड स्वायलेंस ड्यूरिंग द लार्ज मास गैदरिंग इवेंट्स -द प्रयागराज कुंभ मेला 2019 एक्सपीरियंस का प्रकाशन प्रयागराज स्थित नेशनल एकेडमी ऑफ़ साइंसेज के जर्नल नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज लेटर्स में सन 2022 के मई-जून अंक में किया गया। इस और अन्य जर्नल्स में प्रकाशित अध्ययनों के नोटिस भीड़ प्रबंधन एजेंसीज ने लिया या नहीं, इसका कोई फीडबैक उपलब्ध नहीं है और न ही इसका कोई व्यावहारिक स्वरुप सार्वजनिक प्लेटफ़ॉर्म्स पर दिखाई दिया है।

हाथरस और इससे पहले हुए अनेक हादसों से पहले यह आकलन किया ही नहीं गया था कि जनसमूह का आकार कितना विशाल होगा और उपलब्ध या सीमित स्थान में आकर इसके जमा होने या बैठने की क्षमता है या नहीं और गड़बड़ होने के बाद इसे काबू में रखने का क्या तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय तय किया गया है।

हाथरस और इससे पहले हुए अनेक हादसों से पहले यह आकलन किया ही नहीं गया था कि जनसमूह का आकार कितना विशाल होगा और उपलब्ध या सीमित स्थान में आकर इसके जमा होने या बैठने की क्षमता है या नहीं और गड़बड़ होने के बाद इसे काबू में रखने का क्या तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय तय किया गया है। जनसमूह का आकार अगर धीरे-धीरे बढ़ता है और इसका पूर्वाकलन नहीं किए जाने से संख्या बेतहाशा बढ़ती जाए, जैसा कि हाथरस में हुआ, तब इमरजेंसी मैनेजमेंट के अंतर्गत जो करना चाहिए वह भी संभव नहीं हो पाता। बैरिकेड्स लगाकर भीड़ को नहीं रोका जा सकता और फेंसिंग को तो उग्र भीड़ नाराज़ होकर तोड़ देती है।

किसान आंदोलन के समय दिल्ली में शंभू बॉर्डर बैरिकेड्स पर ऐसा हुआ था। इस स्थिति में फिजिकल और साइकोलॉजिकल उपाय भी अकसर फेल हो जाते हैं। प्रबंधन करने वालों के स्थल की जियोग्राफी और मानव समूह की प्रकृति का ठीक से अध्ययन न किए जाने से इमरजेंसी मेडिकल उपाय भी अमल में नहीं लाए जा सकते। भीड़ नियंत्रण के लिए शास्त्रीय ज्ञान का सृजन करने वाले हमारे मनीषी कहते हैं कि मेले में आए हुए लोगों को मंथर गति से चलना चाहिए, आने और जाने के रास्ते अलग होने चाहिए ताकि लोग आपस में टकराए नहीं। वीआईपी लोगों को जनसमूह जहां जमा है उस रास्ते से बाहर की ओर प्रस्थान नहीं करके पीछे के रास्ते से तुरंत निकल जाना चाहिए, लेकिन मामला हाथरस जैसा हो या कहीं और का, जनसमूह को अभिवादन करते हुए, जयजयकार सुनने की लालसा रखने वाले अधिकतर लोग भीड़ की ओर से निकलने को प्राथमिकता देते रहे हैं। हाथरस में कीचड़ वाले अस्थायी स्थल पर डेढ़ से दो लाख जन कुछ ही समय में इकट्ठा हुए तब प्रबंधन के लिए पूर्व सूचना के बिना समग्र इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली की स्थापना करना कैसे संभव हो सकता था। वह भी तब जब भीड़ प्रबंधन का एबीसी भी न जानने वालों ने इस आयोजन की इजाजत दी हो? अगर नगराधीश या पुलिस कप्तान को असामान्य रूप से विशाल भीड़ की जानकारी विलंब से मिली तब ड्रोन-निगरानी को तो एक्टिवेट किया ही जाना चाहिए था।

सन 2013 में एल्सेविएर ने ह्यूमन स्टैंपीड्स ड्यूरिंग रिलीजियस फेस्टिवल्स ए कम्पेरेटिव रिव्यु ऑफ़ मास गैदरिंग इमरजेंसीज इन इंडिया नाम से एक अध्ययन का प्रकाशन किया, जिसमें बताया गया कि सन 1980 से 2007 के बीच विश्व में अनेक स्थानों पर हुई भगदड़ की 215 घटनाओं में 7069 लोगों की मृत्यु हुई थी और 14000 लोग घायल हुए। भारत में भीड़ के प्रोफाइल की। ठसाठस भरे हुए स्थायी या अस्थायी पंडाल में कई घंटों तक लगभग एक ही मुद्रा में बैठे हुए लोग समापन के समय एक साथ उठते हैं और शारीरिक अकड़न और ऊब से छुटकारा पाने के लिए तत्काल बाहर की ओर प्रांगण अथवा मार्ग पर आने में जल्दबाजी करते हैं। प्रतिष्ठित या लोकप्रिय व्यक्ति की छवि पाने के लिए निकट पहुंचने के लिए मुकाबला करते हुए निकट उपस्थित मनुष्यों को धकियाते हैं, तब भीड़ में मनुष्यों के शरीर सामूहिक तौर पर एक खतरनाक और ताकतवर फ्लूइड की तरह आचरण करते हैं और मार्ग में आने वाले अवरोधों को अचानक प्रकट हुई इसकी ताकतवर धारा के तले रौंदते हुए आगे बढ़ जाना चाहते हैं। इस डायनामिक्स के अंतर्गत ताकत का जो विस्फोट अचानक होता है उसके तले मानव शरीर ही कुचले जाते हैं। उपरोक्त के संबंध में यह जानना रोचक है कि सेरेंघेटी नेशनल पार्क, केन्या में लाखों की संख्या में जंगली पशुओं के सालाना माइग्रेशन के दौरान लाखों की संख्या में होने से इनकी भीड़ और फास्ट मूवमेंट और आकाश में विचरण करने वाले स्टर्लिंग पक्षियों की सामूहिक, सुरक्षित उड़ान के ब्योरे शोधकर्ताओं ने इकठ्ठा क्यों किए? उद्देश्य था इन जीवों में क्राउड कंट्रोल की डायनामिक्स को समझने के लिए सैंकड़ों प्रकार की सूचना जुटाना। भीड़ में मनुष्य की मंथर चाल और गतिमय रहकर परस्पर संवाद करने की प्रवृत्ति का भी अध्येताओं ने रिकॉर्ड रखा है। भगदड़ मचने के दौरान अनियंत्रित, भयभीत जनों के रक्त में एड्रिनालिन नामक हार्मोन का स्तर उच्च पाया गया। ऐसे में लोग होश खो देते हैं। इन दोनों का तत्काल तोड़ किसी भी वैज्ञानिक के पास नहीं है सिवा इसके कि रिस्क को मिनीमाइज करने के उपाय पहले से किए जाने जरूरी हैं।

भारत के नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो और गृह मंत्रालय में इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी डिवीज़न सन 1996 से दुर्घटना में मारे गए लोगों और मृत्यु के कारणों का डेटा रखने लगा है। क्राउड कण्ट्रोल स्ट्रेटेजीज के संबंध में जो 13 वैज्ञानिक अध्ययन मैंने देखे हैं इनके निष्कर्षों के आधार पर भविष्य में भगदड़ में मरने वालों की सुरक्षा के लिए पुलिस और गृह विभाग के अलावा डिस्ट्रिक्ट अथॉरिटीज को वैज्ञानिक जानकारी को शेयर करने के अलावा प्रबंधन विज्ञान के नाते से बंदोबस्त को अधिक तकनीकीमय बनाना होगा। भीड़ के साइज का पूर्वानुमान लगाने के लिए रियल-टाइम मैनेजमेंट करना जरूरी होगा, जिसके लिए आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टेक्नीक्स का इस्तेमाल अपरिहार्य है। आयोजनकर्ता के साथ बैठकर आयोजन के उद्देश्य -जैसे कि धार्मिक या मनोरंजन, पॉलिटिकल या जॉब मेला, प्रतियोगी परीक्षा या कुछ और को स्पष्ट करना होगा। उक्त 13 स्टडीज का निष्कर्ष लोगों में भय पैदा करना, उनसे सख्ती से पेश आना, दुर्व्यवहार करना या रोकना नहीं, बल्कि पिछले हादसों से सबक लेते हुए इनकी संभावना को टालना और जोखिम को कम करना या रिस्क को कम करना होना चाहिए, जिसके लिए ट्रैफिक मूवमेंट डिज़ाइनर्स, साइकोलोजिस्ट्स, क्राउड कण्ट्रोल एक्सपर्ट्स और हाई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल में दक्ष लोगों को साथ रखने की सिफारिश की गई है।

### प्रसंगवश

## विश्वास बनाम अंधविश्वास

धर्म क्षेत्र में श्रद्धा और विश्वास का बड़ा महत्व है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। गोस्वामी तुलसीदास ने भी प्रतिपादित किया है, "श्रद्धा बिना धर्म नहिं होई। बिनु महि गंध कि पावहि कोई"।। उन्होंने तो भगवान शंकर और माता पार्वती को ही श्रद्धा और विश्वास का मूर्तिमान रूप बता दिया। "भवानी शंकरौ वंदे श्रद्धा विश्वास रूपिणौ'। ऐसे में साधक या भक्त को यह सलाह नहीं दी जा सकती कि विश्वास करो ही नहीं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आज सामान्य भक्त और श्रद्धालु को अपने विवेक और बुद्धि का ही इस्तेमाल करना होगा। उसे देखना होगा कि कौन साधु, धर्माचार्य, प्रवचनकर्ता या मठाधीश सच्चा है और कौन पाखंडी। स्वर्ग और मोक्ष प्राप्ति तथा असीमित मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु आम आदमी हर कथित साधु या धर्माचार्य के बहकावे में आ जाता है और अंधविश्वास करके अभीष्ट प्राप्ति हेतु वहां पहुंच जाता है। जब भीड़ ज्यादा होगी तो कोई भी व्यवस्था चरमरा ही जाएगी। ऐसे धार्मिक जन समूहों पर नियंत्रण करने और उन्हें अनुशासन में रखने हेतु प्रशासन व पुलिस सहसा बल प्रयोग भी नहीं कर सकते। अतः हादसे तो हो ही सकते हैं। क्या ये श्रद्धालु यह नहीं देखते कि जो बाबा, जोगी, धर्मांधी खरबों का साम्राज्य खड़ा किए हैं, चमचमाती मंहगी कारों और वायुयान से चलते हैं, जिनकी अपनी सेना है, जिन पर चारित्रिक आक्षेप भी लगते हैं, वैराग्य, ज्ञान, भक्ति, त्याग और अपरिग्रह का पाठ क्या पढ़ाएंगे? जो रजोगुण में डूबे हैं, वे साधक को सतोगुणी कैसे बनाएंगे? "बहु दाम सवांरहिं धाम जती। विषया हरि लीन न रहि विरती", लेकिन लोग स्वर्गादि प्राप्ति और मनोकामना पूर्ति हेतु जाते जरूर हैं और बहुधा बड़ी संख्या में काल कवलित हो जाते हैं।

भारी मन से यह कहना पड़ रहा है कि ऐसी घटनाओं के लिए कुछ हद तक श्रद्धालुओं का अंध विश्वास भी उत्तरदायी है। इसका मतलब यह नहीं कि ऐसे बाबा, कार्यक्रम आयोजक और प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेंगे। वे तो उत्तरदायी हैं ही और दंडित किए ही जाने चाहिए, लेकिन धर्मांधता भी आत्म नियंत्रित की जानी चाहिए।

# बैंकिंग क्षेत्र बेहतर करने को तैयार एआई

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वैश्विक स्तर पर उद्योगों में क्रांति ला रहा है और बैंकिंग क्षेत्र भी इसका अपवाद नहीं है। भारत में जहां बैंकिंग प्रणाली अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, एआई का एकीकरण पारंपरिक बैंकिंग प्रथाओं को महत्वपूर्ण रूप से बाधित करने के लिए तैयार है। भारतीय बैंकिंग में एआई की शुरुआत 2010 की शुरुआत में हुई जब वित्तीय संस्थानों ने परिचालन दक्षता और ग्राहक सेवा बढ़ाने के लिए एआई की खोज शुरू की।

प्रारंभ में एआई एप्लीकेशन धोखाधड़ी का पता लगाने, जोखिम प्रबंधन और डेटा एनालिटिक्स जैसे बैक एंड संचालन तक सीमित थे। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी विकसित हुई, बैंकों ने अधिक परिष्कृत कार्यों के लिए एआई का उपयोग करना शुरू कर दिया। एआई संचालित डेटा एनालिटिक्स टूल ने बैंकों को ग्राहक व्यवहार और प्राथमिकताओं में गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद की। चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट की तैनाती ने भारतीय बैंकों द्वारा एआई अपनाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित किया। एचडीएफसी बैंक का "ईवा" आईसीआईसीआई बैंक का "आईपाल" और एसबीआई का "एसआईए" उल्लेखनीय उदाहरण हैं। ये एआई-संचालित इंटरफेस चौबीसों घंटे ग्राहक सहायता प्रदान करते हैं। नियमित पूछताछ और लेनदेन को कुशलतापूर्वक संभालते हैं।

एआई संचालित वैयक्तिकरण इंजन अनुरूप वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने के लिए ग्राहक डेटा का विश्लेषण करते हैं। इसने प्रासंगिक और समय पर समाधान प्रदान करके ग्राहकों की संतुष्टि और वफादारी में सुधार किया है। चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट अब ग्राहक इंटरैक्शन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा संभालते हैं। प्रतीक्षा समय को कम करते हैं और सेवा दक्षता में सुधार करते हैं। वे खाते की शेष राशि की पूछताछ, फंड ट्रांसफर और ऋण आवेदन जैसे कार्यों में सहायता करते हैं।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

एआई एल्गोरिदम वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी करते हैं, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हैं और संभावित धोखाधड़ी को चिह्नित करते हैं।

रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) और एआई डेटा एंट्री, केवाईसी सत्यापन और अनुपालन जांच जैसे दोहराए जाने वाले कार्यों को स्वचालित कर रहे हैं। इससे परिचालन लागत और मानवीय त्रुटियां कम हो जाती हैं। एआई मॉडल सोशल मीडिया गतिविधि और लेनदेन इतिहास सहित डेटा बिंदुओं की एक विस्तृत श्रृंखला का विश्लेषण करके साख का आकलन करते हैं। इसने ऋण प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित कर दिया है और वंचित आबादी के लिए ऋण को अधिक सुलभ बना दिया है।

एआई एल्गोरिदम वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी करते हैं, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हैं और संभावित धोखाधड़ी को चिह्नित करते हैं। इस सक्रिय दृष्टिकोण ने धोखाधड़ी से संबंधित नुकसान को काफी कम कर दिया है। एआई संचालित जोखिम मूल्यांकन उपकरण संभावित जोखिमों की प्रारंभिक चेतावनी प्रदान करने के लिए बाजार के रुझान और आर्थिक संकेतकों का विश्लेषण करते हैं। इससे बैंकों को सूचित निर्णय लेने और जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम करने में मदद मिलती है। भारतीय बैंकिंग में एआई का भविष्य प्रौद्योगिकी में प्रगति और बढ़ती स्वीकार्यता के साथ और अधिक व्यवधान का वादा करता है। हालांकि यह परिवर्तन चुनौतियों और विचारों के साथ आएगा।

एआई संचालित बैंकिंग में बदलाव के लिए कार्यबल को फिर से कुशल बनाने की आवश्यकता होगी। उभरते नौकरी बाजार में प्रासंगिक बने रहने के लिए कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकियों और एआई अनुप्रयोगों में प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। एआई भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को बेहतर करने के लिए तैयार है, जो बेहतर ग्राहक अनुभव, परिचालन दक्षता और बेहतर जोखिम प्रबंधन जैसे कई लाभ प्रदान करता है। हालांकि इस परिवर्तन के लिए डेटा गोपनीयता, नैतिक विचारों, नियामक अनुपालन और कार्यबल संक्रमण से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता होगी।

जैसे-जैसे एआई तकनीक का विकास जारी है, भारतीय बैंकों को जिम्मेदार और नैतिक उपयोग सुनिश्चित करते हुए नवाचार को अपनाना चाहिए। ऐसा करके, वे आने वाले वर्षों में विकास, समावेशिता और ग्राहक संतुष्टि को बढ़ावा देने के लिए एआई की पूरी क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। भारतीय बैंकिंग में एआई की यात्रा अभी शुरू हुई है और भविष्य में एक स्मार्ट, अधिक कुशल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए रोमांचक संभावनाएं हैं।

### सोशल फोरम

## धार्मिक अंधेरे की देन

21 वीं सदी में धार्मिक सुधार की आवाजों को पूरी तरह दबाकर धार्मिक पागलपन के लिए प्रोत्साहन तरह-तरह से बढ़ा है। उसका एक नतीजा हाथरस में एक सूट-बूटधारी भगवान के धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ है, जिसमें 120 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई। इसमें स्त्रियां ज्यादा मरीं, क्योंकि स्त्रियों तक सबसे कम स्वाधीनता पहुंची है, स्त्रीवाद पर चाहे जितनी गरम बहसें चलती रही हों।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इसके पहले भी धार्मिक भगदड़ों में अनगिनत लोग मारे गए हैं। महाराष्ट्र (2005) के मंधार देवी मंदिर की भगदड़ में 340 श्रद्धालुओं की, राजस्थान (2008) के चामुंडा देवी मंदिर में 250 श्रद्धालुओं की, हिमाचल प्रदेश ( 2008) के नैना देवी मंदिर की भगदड़ में 162 भक्तों की जान गई है। श्रद्धालुओं की अंधी भीड़ के कारण जम्मू (2022), इंदौर (2023) आदि के मंदिरों की भगदड़ों में भी श्रद्धालु मारे जाते रहे हैं। आखिरकार हम अपने धर्म को कैसा बनाते जा रहे हैं कि इसमें भगवान के मंदिर में ही या धर्मसभाओं में इस तरह कुचले जाकर प्राण देना पड़ता है। हर तरफ धर्म का शोर बढ़ा है, पर यह भी नजर आता है कि लोग तरह-तरह से मारे जा रहे हैं। सौ-डेढ़ सौ साल पहले ऐसा नहीं था कि हिंदू ऐसे कुचले जाते हों। लोग अनपढ़ थे, पर ऐसी धार्मिक विमूढ़ता नहीं थी, ऐसा पागलपन न था, बल्कि 19 वीं-20 वीं सदी के उस दौर में धार्मिक रूढ़ियों से स्वाधीनता की भूख थी। भारत के लोगों की स्वाधीनता के मार्ग में कारपोरेट सभ्यता के अलावा दूसरी सबसे बड़ी बाधाएं हैं धार्मिक रूढ़ियां, अंधविश्वास और जाति प्रथा। जाति प्रथा खत्म हो जाए तो दहेज प्रथा भी समाप्त हो जाएगी।

कहना होगा कि ऐसी रूढ़ियों से मुक्ति के मार्ग में सबसे बड़ा रोड़ा सत्ता की वर्तमान राजनीति है। आज की सरकारें धार्मिक रूढ़ियों और अंधविश्वासों की सबसे बड़ी संरक्षक हैं। यदि हाथरस जैसी घटनाओं को रोकना है तो इसके लिए आम जनता को खुद आगे आकर अपनी निर्भीक आवाज बुलंद करनी होगी। यह इसलिए भी जरूरी है कि वह ईश्वर के प्रति अपनी आस्था को प्रदूषण मुक्त कर सके।

-फेसबुक वॉल से

# आपातकाल के दंश का भुक्त भोगी

(गतांक से आगे): आपातकाल के दंश ने इंदिरा कांग्रेस की सत्ता का अंत कर दिया था। केंद्र और प्रदेश दोनों का शासन छिन चुका था। उत्तर प्रदेश में रामनरेश यादव, मुख्यमंत्री पद पर आसीन हो चुके थे। उनके ही दल के नेता चौधरी चरण सिंह केंद्र में गृह मंत्री थे। लाल सिंह वर्मा उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग के सर्वोच्च पद 'महानिरीक्षक' के पद पर आसीन थे। उनके बरेली आगमन के समय मैं डीएसपी सिटी के पद पर नियुक्त था। इसी बीच जनपद गोरखपुर तथा वाराणसी में मेरे ज्येष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे, विनोद कुमार जैन, डीआईजी बनकर नैनीताल रेंज का प्रभार ग्रहण कर चुके थे। दोनों स्थानों पर मुझको उनका विश्वास और स्नेहाशीष मिल चुका था। उन्होंने मेरी नियुक्ति तीसरी बार अपने अधीन जनपद पिथौरागढ़ का प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक करा लिया था।

तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक उत्तर प्रदेश लाल सिंह वर्मा से मेरी पहली भेंट बरेली में हुई थी। पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों ने उनसे मेरी जो प्रशंसा की थी, उससे वह बहुत प्रभावित थे। जाते समय अकेले में मेरी प्रशंसा करते हुए, उन्होंने मेरी शैक्षिक योग्यता एवं पारिवरिक बैकग्राउंड के विषय मे जानकारी ली थी। पिथौरागढ़ के जनपद पुलिस प्रभारी के पद पर कार्य करते हुए अभी लगभग चार माह ही हुए थे कि एक दिन श्री जैन का बुलावा आया। मेरे नैनीताल स्थित उनके आवास पर पहुंचने पर बताया कि "श्री वर्मा मुझको अपना डीए (डिप्टी असिस्टेंट) बनाना चाहते हैं। एक डिप्टी एसपी के लिए सम्मान की जगह है विशेष वेतन भी है।" मेरी समझ में नहीं आ रहा था कि क्या कहूं? श्री जैन ने बताया कि वहां पर मुझको पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा शासन में प्रशासनिक उच्चाधिकारियों से भी अनायास संपर्क का सुअवसर मिलेगा। मेरे सामने ही उन्होंने श्री वर्मा से बातकर बता दिया कि मुझ को "उनके निकट सेवा के सौभाग्य पर प्रसन्नता है।" फिर मैं पिथौरागढ़ से आईजी ऑफिस (उस समय एडीजी/डीजी के पद स्वीकृत नहीं थे) लखनऊ आ गया था। बिना मेरी सहभागिता के माता प्रसाद आईएएस को बचाने के लिए "बरेली नाखून कांड" में मुझको बलि का बकरा बनाया गया। मेरी पूर्ण निर्दोषिता को पूरी तरह स्वीकार करते हुए भी भारतीय पुलिस सेवा के उच्चाधिकारी मौखिक सहानुभूति के अतिरिक्त मेरे लिए खुलकर नहीं आए।



डॉ.अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस
महानिरीक्षक, उप्र

यही नहीं अवतार नारायण कौल, डीआइजी बरेली रेंज भी बार-बार झूठा आश्वासन के अतिरिक्त मुझको दोष मुक्त करने का निर्णय देने का साहस नहीं दिखा सके, जबकि पीड़ित वीरेंद्र अटल एवं रमेश आनंद ने भी अपने बयानों में माता प्रसाद के आदेश पर हाकिम राय को उत्पीड़नकर्ता बताया था।

वैसे बनारसी दास के शिकायती पत्र में भी माता प्रसाद के स्पष्ट आदेश पर ही कोतवाल अमानवीय उत्पीड़न के कुकृत्य का आरोप लगाया था। श्री दास के अति संक्षिप्त शिकायती पत्र में, आरोप मात्र इतना ही था कि जिलाधिकारी माता प्रसाद के आदेश पर शहर कोतवाल (नाम नहीं था) ने वीरेंद्र अटल और रमेश आनंद को अमानवीय यातना दी थी। वैसे भी सर्वविदित तथ्य है कि भारतीय प्रजातंत्र में वास्तविक सत्ता भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों (वह भी सीधी भर्ती के) के हाथों में ही है। मेरा यह अभिलेखिक/मौखिक प्रमाणिक तथ्यों के नितांत प्रतिकूल प्रमाणित उदाहरण इसका ज्वलंत उदाहरण है, क्योंकि अपनी फरियाद लेकर बार-बार उनके पास जाने और बुलाकर प्रेमपूर्वक बातें करने और मुझको निर्दोष होने का लिखित आश्वासन मात्र आश्वासन ही रह गया। डीए पद पर कार्यरत रहने (निलंबन के बावजूद) के आश्चर्यजनक उदाहरण के कारण मेरा सचिवालय में आना-जाना निर्बाध था।

कुछ दिनों के बाद मुझे लगने लगा था कि पीसीएस से आईएएस पदोन्नत दोनों अधिकारी प्रमुख सचिव गृह, श्री बिसेन और विशेष सचिव गृह राम चन्द्र टकरू अपनी मीठी बोली और झूठे आश्वासन से मुझको मात्र बरगला रहे थे। माता प्रसाद के पक्ष में सारा सचिवालय मानो उनको बचाने के लिए लामबंद था, क्योंकि मैंने प्रमुख न्यायिक मजिस्ट्रेट बरेली के न्यायालय में सही बयान देने का दुस्साहस कर दिया था। जैसा कि सत्य उच्चस्तरीय बैठक में रुहेलखंड के गांधी के नाम से सुख्यात श्री आजाद को घर से लाकर कोतवाल हाकिम राय को सौंपकर तुरंत जेल भेजने के निर्देश का 'पाप' स्वयं किया था। उनको कोतवाल के सुपुर्द दिन में लगभग दो-तीन बजे ही कर दिया था। किंतु कोतवाली पुलिस ने रात लगभग आठ बजे कुछ लोगों को टेलीफोन और बिजली का तार काटने एवं आपातकाल के विरुद्ध हिंसात्मक आंदोलन के लिए उकसाने में जेल भेजा था। श्री आजाद अपने विरुद्ध अभियोग में मुझको एक महत्वपूर्ण साक्षी के रूप में न्यायालय से बुलावा भिजवाने में सफल हुए थे। एसएसपी ने मेरी सहायता में असमर्थता व्यक्त कर दी थी। मैं जिला और सत्र न्यायाधीश मुरलीधर जी के घर जा पहुंचा। मेरी बात सुनकर उन्होंने सीजेएम को भी अपने घर पर ही बुला लिया। वहीं पर तय हुआ कि मैं सत्य का साथ दूं तथा उनको कोतवाली लाने तक की बात कहूं। प्रथम सूचना के विषय में सीजेएम मेरी मदद करेंगे और उसके सही-गलत होने पर प्रश्न नहीं पूछेंगे। यही हुआ भी। इससे श्री आजाद के मामले में सत्य की रक्षा भी हो गई, किंतु यही सच्चाई मेरे भविष्य के लिए घातक हो गई।

माता प्रसाद ने नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से कहलवाया कि यदि मैं न्यायालय में यह सशपथ बयान दे दूं कि श्रीमाता प्रसाद मेरी मौजूदगी में कोतवाली आए ही नहीं, न तो युवकों का उत्पीड़न हुआ, तो मैं तुरंत मेरी दोष मुक्ति का आदेश निर्गत हो जाएगा। किंतु मेरी मौजूदगी में मात्र आतंक-प्रचार के उद्देश्य से दोनों युवकों के साथ हुए अत्यंत क्रूर यातना की दारुण स्मृति ने ऐसा नहीं होने दिया। बरेली जेल से पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा वर्तमान मुख्यमंत्री को भेजे गए संक्षिप्त शिकायती पत्र और मेरे द्वारा की गई 'तथाकथित जांच आख्या' मेरे निलंबन एवं मेरे प्रतिशोधात्मक भयंकर उत्पीड़न का कारण बना।

# विकास की गारंटी नहीं विशेष राज्य का दर्जा

भारत में विशेष राज्य का दर्जा किसी राज्य को उसकी विशेष परिस्थितियों के कारण दी जाने वाली सुविधा है, जिसे राज्यों को विशेष वित्तीय सहायता और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए लागू किया गया था। यह दर्जा आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े राज्यों को विकास की गति देने के उद्देश्य से दिया जाता है। बिहार राज्य भी लंबे समय से इस दर्जे की मांग कर रहा है, लेकिन यह धारणा कि विशेष राज्य का दर्जा बिहार के विकास की गारंटी हो सकता है, वस्तुतः सही नहीं हो सकती।



प्रीति सिंह
कानपुर

विशेष राज्य का दर्जा उन राज्यों को दिया जाता है, जो भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय रूप से कमजोर माने जाते हैं। इस दर्जे के तहत, इन राज्यों को केंद्रीय करों में अधिक हिस्सा, केंद्रीय योजनाओं के तहत अधिक अनुदान और बाहरी सहायता प्राप्त होती है। इसका उद्देश्य है इन राज्यों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना और विकास की मुख्य धारा में शामिल करना। विशेष राज्य का दर्जा पाने वाले राज्यों को कई लाभ मिलते हैं। अगर राज्य सरकार में नीति निर्धारण और क्रियान्वयन की क्षमता कमजोर है तो विशेष राज्य का दर्जा भी असरकारी नहीं हो पाएगा। भारत में कई राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा दिया गया है, जिनमें से कुछ ने इसका लाभ उठाकर अपने विकास को गति दी है, जबकि कुछ राज्य अभी भी पिछड़े हुए हैं। हिमाचल प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है और उसने इस स्थिति का उपयोग करके अपने बुनियादी ढांचे और सामाजिक सूचकों में सुधार किया है। राज्य सरकार की अच्छी नीतियां और प्रशासनिक दक्षता ने इसे संभव बनाया। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि उत्तर पूर्वी राज्यों को भी विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है, लेकिन इन राज्यों में विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी है। इन राज्यों में चल रहे राजनीतिक अस्थिरता, उग्रवाद और प्रशासनिक कुप्रबंधन इसके मुख्य कारण हैं। बिहार के विकास के लिए केवल विशेष राज्य का दर्जा पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक मजबूत प्रशासनिक तंत्र, राजनीतिक स्थिरता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की आवश्यकता है।

## एक नजर

### अल्मोड़ा में बंदर के हमले से महिला घायल

**अल्मोड़ा :** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में कटखने बंदरों का आतंक बढ़ाता जा रहा है। गुरुवार को नगर के एनटीडी बाजार में एक महिला पर बंदर ने हमला बोल घायल कर दिया। महिला बंदर से बचने के चक्कर में सड़क पर गिर गई। स्थानीय लोगों ने बढ़ते कटखने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई है।

### कसारदेवी और चितई में खुली अस्थाई चौकियां

**अल्मोड़ा :** जिले को अपराध मुक्त बनाने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कसारदेवी और चितई में अस्थाई चौकियां स्थापित कर दी हैं। अस्थाई चौकी कसारदेवी में प्रभारी उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह नेगी और चितई में अपर उपनिरीक्षक जयपाल सिंह को तैनाती दी गई है। एसएसपी ने बताया कि दोनों क्षेत्र में चौकियां खुलने से अपराध नियंत्रण और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की बैठक छह को

**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की मासिक बैठक आगामी छह जुलाई को लीग कार्यालय कहचरी बाजार में आयोजित होगी। लीग के अध्यक्ष दिनेष चंद्र जोशी ने बताया कि बैठक में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा होगी। उन्होंने बैठक में पूर्व सैनिकों को अधिक संख्या में हिस्सा लेने की अपील की।

### विनोद का जवाहर नवोदय में चयन

**अल्मोड़ा :** सरस्वती शिशु मंदिर कलौटा खेती के छात्र विनोद प्रसाद का जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत के लिए चयन हुआ है। उनके चयन पर विद्यालय में खुशी की लहर है। विद्यालय के छात्र के चयन पर प्रधानाचार्य दयालु पांडे, आचार्य पंकज, हरीश, भागरथी, उमा, गीताजंली समेत अन्य स्टाफ ने खुशी जताई और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता संघ छह को

**अल्मोड़ा :** पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष संजय साह (रिक्खू) ने कहा कि सरकार जबरन विक्रेताओं को परेशान करने का काम कर रही है। जबकि अब तक विक्रेताओं को लंबित बिलों का भुगतान तक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि विक्रेता संघ की ओर से आगामी छह जुलाई को नगर के नंदा देवी मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही हैं। बैठक में समस्याओं पर चर्चा समेत आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### गंगनाथ मंदिर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** नगर के गंगनाथ और उल्का देवी मंदिर से चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हल्द्वानी से चोरी की गई स्कूटी भी बरामद की है। कुछ दिन पूर्ण नगर के एनटीडी स्थित गंगनाथ और शैल स्थित उल्का देवी मंदिर के ताले तोड़ दान पात्र से नगदी में हाथ साफ किया था। मामले को लेकर स्थानीय निवासी ने कोतवाली अल्मोड़ा में तहरीर सौंपी थी। तहरीर के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इधर, पुलिस ने ग्राम गलाती, धारचूला जिला पिथौरागढ़ निवासी संतोष धामी एनटीडी से गिरफ्तार किया। वहीं चोरी का सामान बरामद कर आरोपी के कब्जे से हल्द्वानी से चोरी की गई एक स्कूटी भी बरामद की है।

# मलबा आने से हाईवे एक घंटे रहा बंद, 18 आंतरिक सड़कें भी प्रभावित

## बाटनागाड़ पुलिया बहने से पूर्णागिरि मार्ग बाधित, पहाड़ और मैदानी क्षेत्र को आने-जाने वाले यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग के स्वांला के पास मलबा आने से राष्ट्रीय राजमार्ग करीब एक घंटे तक बंद रहा। इस दौरान पहाड़ और मैदानी क्षेत्र को आने-जाने वाले यात्रियों को दिक्कत झेलनी पड़ी। इसके अलावा चम्पावत जिले की 18 सड़कें बंद हो गई हैं। इससे आवाजाही कर रहे लोगों के अलावा ग्रामीणों को दुश्वारी झेलनी पड़ी। वहीं पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ में पानी के तेज बहाव से पुलिया का आधा हिस्सा बह गया जिससे श्रद्धालुओं और क्षेत्र के लोगों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। भारी बारिश के पूर्वानुमान के बाद गुरुवार को स्कूल व आंगनबड़ी केंद्र बंद रहे।



टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग में आए मलबे को हटाती मशीन। ● अमृत विचार

आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग गुरुवार की सुबह चम्पावत से 22 किलोमीटर दूर स्वांला में मलबा आने से आवाजाही करीब एक घंटे ठप रहा। सुबह 6.10 बजे से 7 बजे तक सड़क पर आवाजाही ठप होने से वाहनों का संचालन बाधित रहा। वहीं मलबा आने से जिले की 18 सड़कें भी बंद हैं। इधर पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ में पानी के तेज बहाव के कारण पुलिया का एक हिस्सा बह गया है जिससे इस मार्ग में आने जाने वाले श्रद्धालुओं और क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं पूर्णागिरि मार्ग के उचौलीगोठ गांव के पास भारी बरसात के कारण मार्ग का एक हिस्सा धंस गया, वहीं दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है। इधर श्री मां पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन चंद्र तिवारी, समाजसेवी आनंद सिंह महर, मोहन पांडे, प्रकाश पांडे, नित्यानंद जोशी आदि लोगों ने प्रशासन से पूर्णागिरि मार्ग को ठीक किए जाने की मांग उठाई है।

# आपदा का अलर्ट मिलते ही त्वरित पहुंचें लोगों तक, सतर्क कर राहत पहुंचाएं : धामी

- आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समीक्षा बैठक में वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए

संवाददाता, अल्मोड़ा




अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में गुरुवार को विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को लेकर गुरुवार को विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित बैठक में राज्य सलाहकार समिति उपाध्यक्ष विनय रुहेला ने मानसून सत्र को लेकर अधिकारियों को व्यवस्था चांक चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है, इसलिए अधिकारी निष्ठा के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आपदा संबंधी अलर्ट और सूचनाओं का समय पर प्रचार-प्रसार जरूरी है। इसलिए सूचना प्रसारण तंत्र को सशक्त किया जाए। अलर्ट मिलते ही तुरंत वह लोगों तक पहुंचना चाहिए, ताकि लोग सतर्क हो जाएं। उन्होंने आपदा प्रबन्धन अधिकारी को निर्देश दिये कि सेटेलाइट फोनों के सिंगल एवं चार्ज की स्थिति को अनिवार्य रूप से चेंक कर लिया जाए। बैठक में डीएम विनीत तोमर, एसएसपी देवेंद्र पींचा, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, एडीएम सीएस मर्तोलिया, डॉ. आरसी पंत, विनीत पाल आदि रहे।

## रानीखेत अस्पताल के ओटी, प्रसव और दवा कक्ष में घुसा पानी



रानीखेत के नागरिक चिकित्सालय में भरा बारिश का पानी।

**रानीखेत :** रानीखेत उप जिला चिकित्सालय में बारिश से चिकित्सालय के प्रशासनिक भवन व ओटी, प्रसव कक्ष व दवा कक्ष में बारिश का पानी घुसने से काफी नुकसान हुआ है। जिसको लेकर कार्यदायी संस्था व चिकित्सालय प्रशासन पर उंगलियां उठने लगी हैं। गौरतलब है कि रानीखेत उप जिला चिकित्सालय के ऊपर वाले भाग में विगत वर्ष पेयजल निगम निर्माण द्वारा प्रशासनिक भवन व कॉविड वार्ड का निर्माण किया। तभी से कायदाही संस्था के निर्माण कार्य पर उंगलियां उठने लगी थी। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद विगत वर्ष पहली ही बरसात में बारिश का पानी प्रशासनिक भवन में जमा हो गया। जिसके चलते निचले भाग में स्थित ऑपरेशन थिएटर भी इसकी चपेट में आ गया था। 2 महीने तक यहां ऑपरेशन नहीं हो पाए थे। कार्यदाई संस्था को नोटिस दिए जाने के बाद पुन: खामियों को दूर करने के लिए कार्य किया गया। लेकिन इस वर्ष पहली ही बरसात ने कार्यदाई संस्था के निर्माण कार्य की पोल खोल कर रख दी। चिकित्सालय में पानी घुसने की सूचना मिलने पर संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने यहां पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और कार्यवाही संस्था को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमेश भट्ट ने प्रशासन से चिकित्सालय में हुए निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

## पांच दिन बाद हुई कृत्रिम झील की निकासी, खतरा टला

**बागेश्वर :** पांच दिन बाद वैपकास कंपनी ने भद्रतुंगा प्राचीन मंदिर के समीप सरयू नदी में बनी कृत्रिम झील को खोल दिया है। झील बनने से सिंचाई विभाग के नुकसान की भरपाई के लिए सिंचाई विभाग अपना दावा वैपकास कंपनी से करेगा। भद्रतुंगा प्राचीन शिव मंदिर व संत समाधि के समीप बनी सरयू नदी में बनी झील को खोलने के लिए कंपनी ने बुधवार की सायं पोकलैंड को नदी में उतार दिया तथा कुछ मलबा भी साफ किया। गुरुवार की सुबह कंपनी ने इंजीनियरों की देखरेख में पुन: कार्य प्रारंभ किया तथा दोपहर तक काफी मलबा व बोल्डरों को नदी से हटा दिया गया था। भद्रतुंगा आश्रम के संत देवेंद्र दास ने इसकी पुष्टि कर बताया कि झील की निकासी कर दी गई है तथा बढ़ा खतरा टल गया है परंतु कंपनी की लापरवाही से काफी नुकसान हुआ है। इससे भू-कटाव हुआ है साथ ही सिंचाई विभाग द्वारा बनाया गया घाट भी क्षतिग्रस्त हुआ है। इधर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता जगत सिंह बिष्ट ने बताया कि झील बनने से हुए नुकसान के लिए शीघ्र आंगणन बनाकर वैपकास कंपनी को आंगणन उपलब्ध कराया जाएगा तथा उनसे नुकसान की भरपाई की मांग की जाएगी। इधर झील खुलने के बाद कपकोट क्षेत्र में मंडरा रहा खतरा टल गया है।



कपकोटके भद्रतुंगा में झील खोलने के लिए लगी पोकलैंड।

## अल्मोड़ा में सात ग्रामीण सड़कों पर आवाजाही ठप

**अल्मोड़ा :** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में बारिश से जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बीते बुधवार को जिलेभर में हुई बारिश सात ग्रामीण सड़के बंद हो गई है। गुरुवार को भी प्रशासन की टीम ने बंद सड़कों को खोलने का काम किया। जिला आपदा कंट्रोल से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में अल्मोड़ा में 13 .8 मिमी, रानीखेत में 60 मिमी, द्वाराहाट में 37 मिमी, चौखुटिया में 57 मिमी, सोमेश्वर में 40 मिमी, भिकियासैंण में 4 .5 मिमी, ताकुला में 44 मिमी, सल्ट में दो मिमी, शीतलाखेत में 3 .5 मिमी, भैंसियाछाना में 69 .5 मिमी और मासी में 10 .5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इधर, गुरुवार को जिले भर में मौसम सुहावना बना रहा। सुबह से ही आसमान घने बादलों से घिरा रहा। हालांकि इस दौरान जिले में भारी कहीं भी बारिश नहीं हुई।

# भैंसियाछाना में 24 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप

- बिजली नहीं होने से लोगों को अंधेरे में गुजारनी पड़ी रात
- 11 केवी लाइन में पेड़ गिरने से बाधित रही बिजली आपूर्ति

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** ब्लाक के 11 केवी लाइन में फाल्ट के चलते दर्जनों गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। 24 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

गुरुवार देर शाम आपूर्ति सुचारु हो सकी। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बीते बुधवार को भारी बारिश के बीच बाड़ेछीना फीडर से निकलने वाली 11 केवी लाइन में पेड़ गिर गया। जिससे लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। लाइन क्षतिग्रस्त होने से इससे जुड़े धौलछीना और सेराघाट कस्बे समेत दर्जनों ग्राम पंचायतों में शाम तीन बजे से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ऊर्जा निगम के कर्मचारियों ने क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक करने का काम शुरू किया। इधर, गुरुवार देर शाम लाइन को ठीक किया जा सका। जिसके बाद आपूर्ति सुचारु हो सकी और लोगों ने राहत की सांस ली।

> बाड़ेछीना के पास बिजली लाइन में पेड़ गिरने से आपूर्ति बाधित हो गई थी। क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक कर आपूर्ति सुचारु कर दी गई है। **-ललित मोहन डालाकोटी**, अवर अभियंता ऊर्जा निगम

# गैंगरेप का तीसरा आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में

- चम्पावत विकासखंड की नाबालिग के साथ दो जुलाई को हुआ था सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** चम्पावत कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अपहरण कर एक ट्रक में नाबालिग का गैंग रेप करने के मामले में अब तीनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। अमोड़ी क्षेत्र के 2 आरोपितों को 3 जुलाई और तीसरे आरोपित व्यक्ति को 4 जुलाई को पकड़ा गया है।

कोतवाल प्रताप सिंह नेगी ने बताया कि तीन युवकों ने एक गांव की 16 साल की एक नाबालिग का पहले अपहरण किया और इसके बाद उन्होंने ट्रक में सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने 2 जुलाई को तीनों आरोपितों रबीश भट्ट, संजय भट्ट और योगेश थ्वाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137, 127, 142, 70, 74 और पॉक्स के अंतर्गत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। रबीश भट्ट और योगेश भट्ट को 3 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि तीसरे आरोपित युवक योगेश थ्वाल को 4 जुलाई को दबोचा जा सका। कोर्ट में पेश करने के बाद तीनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच दरोगा राधिका भंडारी कर रही है।

## महिलाओं के साथ बढ़ते आपराधिक मामलों पर चिंता जताई

**रानीखेत :** कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन कर उत्तराखंड में महिलाओं के साथ बढ़ते आपराधिक मामलों को लेकर गहन चिंता व्यक्त की गई। कहा कि बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार के राज में स्वयं भाजपा के नेता ही नाबालिक के रेप और हत्या में सम्मिलित पाए जा रहे हैं और सरकार व मुख्यमंत्री अपने नेताओं को बचाने की पूरी कोशिश कर रही है। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश आर्या, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, हॉकी संघ के जिलाध्यक्ष अगस्त लाल साह, वरिष्ठ कांग्रेसी गोपाल राम आदि मौजूद थे।

# संपूर्णता अभियान बहुत अहम

- आकांक्षी विकास खंड कपकोट में संपूर्णता संगोष्ठी संपन्न
- जिपं अध्यक्ष व डीएम, विधायक तथा प्रमुख ने किया शुभारंभ

संवाददाता, बागेश्वर



कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं जिपं अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकासखंड कपकोट सभागार में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान संगोष्ठी संपन्न हुई। संगोष्ठी का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, विधायक सुरेश गड़िया, जिलाधिकारी अनुराधा पाल, ब्लॉक प्रमुख गोविंद सिंह दानू द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

विकास खंड सभागार में आयेजित कार्यक्रम का शुभारंभ कर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य तभी सफल होगा जब प्रशासन के साथ-साथ आम जन भी जुड़कर सामाजिक जन जागरण लाएगा। उन्होंने सभी से मिलकर इस अभियान को सफल बनाने की बात कही। विधायक सुरेश गढिया ने कहा कि प्रधानमंत्री संपूर्णता अभियान के माध्यम से मानव जीवन को ऊपर उठाने का प्रयास कर रहे हैं। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अन्तर्गत चार जुलाई से 30 सितम्बर तक सम्पूर्णता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने कहा कि कपकोट विकास खण्ड को भारत के कुल 500 आकांक्षी ब्लॉकों में प्रथम श्रेणी में लाने हेतु सभी विभागों को कार्य करने होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में राइका कपकोट की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी बच्चों को टीकाकरण कराने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र कुमार, ने किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जिला विकास अधिकारी विम्मी जोशी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख हरीश मेहरा, कनिष्ठ प्रमुख रविन्द्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम शाही, जिला पंचायत सदस्य हरीश ऐठानी, पूरन गाड़िया, पूर्व ब्लॉक प्रमुख़ मनोहर राम, खंड विकास अधिकारी ख्याली राम, डॉ हरीश पोखरिया समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सीएचओ, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### अल्मोड़ा निवासी पिता-पुत्र की जोड़ी गोवा में सम्मानित



अल्मोड़ा नगर निवासी पिता-पुत्र की जोड़ी को गोवा में सम्मानित करते अतिथि।

**अल्मोड़ा।** नगर के हीराडूंगरी निवासी इंजीनियर हर्ष कक्कड़ व आर्कीटेक्ट गौरांग कक्कड़ को उनके द्वारा डिजाइन किए गए रिजार्ट प्रोजेक्ट के लिए गोवा में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी फर्म कक्कड़ बिल्डवेल को आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग व इंटीरियर डिजाइन के लिए प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में कई राज्यो व केंद्र शासित प्रदेशों के डिजाइनर और आर्किटेक्ट मौजूद रहे। पिता-पुत्र की जोड़ी को सम्मान मिलने पर अर्बन बैंक के पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह बगड़वाल, क्रिकेट संघ के अध्यक्ष गिरीश धवन, वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर लखचौरा कई लोगों ने खुशी जताई।

### मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**टनकपुर :** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की स्थानीय शाखा के कर्मचारियों ने मांगों का निराकरण न होने पर गुरुवार से रोडवेज सहायक महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कर्मचारियों ने आश्वासन के बाद भी मांगों पर अमल होने पर नारेबाजी भी की। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने पूर्व में सहायक महाप्रबंधक को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा था। जिसके बाद भी समस्याएं जस की तस हैं। धरना प्रदर्शन करने वालों में क्षेत्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार, दिनेश भट्ट, राजेन्द्र बिष्ट, दीवान सिंह पुजारी, करन नेगी, प्रमोद नौटियाल, भरत पाठक, आकाश सिंह, संजय भट्ट आदि मौजूद रहे।

### पदों में कटौती के विरोध में उतरे कार्मिक

**अल्मोड़ा :** राज्य कर अधिकारियों के पदों में कटौती के विरोध में मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को कार्मिकों ने कार्य बहिष्कार कर जमकर प्रदर्शन किया। जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शासन कर्मचारियों के अधिकारी बनने के सपनों को तोड़ने का काम कर रहा है। कहा कि जब तक शासन पहले की तरह पद लागू करने की व्यवस्था नहीं करेगा। तब तक वह अपना विरोध जारी रखेंगे। मांगों के पूरा नहीं होने पर कर्मचारियों ने उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी।



लोहाघाट पॉलीटेक्निक कर्मचारियों ने काले फीते बांधकर जताया विरोध।

### परीक्षा निरीक्षक से मारपीट के विरोध में बांधे काले फीते

**टनकपुर :** राजकीय पालीटेक्निक सिडकुल (हरिद्वार) में परीक्षा निरीक्षक के साथ हुई मारपीट का राजकीय पालीटेक्निक टनकपुर, चम्पावत और लोहाघाट के कर्मचारियों ने विरोध किया है। गुरुवार को उन्होंने बाहों में काले फीते बांधकर अपना विरोध दर्ज किया। साथ ही मारपीट में शामिल लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इधर लोहाघाट में प्रभारी प्रधानाचार्य गोविंद बल्लभ थुवाल के नेतृत्व में एकत्रित कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर आक्रोश जताया। प्रधानाचार्य ने कहा कि सिडकुल हरिद्वार पालिटेक्निक में परीक्षा निरीक्षक ने कुछ छात्रों को नकल करने से रोका तो उन्होंने कालेज के बाहर के अपने साथियों को बुलाकर उनके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान मयंक बिष्ट, कमलेश कुमार आजाद, रुकवेंद्र कुमार, विवेक मौर्या, संजय कुमार, डीके शर्मा, कीर्ति राम, दीपक भट्ट, बिट्टू सिंह, पुनीत चौहान, कमलेश गहतोड़ी, पुष्पा जोशी, गीतिका पुनेठा, आरती बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## चिंता: चीड़ के जंगलों में बारिश के पानी का रिजार्च मात्र सात फीसद

# चीड़ के जंगल जल संरक्षण के लिए खतरा

कमलेश कनवाल, अल्मोड़ा

- अल्मोड़ा में मजह 2.5 फीसद में बांज और अन्य के जंगल
- 83 फीसदी क्षेत्र में फैला है चीड़ का जंगल

**अमृत विचार :** पर्वतीय क्षेत्रों में बांज और अन्य चौड़ी पत्ती के वनों की जगल चीड़ के जंगल तेजी से फैल रहे हैं। जल संरक्षण के लिए चीड़ के जंगल खतरा बनते जा रहे हैं। वन विभाग ने पिछले कई सालों से चीड़ के पौधे लगाने बंद कर दिए हैं, लेकिन चीड़ खुद ब खुद तेजी से फैल रहा है, जबकि चौड़ी पत्ती वाले जंगल सिकुड़ रहे है।

चीड़ के जंगलों में बारिश का पानी धरती के भीतर बेहद कम मात्रा में जाता है। एसएसजे विवि के पूर्व भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. जेएस रावत ने बताया कि बांज के जंगलों में बारिश का 23 फीसद पानी धरती के भीतर जाता है। वहीं, चीड़ के जंगलों में बारिश का पानी सिर्फ आठ फीसद ही धरती के भीतर जाता है। बताया कि बांज के जंगल में ताजी पत्तियों की 50 सेमी से लेकर एक मीटर तक मोटी परत जम जाती है। इस परत में ह्यूमस तत्व पाया जाता है जो बारिश के पानी को तेजी से सोखता है। यही वजह है, कि बांज के जंगलों में बारिश का 23 फीसद पानी धरती के भीतर जाता है, जबकि चीड़ के जंगलों में मिट्टी की परत में ह्यूमस नहीं होता, यहां बारिश का अधिकांश पानी निकल जाता है। चीड़ के जंगल में बारिश का पानी का रिचार्ज महज आठ फीसद ही होता है।

> पहाड़ों में अपघटित जंगल अधिक है, बारिश के पानी को सोखने की क्षमता सबसे कम है। जंगलों में आग के बाद भी 92 फीसद वर्षा जल बह जाता है। जल संरक्षण के लिए बांज के पौधे लगाना जरूरी है। **- प्रो. जेएस रावत**, सेवानिवृत विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग, एसएसजे विवि।

### महज 2.05 फीसद में बांज और अन्य के जंगल

**अल्मोड़ा।** पिछले कुछ दसकों में बांज और अन्य चौड़ी पत्ती के वन सिकुड़ रहे है। वहीं चीड़ के जंगलों का विस्तार तेजी से हो रहा है। वन विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार यहां 83 .43 फीसद चीड़ के जंगल और सिर्फ 2 .05 फीसद में बांज और 1 .34 फीसद क्षेत्र में देवदार के जंगल है।

# अल्मोड़ा में पुत्रवधु पर मारपीट का आरोप

**अल्मोड़ा :** नगर निवासी एक महिला ने अपनी पुत्रवधु पर मारपीट और धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर अब पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के तिकलपुर निवासी प्रेमलता जोशी पुलिस में तहरीर दी। बताया कि उनकी पुत्रवधु डा. प्रिया लंबे समय से उन्हें परेशान करते आ रही हैं। आरोप लगाया कि उनके बीमार पति के साथ भी पुत्रवधु मारपीट करती है। बताया कि एक जुलाई को उनकी पुत्र वधु ने पुत्र के सामने ही मारपीट शुरू कर दी और फोन तोड़ दिया। बताया कि पुत्रवधु की मारपीट में वह बुरी तरह घायल हो गए। आरोप लगाया कि पुत्रवधु ने उनके पति के साथ भी मारपीट कर दी। जिसके बाद 112 में सूचना देने के बाद मौके पर पुलिस और मोहल्ले के अन्य लोग पहुंचे।

## लोनिवि पर लगाया रोड का गलत सर्वे का आरोप

**टनकपुर :** टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग के सुखीढांग क्षेत्र से लगे तलियाबांज गांव के ग्रामीणों ने लोनिवि पर प्रस्तावित सड़क का गलत सर्वे किए जाने का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर इस क्षेत्र के ग्रामीण टनकपुर तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने इस मामले को लेकर एसडीएम आकाश जोशी के माध्यम से जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन देकर कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि तलियाबांज में लोनिवि द्वारा अखबार कोट से नैक्यूड़ा-छीड़ा रोड का सर्वे किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दो परिवारों कि मांग को देखते हुए रोड का सर्वे किया गया है, जबकि सैकड़ों परिवारों को अनदेखा किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त सड़क की कटिंग का ग्रामीण पुरजोर विरोध करेंगे। रोड कटिंग के दौरान ग्रामीणों के आवासीय मकानों में पत्थर गिरने का भी खतरा है। गलत सर्वे के आधार पर रोड कटिंग होने से बांज, बुरांस के सैकड़ों पेड़ों को नुकसान पहुंचेगा।

## दो सूत्रीय मांगों के निराकरण को अड़े रानीधारा वासी

**अल्मोड़ा :** रानीधारा बदहाल सड़क सुधारीकरण की मांग समेत सीवर लाइन की एसआईटी जांच की मांग को स्थानीय लोगों का धरना प्रदर्शन जारी है। गुरुवार को 13 वें दिन भी रानीधारा नगर वासी धरने पर अडिग रहे। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी जमकर नारेबाजी। मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से लोग रानीधारा में बदहाल बनी सड़क का दंश झेल रहे है, लेकिन शासन प्रशासन को लोगों की दिक्कतों से कोई भी सरोकार नहीं है। कहा कि बीते कई दिनों से लोग सड़क सुधारीकरण समेत सीवर लाइन की एसआईटी जांच की मांग को धरना दे रहे है, लेकिन अब तक कोई भी सकरात्मक कार्रवाई नहीं हो सकी हैं। जिससे लोगों भारी रोष व्याप्त है। चेतावनी दी कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान संघर्ष समिति के संयोजकं विनय किरौला, दीपांशु पांडे, दीपाली पांडे, तनुजा पंत, मुन्नी बिष्ट, संगीता भंडारी, मीनू पंत, गीता पंत आदि लोग मौजूद रहे।

# विश्वविजेता टीम के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

- सुबह दिल्ली पहुंची टीम ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात
- मुंबई रोड शो में स्वागत को पहुंचे लाखों लोग, सड़कें जाम



## विजय जुलूस में गूंजा इंडिया... इंडिया

**मुंबई।** टी-20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम के स्वागत के लिए आयोजित विजय जुलूस (विक्ट्री परेड) में गुरुवार को यहां जनसैलाब उमड़ पड़ा जिससे दक्षिण मुंबई का यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से अनुसार विजय जुलूस नरीमन पॉइंट में नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) से शाम पांच बजे शुरू होकर वानखेड़े स्टेडियम में शाम सात बजे समाप्त होना था लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम नई दिल्ली से देर से यहां पहुंची, जिससे परेड 7 : 30 मिनट के बाद ही शुरू हो पाई। इस विजय जुलूस का साक्षी बनने के लिए लाखों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मरीन ड्राइव पर पहुंचे। वानखेड़े स्टेडियम को प्रशंसकों के लिए खोल दिया गया और कुछ मिनट में ही स्टेडियम खचाखच भर गया। वानखेड़े में सचिन...सचिन और मुंबईचा राजा, रोहित शर्मा! और इंडिया...इंडिया के पारंपरिक नारों के साथ माहौल जीवंत हो उठा।



नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया जिसके बाद टीम के सदस्यों ने नाश्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे सैकड़ों प्रशंसक मौसम की परवाह किए बिना विभिन्न नारे लिखे बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। खिलाड़ियों की वापसी के दौरान नाच-गाना हो रहा था, खूब सारे केक थे और सड़कों पर प्रशंसक थे जो दर्शा रहे थे कि क्रिकेट देश में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला खेल क्यों है। थके हुए खिलाड़ी भी हवाई अड्डे से होटल पहुंचने के बाद मस्ती में शामिल हुए और पार्टी का माहौल पूरा किया।



वर्ष 2011 में जीते पिछले विश्व कप का जिक्र करते हुए एक प्रशंसक ने कहा हम पिछले 13 साल से इस पल का इंतजार कर रहे थे। टीम ने विश्व कप जीतकर हमें गौरवांवित किया है। उत्साह से लबरेज प्रशंसक स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पोस्टर लेकर नारे लगा रहे थे। खिलाड़ियों को आईटीसी मौर्या शेरेटन होटल ले जाने के लिए टी थ्री टर्मिनल के बाहर दो बसें खड़ी थी। होटल पहुंचने पर ढोल और पारंपरिक भांगड़ा डांस से उनका स्वागत किया गया। कप्तान रोहित शर्मा, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत सहित अधिकांश खिलाड़ियों ने भांगड़ा कर रहे डांसरों के साथ डांस किया।

कुछ देर बाद वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके आवास के लिए रवाना हो गए। होटल लौटने से पहले भारतीय दल ने बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर करीब दो घंटे बिताए। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में खिलाड़ियों को मोदी के साथ हल्की-फुल्की बातचीत करते देखा जा सकता है। कोहली ने इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। हमें प्रधानमंत्री आवास पर आमंत्रित करने के लिए आपका धन्यवाद। पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप हारने के बाद यह विश्व कप जीतना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। शनिवार को भारत ने अपना दूसरा टी-20 विश्व कप जीता और आईसीसी ट्रॉफी का 11 साल का इंतजार खत्म किया। भारत ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में जीता था जब उसने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। भारत ने इसके पहले विश्व कप खिताब 1983 (एकदिवसीय), 2007 (टी20) और 2011 (एकदिवसीय) में जीते थे।





1. विजय जुलूस से पहले मुंबई के मरीन ड्राइव पर भारतीय टीम के स्वागत को जुटे लाखों प्रशंसक ।
2. मरीन ड्राइव पर डबल डेकर बस में सवार भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने किया प्रशंसकों का अभिवादन।
3. दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते खिलाड़ी।
4. दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान बातचीत करते भारतीय खिलाड़ी।
4. प्रधानमंत्री मोदी को नमो 1 की जर्सी भेंट करते बीसीसीआई अधिकारी रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह।

# भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी दूसरे दौर में

लंदन, एजेंसी

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी ने गुरुवार को यहां पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि ओलंपिक दल के सदस्य एन श्रीराम बालाजी और ल्यूक जॉनसन की जोड़ी विम्बलडन चैम्पियनशिप से बाहर हो गई। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक और एलेक्जैंडर श्वेचेंको की जोड़ी को 58 मिनट में 6-4 6-4 से पराजित किया। अब भांबरी और ओलिवेटी का सामना जर्मनी के क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से होगा।

बालाजी और जॉनसन को पहले दौर में सर्बिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो की चौथी वरीय जोड़ी से 4-6 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी पर आसान जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया।

बोपन्ना और एब्डेन ने बुधवार को बारिश से बाधित पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे 11 मिनट में नीदरलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वियों को 7-5, 6-4 से हराया। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी दूसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्स्टेंटिन फ्रेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ेगी। बोपन्ना और एब्डेन पिछले साल सत्र के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले सुमित नागल और उनके सर्बियाई जोड़ीदार दुसान लाजोविच को पहले दौर में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जॉमे मुनार से हार का सामना करना पड़ा।



## मेदवेदेव अगले दौर में पहुंचे, ओसाका हारी

**लंदन।** विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में डेनिल मेदवेदेव जहां अपना मुकाबला जीतकर अगले दौर में पहुंच गए, वहीं नाओमी ओसाको को हार का सामना करना पड़ा है। महिला एकल के अन्य मुकाबलो में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके अलावा बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरी तरफ पुरुष एकल में पांचवी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को भी सेंटर कोर्ट पर कठिन शुरुआत मिली। उन्हें एलेक्जेंडर मुलर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन मेदवेदेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 6-7(3) 7-6(4) 6-4 7-5 से जीत दर्ज की। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने अपने हमवतन माटेओ बेरेटिनी को कड़े मुकाबले में 7-6, 7-6, 2-6, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

# राजावत ने गेम्के को हराया कनाडा ओपन के दूसरे दौर में

**कैलगेरी (कनाडा)।** उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने यहां कनाडा ओपन के पुरुष एकल के पहले दौर में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले डेनमार्क के रासमुस गेम्के को हराया।

दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने आठवें वरीय गेम्के को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में एक घंटे और 10 मिनट में 17-21 21-16 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। राजावत अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। वह अगले दौर में जापान के ताकुमा ओबायाशी से भिड़ेंगे। पुरुष एकल में हिस्सा ले रहे दो अन्य भारतीयों आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को हार का सामना करना पड़ा। शेट्टी को जापान के छठे वरीय कोकी वातानाबे के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि शंकर को फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। महिला एकल में तान्या हेमंत और अनुपमा उपाध्याय भी दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। तान्या ने कनाडा की जैकी डेंट को हराया जबकि अनुपमा ने आयरलैंड की रैशेल डेरेग को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। तान्या अगले दौर में थाईलैंड की तीसरी वरीय बुसानन ओंगबैमरुंगफान से भिड़ेंगी जबकि अनुपमा को कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ खेलना है।

## खेल डायरी

### डोप जांच में विफल रही दीपांशी, नाडा ने किया निलंबित

**नई दिल्ली।** नाडा ने हाल में राष्ट्रीय अतंर राज्यीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली भारत की शीर्ष महिला 400 मीटर धाविका दीपांशी को डोप जांच में विफल होने के कारण निलंबित किया। दीपांशी ने शुक्रवार को पंचकुला में महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में किरण पहल (50.92 सेकेंड) के बाद 52.01 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया था। टूर्नामेंट के दौरान लिए गए डोप नमूने में एनाबोलिक स्टेरायड मिला है। ये नमूने 27 जून को हीट रेस के बाद या सेमीफाइनल में लि गए। राष्ट्रीय अंतर्राज्यीय चैंपियनशिप 27 से 30 जून में यह पहला डोप पॉजिटिव मामला सामने आया है जो पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी था।

### त्वेसा संयुक्त 24वें और दीक्षा 46वें स्थान पर

**लंदन।** भारतीय महिला गोल्फर त्वेसा मलिक संधू यहां अरामको टीम सीरीज लंदन के पहले दौर में इवन पार 73 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर रहीं। उनकी साथी भारतीय दीक्षा डागर दो ओवर 75 के कार्ड से संयुक्त 46वें स्थान पर बनी हुई हैं जबकि प्रणवी उर्स ने सात ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला जिससे उनके कट में प्रवेश की संभावना नहीं है। दीक्षा अगले हफ्ते मेजर एवियन चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी, उन्होंने तीन बर्डी लगायीं जबकि तीन बोगी और एक डबल बोगी की।

### अमेरिका महिला क्रिकेट टीम के कोच बने मोरिंग

**न्यूयॉर्क।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर हिल्टन मोरिंग को अमेरिका की राष्ट्रीय महिला और अंडर-19 टीम का कोच नियुक्त किया गया। अमेरिका की क्रिकेट संस्था ने यह घोषणा की। मोरिंग वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपाल की जगह लेंगे और इस साल बांग्लादेश में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए टीम को तैयार करेंगे। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के कोच रह चुके 46 वर्षीय मोरिंग ने कहा कि वह अमेरिका में क्रिकेट के विकास में योगदान करना चाहते हैं।

### शतरंज : गुकेश ने करुआना को बराबरी पर रोका

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो करुआना को बराबरी पर रोका। एक बार फिर दिन की सभी बाजियां ड्रॉ रही। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे। अंतिम स्थान पर चल रहे रोमानिया के डिएक बोगडेन-डेनियल ने फिरोजा के साथ ड्रॉ खेला जबकि गिरी ने वाचियेर-लाग्रेव के साथ बाजी ड्रॉ की। शीर्ष वरीय करुआना दो जीत और पांच ड्रॉ से 4.5 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा हैं जो अमेरिकी से आधा अंक पीछे हैं। नेपोमनियाची 3.5 अंक के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। अमेरिका के वेस्ली सो, नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की तिकड़ी उनसे आधा अंक पीछे है।

### बिलियड्र्स चैंपियनशिप: आडवाणी ने पारिख को हराया

**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिद्धार्थ पारिख को 4-2 से हराकर एशियाई बिलियड्र्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाए। मैच में पारिख ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला फ्रेम 101-38 से जीता। दूसरे फ्रेम में कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन पारिख ने 100-99 से आडवाणी को हराकर 2-0 की बढ़त बनाई। आडवाणी ने दो फ्रेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरा फ्रेम 101-0 से जीता। चौथे फ्रेम में पारिख 95 के ब्रेक के बावजूद आडवाणी को 101-95 से जीतने से नहीं रोक पाए। आडवाणी पांचवें फ्रेम में हावी रहे और 87 के ब्रेक के साथ 104-2 की जीत से 3-2 की बढ़त बनाने में सफल रहे।

# ओलंपिक में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- 1 से 11 अगस्त तक आयोजित होंगी ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं, 11 महिलाएं, 17 पुरुष शामिल

मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत की 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे। तोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले और मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की तैयारी के सिलसिले में डायमंड लीग के अंतिम चरण में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

भारतीय एथलेटिक्स टीम में 17 पुरुष और 11 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। चोपड़ा के अलावा इनमें एशियाई खेलों के चैंपियन अविनाश साबले, तेजिंदरपाल सिंह तूर और बाधा दौड़ के धावक ज्योति याराजी जैसे अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी शामिल हैं। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश शामिल हैं। इस टीम ने हाल में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की टीम को पीछे छोड़कर सनसनी मचा दी थी। पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं 1 अगस्त से 11 अगस्त तक होंगी।

पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम में पुरुष : अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज़), नीरज चोपड़ा, किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रवेल, अबुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट (20 किमी पैदल चाल), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश (4x400 मीटर रिले), मिजो चाको कुरियन (4x400 मीटर रिले), सूरज पंवार (पैदल चाल मिश्रित मैराथन), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद)। **महिला :** किरण पहल (400 मीटर), पारुल चौधरी (3,000 मीटर स्टीपलचेज़ और 5,000 मीटर), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (भाला फेंक), आभा खटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर (4x400 मीटर रिले), प्राची (4x400 मीटर), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी पैदल चाल)।

# द. अफ्रीका के खिलाफ तैयारी पुख्ता करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

चेन्नई, एजेंसी

टी-20 शृंखला



भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 शृंखला का इस्तेमाल एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्टूबर से होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय शृंखला है। इसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

टीम ने बेंगलुरू में तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। 2023 से अब तक भारत ने सात टी-20 शृंखला खेली हैं जिनमें से तीन में उसे जीत मिली है और चार में हार का सामना करना पड़ा है। टीम इस आंकड़े को बेहतर करना चाहेगी। दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत के लिए कप्तान लॉरा वोलवार्ट पर बहुत अधिक निर्भर होगा। वोलवार्ट ने एकदिवसीय शृंखला और एकमात्र टेस्ट में शतक लगाकर अपनी शानदार फॉर्म की झलक दिखाई। अगर दक्षिण अफ्रीका को पिछले साल जनवरी के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला जीतनी है तो सलामी बल्लेबाज वोलवार्ट का प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### जापान में नसबंदी का शिकार हुए लोगों को मुआवजा देने का आदेश

**तोक्यो।** जापान के उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में बुधवार को सरकार को उन पीड़ितों को उचित मुआवजा देने का आदेश दिया जिनकी अब निरस्त किए जा चुके यूजेनिक्स प्रोटेक्शन लॉ के तहत जबरन नसबंदी की गयी थी। यह कानून शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के संतान न पैदा करने के लिए बनाया गया था। ऐसा अनुमान है कि पैदा होने वाली संतानों में किसी प्रकार की शारीरिक कमी को रोकने के लिए 1950 से 1970 के बीच इस कानून के तहत बिना सहमति के करीब 25,000 लोगों की नसबंदी की गयी थी।

### कनाडा में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में एक की मौत

**ओटावा।** कनाडा के पश्चिम में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सीटीवी रिपोर्ट के मुताबिक, घटना कोलंबिया के पास बीसी अलबर्टा बोर्डर के नजदीक कोलंबिया वैली क्षेत्र में मंगलवार शाम को हुई। हेलिकॉप्टर में सवार तीन लोगों में से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जो पायलट था और दो लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एक महीने में तीसरे जापानी पर्वतारोही ने गंवाई जान

**पेशावर।** उत्तरी पाकिस्तान के सबसे ऊंचे पहाड़ों में से उतरते समय एक जापानी पर्वतारोही की मौत हो गई। एक महीने से भी कम समय में इस पहाड़ पर किसी जापानी के साथ यह ऐसी तीसरी घटना है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### भारत की यात्रा के बाद चीन जाएंगी हसीना

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अगले सप्ताह की शुरुआत में बीजिंग का दौरा करेंगी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग सहित देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगी, जिससे आपसी राजनीतिक विश्वास बढ़ेगा और द्विपक्षीय संबंध एक नए स्तर पर पहुंचेंगे। हसीना 8 से 10 जुलाई तक चीन की यात्रा पर रहेंगी। भारत यात्रा के कुछ दिनों बाद उनकी इस यात्रा को भारत और चीन के बीच संबंधों को संतुलित करने के एक स्पष्ट प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

### जापानी शख्स को जेल के साथ बेंत से मारने की सज़ा

**कुआलालंपुर।** सिंगापुर में नशे में धुत छात्रा पर क्रूर हमला करने और बलात्कार के जुर्म में एक जापानी हेयर स्टाइलिस्ट को 17 .5 साल की जेल और 20 बेंत मारने की सजा सुनाई गई है। उसके वकील ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बचाव पक्ष के वकील एड्रियन वी ने बताया कि 39 वर्षीय किता इक्को ने बलात्कार और अश्लील फिल्म बनाने के आरोप को सोमवार को स्वीकार कर लिया था। समाचार एजेंसी 'क्योदो' ने सिंगापुर में जापानी दूतावास के हवाले से कहा कि सिंगापुर में बेंत से मारने की सज़ा पाने वाला किता पहला जापानी है।

# बारिश का मौसम आया... सांपों से जरा बचके रहें

बारिश का मौसम शुरू होते ही सांपों का खतरा बढ़ जाता है। देशभर में कई जगह से सर्पदंश से होने वाली मौत की खबरें आती रहती हैं। दुनियाभर में सांपों की अनगिनत प्रजातियां पाई जाती हैं। अगर भारत की बात करें तो देश में सांपों की लगभग 300 प्रजातियां पाई जाती हैं। इन प्रजातियों में से करीब 50 प्रजातियां बेहद ही जहरीली होती हैं। भारत में पाए जाने वाले सभी सांपों में से केवल 15 से 17 प्रतिशत ही विषैले होते हैं, जिनमें समुद्री सांप भी शामिल हैं। भारत में 16 जुलाई को विश्व सर्प दिवस मनाया जाएगा। इसी के मद्देनजर सांपों के हमले से बचाव और प्रजातियों पर एक नजर डालते हैं।



### देश में पाए जाने वाले सांप

भारत में अजगरों की तीन प्रजातियां पाई जाती हैं – भारतीय रॉक अजगर, बर्मीज अजगर और जालीदार अजगर। जिन्हें दुनिया की सबसे बड़ी सांप प्रजाति माना जाता है। किंग कोबरा दुनिया का सबसे लंबा विषैला सांप है। कॉमन करैत, रसेल वाइपर, सॉ स्केल्ड वाइपर, चश्माधारी कोबरा, पिट वाइपर, बैंडेड करैत, बैम्बू पिट वाइपर और अंडमान पिट वाइपर।

### सबसे ज्यादा प्रजातियों वाला राज्य

दुनियाभर में सबसे ज्यादा सांपों की प्रजातियां ब्राजील के अमेजन के जंगलों में पाई जाती हैं। इनमें से एनाकोंडा सबसे प्रमुख है। वहीं भारत का केरल एक ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा प्रजाति के सांप मिलते हैं। लेकिन लक्षद्वीप एक ऐसा केंद्र शासित प्रदेश है, जहां पर एक भी सांप नहीं पाया जाता है। वहीं मध्य प्रदेश में सांपों की 36 प्रजातियां पाई जाती हैं।

### सांप काटने के लक्षण

जहरीले सांप के काटने से शरीर में काटने वाली जगह पर दर्द और सूजन, ऐंठन, मतली, उल्टी, अकड़न या कपकपी, एलर्जी, पलकों का गिरना, घाव के चारों ओर सूजन, जलन, लाल होना, त्वचा के रंग में बदलाव, दस्त, बुखार, पेट दर्द, सिरदर्द, जी मिचलाना, मांसपेशियों की कमजोरी, प्यास लगना, लो बीपी, घाव से खून बहना, बहुत पसीना आना और अंगों के आसपास के हिस्से का सुन्न पड़ना शामिल है।

### सांप के काटने पर क्या करें

सांप काटने पर तुरंत इलाज के लिए मरीज को अस्पताल ले जाएं। जिस जगह सांप ने काटा है, उस स्थान को बिल्कुल न हिलाएं। ब्लीडिंग होने पर खून को बहने दें। खून रोकने के लिए बीटाडीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। पीड़ित व्यक्ति को शांत रखें और जितना संभव हो व्यक्ति को स्थिर रखें। घाव को ढीली और साफ पट्टी से कवर करें।

### भारत में सबसे जहरीली प्रजाति

भारत में पाए जाने वाले सभी सांपों में सबसे जहरीला सांप रसैल वाइपर है। इसके काटने से कुछ ही घंटों में इंसान की मौत हो जाती है। जानकार बताते हैं कि रसैल वाइपर के काटने से इंसान के शरीर के खून में थक्के जमने लगते हैं और कुछ ही देर में इंसान काल के गाल में समा जाता है।

ये रखें सावधानी

- जूते, टंगे कपड़ों आदि को झाड़कर ही पहनें।
- घर के कॉर्नर आदि को साफ सुथरा रखें।
- नीचे रखे बैग, पुराने सामान को चेक करते रहें।
- आंगन से अनावश्यक घास, पेड़-पौधों को हटवा दें।
- घास आदि में चलते समय जूते जरूर पहनें।

### ऐसे रखें सांपों को दूर

- लेमनग्रास, गेंदा का फूल, स्नैक प्लांट, तुलसी, कैक्टस आदि पौधे घर के आसपास लगाएं।
- घर में फिनाइल का छिड़काव कर दें। इसकी जगह पर आप विनेगर या मिट्टी का तेल भी स्प्रे कर सकते हैं।
- सांप निकलने पर आप लौंग और दालचीनी के तेल को मिक्स करके उस पर स्प्रे कर सकते हैं।

# एससीओ का लक्ष्य आतंकवाद से लड़ाई

## शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्र प्रमुखों के समक्ष विदेश मंत्री जयशंकर ने उठाया मुद्दा

**अस्ताना, एजेंसी**

भारत ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराते हैं और आतंकवाद को नजरअंदाज करते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों की परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों को रखते हुए जयशंकर ने कहा कि एससीओ का एक मूल लक्ष्य आतंकवाद से लड़ना है। जयशंकर ने सम्मेलन में कहा हममें से कई लोगों के अपने अनुभव हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे सामने आते हैं। यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। किसी भी रूप या स्वरूप में आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता या माफ नहीं किया जा सकता। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। जयशंकर ने पाकिस्तान और उसके सहयोगी चीन के परोक्ष संदर्भ में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग करना चाहिए और बेनकाब कर देना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं।

चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध किया है। उन्होंने कहा सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा।

हमें हमारे नौजवानों के बीच कट्टरता फैलाने के प्रयासों को रोकने के लिए सक्रियता से कदम उठाने चाहिए। जयशंकर ने कहा कि पिछले साल भारत की अध्यक्षता के दौरान इस विषय पर जारी संयुक्त बयान नई दिल्ली की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

**मिलेट फूड फेस्टिवल, एससीओ फिल्म फेस्टिवल का किया जिक्र :** भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान एससीओ मिलेट फूड फेस्टिवल, एससीओ फिल्म फेस्टिवल, एससीओ सूरजकुंड क्राफ्ट मेला, एससीओ थिंक-टैंक सम्मेलन और साझा बौद्ध विरासत पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। हम स्वाभाविक रूप से अन्य देशों के इसी तरह के प्रयासों का समर्थन करेंगे। विदेश मंत्री ने सफल मेजबानी के लिए कजाखस्तान की तारीफ की।

**बीजिंग से संचालित होता है एससीओ :** एससीओ का कामकाज बीजिंग से संचालित होता है। इसके नौ सदस्य देशों में भारत, ईरान, कजाखस्तान, चीन, किर्गिज, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान हैं। यह एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह बनकर उभरा है। बेलारूस इसमें 10वें सदस्य के रूप में शामिल हुआ है।



सम्मेलन में बात रखते जयशंकर।



चीन व रूस के राष्ट्रपति समेत उपस्थित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष। • एजेंसी

### जलवायु परिवर्तन चिंतनीय, भारत उठा रहा कदम

**अस्ताना।** जयशंकर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के सामने एक प्रमुख चिंता का विषय है और भारत उत्सर्जन में संकल्पित कमी लाने तथा जलवायु के अनुरूप लचीला बुनियादी ढांचा निर्माण करने की दिशा में काम कर रहा है। जिसमें वैकल्पिक ईंधन की ओर बदलाव, इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना और जलवायु के अनुरूप लचीला बुनियादी ढांचा निर्माण शामिल है। भारत की एससीओ अध्यक्षता के दौरान परिवहन क्षेत्र में कार्बन से मुक्ति पर एक संकल्पना पत्र को मंजूरी दी गई थी। सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा था कि भारत पहले ही 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लक्ष्य की घोषणा कर चुका है।

### 2025 में सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा चीन

**अस्ताना।** एससीओ की अगली बैठक 2025 में चीन में होगी और चीन एससीओ की अध्यक्षता भी करेगा। एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के अस्ताना घोषणापत्र में कहा गया आगामी समय के लिए एससीओ की अध्यक्षता चीन को सौंपी जा रही है।

### एससीओ की सुरक्षा बनाए रखना मुख्य कार्य : पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता बनी हुई है और इस कार्य को पूरा करने के लिए एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना में बदलाव लाया जाएगा। पुतिन ने बैठक में कहा, बेशक, बाहरी सीमाओं के दायरे के साथ राज्य प्रतिभागियों की सुरक्षा का रखरखाव एससीओ की प्राथमिकताओं में से एक रहा है और रहेगा। एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी संरचना को एक सार्वभौमिक केंद्र में बदलने पर आज लिए गए निर्णय सुरक्षा खतरों की पूरी श्रृंखला को जवाब देने में सक्षम है।

# ऋषि सुनक का चुनावी भविष्य मतपेटी में कैद


**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन में गुरुवार को आम चुनाव के लिए वोट डाले गए, जिसमें प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और लेबर पार्टी से उनके प्रतिद्वंद्वी कीर स्टार्मर सहित लाखों लोगों ने मतदान किया। सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति उत्तरी इंग्लैंड के यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन के अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्थानीय मतदान केंद्र पर पहुंचे।

थोड़ी देर बाद स्टार्मर और उनकी पत्नी विक्टोरिया लाल रंग की पोशाक पहने उत्तरी लंदन के कैमडेन में अपने मतदान केंद्र पर पहुंचे। इस चुनाव में प्रधानमंत्री एवं कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक (44) के राजनीतिक भविष्य का फैसला होगा। सुनक का मुख्य मुकाबला लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर से है। सुनक ने मतदाताओं से कर बढ़ाने वाली लेबर पार्टी को बहुमत नहीं देने का आग्रह किया है। इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में 650 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार खड़े किए गए हैं।

दो मुख्य दलों के अलावा, लिबरल डेमोक्रेट्स, ग्रीन पार्टी, स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी), एसडीएलपी, डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी (डीयूपी), सिन फिएन, प्लेड सायमरू, रिफॉर्म पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। कई निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं।

### ब्रिटेन में डाले गए वोट



पत्नी के साथ वोट डालने जाते सुनक।

- **इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में 650 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार खड़े**

### 40,000 मतदान केंद्र, चार करोड़ 60 लाख मतदाता

देश भर में बनाए गए करीब 40,000 मतदान केंद्र स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे खुल गए जिनमें लगभग चार करोड़ 60 लाख मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार का चुनाव कर सकेंगे। इस बार मतदान केंद्र पर पहचान पत्र साथ ले जाना अनिवार्य है। मतदान स्थानीय समयानुसार रात दस बजे समाप्त होंगे जिसके पश्चात चुनाव बाद के सर्वेक्षण आने प्रारंभ हो जाएंगे जिनसे इस बात की झलक मिलेगी कि देश में राजनीतिक परिदृश्य कैसा रहने वाला है। सुनक ने बुधवार को लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा यही बात हमें एकजुट करती है।

## फ्रांस की सरकारी प्रवक्ता पर चुनाव प्रचार के दौरान हमला

**पेरिस।** संसदीय चुनाव से कुछ ही दिन पहले, फ्रांसीसी सरकार की प्रवक्ता प्रिस्का थेवेनोट पर चुनाव प्रचार के दौरान हमला होने की खबर है। प्रधानमंत्री गेब्रियल अट्टल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मैक्रों के नेतृत्व वाले मध्यमार्गी गठबंधन एनसेंबल की उम्मीदवार थेवेनोट, उनकी सहायक और एक पार्टी कार्यकर्ता 7 जुलाई को होने वाले चुनाव से पहले बुधवार रात पेरिस के पास चुनावी पोस्टर लगा रहे थे, तभी एक समूह ने उन पर हमला कर दिया। मीडिया की खबरों में बताया गया कि थेवेनोट घायल नहीं हुई हैं और वह अपना प्रचार जारी रखेंगी।

# कमांडर की हत्या पर हिज्बुल्ला ने इजराइल पर दागे 200 रॉकेट

**बेरूत, एजेंसी**

वरिष्ठ कमांडर की हत्या के प्रतिशोध में चरमपंथी संगठन हिज्बुल्ला ने इजराइल के कई सैन्य ठिकानों पर 200 से अधिक रॉकेट दागे हैं। यह हमला ईरान समर्थित आतंकवादी समूह द्वारा किया गया सबसे बड़ा हमला था। हाल के हफ्तों में इस इलाके में तनाव बढ़ गया था।

इजराइली सेना ने कहा कि लेबनान से कई प्रक्षेपास्त्र उसके क्षेत्र में दागे गये थे, जिनमें से कई को बीच में ही नष्ट कर दिया गया। हताहतों की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। इजराइल ने बुधवार को स्वीकार किया कि उसने एक दिन पहले दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के तीन क्षेत्रीय डिवीजनों में से एक का नेतृत्व करने वाले मोहम्मद नामेह नासिर को मार गिराया था। इसके कुछ घंटों बाद, हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल और कब्जे वाले सीरियाई गोलन पहाड़ियों पर भारी आयुधों के साथ दर्जनों कत्युशा और फलक रॉकेट दागे।



## द.अफ्रीका में 34 हजार साल पुराने दीमक के टीले मिले

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका में वैज्ञानिकों को यह जानकर हैरानी हुई कि देश के शुष्क क्षेत्र में मौजूद दीमक के टीले 30,000 से अधिक वर्ष पुराने हैं जिसका मतलब है कि वे दीमक के अब तक के ज्ञात सबसे पुराने सक्रिय टीले हैं।

स्टेलेनबॉश विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि रेडियोकार्बन डेटिंग में नामाक्वालैंड में बफेल्स नदी के पास के कुछ टीले मिले हैं। विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग में वरिष्ठ व्याख्याता मिशेल फ्रांसिस ने कहा हम जानते थे कि ये पुराने हैं लेकिन यह पता नहीं था कि इतने पुराने हैं। उनका शोधपत्र मई में प्रकाशित हुआ।

# गाजा के सुरक्षित क्षेत्र में भी जीवन पर खतरा

**खान यूनिस (गाजा पट्टी)।** गाजा में इजराइल द्वारा घोषित किए गए सुरक्षित क्षेत्र में भी लोगों का जीवन खतरे में है जहां भोजन की किल्लत है और लोग इजराइली हमलों के डर में जी रहे हैं। बुधवार को खान यूनिस के एक प्रमुख अस्पताल के पास एक रिहायशी इमारत पर इजराइल की ओर से किया गया हमला इसका ताजा उदाहरण है।

गाजा के खान यूनिस शहर के पश्चिमी हिस्से में स्थित नासेर अस्पताल के पास किए गए हवाई हमले में सात लोग घायल हो गए। इजरायल की सेना द्वारा उपलब्ध कराए गए मानचित्र के अनुसार यह शहर सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है और फिलिस्तीनियों को इस क्षेत्र में शरण लेने को कहा गया है। संरा के अनुमान के अनुसार इस सप्ताह की शुरुआत में इजराइल की ओर से दिए गए निकासी आदेश का असर लगभग ढाई लाख फिलिस्तीनियों पर पड़ा है। नासेर अस्पताल के पास हुए हमले हवाई हमले के बाद के दृश्य का वीडियो एक संवाददाता द्वारा बनाया गया, जिसमें चारों तरफ धूल उड़ती दिख रही है और लोग भाग रहे हैं। साथ ही दो युवक एक व्यक्ति को ले जा रहे हैं जो संभवता हमले में घायल हुआ है। खान यूनिस के पूर्वी हिस्से से विस्थापित हुए परिवारों को सिर छिपाने के लिए जगह ढूंढ़ने के वास्ते एक और जंग लड़नी पड़ रही है।

### युद्ध विराम को लेकर कतर, मिस्र के मध्यस्थों के साथ परामर्श

**गाजा।** फिलीस्तीन स्थित इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने गाजा पट्टी में इजरायली युद्ध को समाप्त करने के लिए कतर और मिस्र के मध्यस्थों के साथ परामर्श किया है। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने बुधवार को कहा हमने अपने फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ आक्रामकता को रोकने के लिए मध्यस्थ भाइयों के साथ कुछ विचारों का आदान-प्रदान किया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि इजरायल को मध्यस्थों से हमास का जवाब मिला है। उन्होंने पुष्टि की कि इजरायल हमास की प्रतिक्रिया पर विचार करेगा और उस पर प्रतिक्रिया देगा।

- **भोजन की किल्लत व इजराइली हमले का डर भी सता रहा**

## बॉलीवुड हलचल

### सचिन-जिगर ने सिडनी में कॉन्सर्ट में मचायी धूम

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने सिडनी में कॉन्सर्ट में धूम मचा दी। देश में सबसे ज़्यादा पसंद किए जाने वाले और प्रतिभाशाली संगीत जोड़ियों में से एक के रूप में मशहूर सचिन-जिगर के दुनिया भर में बहुत ज्यादा फैंस हैं। भेड़िया के अपना बना ले, जरा हटके जरा बचके के फिर और क्या चाहिए और तेरे वास्ते जैसे चार्ट-टॉपिंग हिट गानों के लिए मशहूर इस जोड़ी ने हाल ही में हॉरर कॉमेडी फ़िल्म 'मुंज्या' के अपने नए एल्बम से लोगों का दिल जीत लिया। इस जोड़ी ने सिडनी में एक दमदार परफॉर्मेंस के साथ अपने पहले बहुप्रतीक्षित ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत करके अपने हिट ट्रैक पर अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### अनुष्का शर्मा ने ननद की पोस्ट पर दिया प्यार भरा रिएक्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अनुष्का शर्मा ने अपनी ननद के पोस्ट पर कॉमेंट किया है जो उन्होंने अपने भाई यानी विराट कोहली के लिए उनकी जीत को सेलिब्रेट करने के लिए किया है। दरअसल विराट कोहली गुरुवार सुबह बारबाडोस से घर वापस लौटे हैं और दिल्ली में आईटीसी मौर्य होटल में ठहरे हैं। उनसे मिलने के लिए कोहली की बड़ी बहन भावना कोहली ढींगरा अपने हसबैंड और बच्चों के साथ होटल पहुंचीं और इस मुलाकात की कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट कीं। भावना ने इस मौके की कई तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें क्रिकेटर अपने परिवार और भतीजे-भतीजी के साथ पोज देते दिख रहे हैं।



### वाणी कपूर के साथ काम करेंगे फवाद खान!

**मुंबई।** पाकिस्तानी फिल्मों के जानेमाने अभिनेता फवाद खान, बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। फवाद ने ए दिल है मुश्किल, खूबसूरत और कंपूर एंड संस जैसी बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। बहुत जल्द वाणी कपूर के अपोजिट एक फिल्म में नजर आ सकते हैं। फवाद और वाणी कपूर इंटरनेशनल फिल्म प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे। फिल्म की कहानी दो ऐसे लोगों के बारे में है जिनका ब्रेकअप हो गया है।

## भारतीय नौसेना प्रमुख ने बांग्लादेशी समकक्ष से की मुलाकात

**ढाका।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने बांग्लादेश के नवनियुक्त सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान से मुलाकात कर मजबूत द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की और दोनों सशस्त्र बलों के बीच सहयोग के नए अवसरों के बारे में विचार-विमर्श किया। एडमिरल त्रिपाठी द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने व समुद्री क्षेत्र में सहयोग के नए अवसरों की तलाश करने के लिए 30 जून को बांग्लादेश की पांच दिवसीय यात्रा पर गए थे। भारतीय नौसेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत और बांग्लादेश के बीच नौसेना सहयोग पारंपरिक रूप से मजबूत रहा है, जिसमें बंदरगाहों पर यात्रा और द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास के माध्यम से परिचालन संबंधी बातचीत के साथ-साथ क्षमता निर्माण, क्षमता वृद्धि और प्रशिक्षण पहल शामिल हैं।

**तनाव** एक संसद सदस्य ने युद्ध को लेकर फैसले से असहमति जताते हुए सरकार से बाहर होने की घोषणा की

# ऑस्ट्रेलिया की संसद में घुसे फिलिस्तीन समर्थक

**मेलबर्न, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया की संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देते हुए फिलिस्तीन समर्थक कुछ प्रदर्शनकारी गुरुवार को भीतर दाखिल हो गए और भवन की छत से बैनर लहराए। इस बीच, संसद के एक सदस्य ने गाजा युद्ध को लेकर फैसले से असहमति जताते हुए सरकार से बाहर होने की घोषणा की।

पांच सप्ताह के अवकाश के बाद संसद की कार्यवाही के अंतिम दिन हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। ग्रेट वेरंडा के नाम से विख्यात इमारत के अग्रभाग पर चार प्रदर्शनकारियों ने एक घंटे से अधिक समय तक युद्ध अपराध और नरसंहार शब्दों के साथ-साथ फिलिस्तीनी रैली के प्रमुख नारे नदी से समुद्र तक, फिलिस्तीन स्वतंत्र होगा नारे वाले बैनर लहराए। चारों प्रदर्शनकारियों को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

अफगानिस्तान में जन्मीं सीनेटर फातिमा पायमन ने घोषणा की कि गाजा पर पार्टी के रुख को अस्वीकार करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ लेबर पार्टी छोड़ दी है। फातिमा पायमन एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई सांसद हैं, जिन्होंने सदन की बैठकों के दौरान हिजाब पहना। फातिमा ने संवाददाताओं से कहा मेरा परिवार युद्धग्रस्त देश से भागकर शरणार्थी के रूप में इसलिए यहां नहीं आया है कि मैं निर्दोष लोगों पर हो रहे अत्याचारों को देखकर चुप रहूं। उन्होंने कहा हमारे समय के सबसे बड़े अन्याय के प्रति हमारी सरकार की उदासीनता को देखकर मैं पार्टी के रुख पर सवाल उठाने को मजबूर हूं।

पहली बार सीनेटर बनीं फातिमा ने पिछले सप्ताह एक छोटे दल के प्रस्ताव का समर्थन करके अपने सरकारी सहयोगियों की अवहेलना की थी, जिसमें संसद से फिलिस्तीन को मान्यता देने की मांग की गई थी।




संसद की दीवार पर बैनर टांगते प्रदर्शनकारी।

### ऑस्ट्रेलिया ने देश के रूप में नहीं दी है मान्यता

ऑस्ट्रेलिया फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता नहीं देता है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वि-राष्ट्र समाधान को लेकर प्रतिबद्ध है जिसमें इजराइल और भविष्य का फिलिस्तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर शांति और सुरक्षा के साथ सह-अस्तित्व में रह सकें। पुलिस ने कहा कि चारों प्रदर्शनकारियों पर संसद भवन में अवैध रूप से प्रवेश का आरोप लगाया जा सकता है।